सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
26.04.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024
सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net वैशाख, कृष्ण पक्ष, तृतीया, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 282

12 अपूर्वा बिट के गाना मैनू छड़के का ऑडियो रिलीज

## न्यूज डायरी

### छत्तीसगढ़ में पुलिस से मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बौध जिले में गुरुवार सुबह माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ गई, जिस में दो माओवादी मारे गये। यह मुठभेड़ बौध जिले के कंटामल पुलिस स्टेशन की सीमा के तहत आने वाले पारहेल रिजर्व जंगल में हुई। पुलिस ने घटनास्थल से माओवादियों के शवों के साथ-साथ हथियार और ग्रेनेड भी बरामद किये। मारे गए माओवादियों की पहचान सुनील और संतू के रूप में हुई है। फिलहाल घटना में सुरक्षाकर्मियों के घायल होने की कोई सूचना नहीं है।

### बाल-बाल बचे झारखंड पुलिस के एडीजी

**धनबाद।** एडीजी ऑपरेशन संजय आनंद लाटकर एक हादसे में बालबाल बच गये। बरवाअड्डा स्थित पुलिस ऑफिस में एसएसपी और अन्य पुलिस अधिकारियों से बातचीत के बाद वह बाहर ही निकले थे कि उनके वाहन में बैठने के दौरान एक बड़ा हादसा टल गया। जैसे ही वह अपने वाहन में बैठने लगे, वाहन रफ्तार के साथ थोड़ी आगे बढ़ गयी। गनीमत रही कि एडीजी संभल गये नहीं तो किसी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता था। आशंका है कि ड्राइवर ने कार स्टार्ट कर रखी थी, एडीजी के बैठने के दौरान ड्राइवर का पैर ब्रेक की बजाए एक्सीलेटर पर पड़ गया, जिस कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई।

### मोदी आज मुंगेर में भरेंगे हुंकार

**पटना।** पीएम मोदी शुक्रवार को मुंगेर के सफियासराय हवाई अड्डा मैदान में चुनावी सभा के मंच से हुंकार भरेंगे। उनके साथ सीएम नीतीश कुमार, उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा एवं राजग उम्मीदवार राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह मंच साझा करेंगे। चार-पांच दिनों से एसपीजी के अधिकारी और जिला प्रशासन की देखरेख में सभास्थल पर सतर्कता बरती जा रही है।

### चतरा से कांग्रेस के त्रिपाठी 30 को भरेंगे पर्चा

**पलामू।** चतरा से कांग्रेस उम्मीदवार के.एन त्रिपाठी का नामांकन 30 अप्रैल को होगा। इसमें लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिले के तरहसी प्रखंड मुख्यालय में के एन त्रिपाठी ने गुरुवार को बैठक की। संचालन पूर्व प्रमुख अमुक प्रियदर्शी ने किया। अध्यक्षता खुर्शीद आलम ने की। अमुक प्रियदर्शी ने कहा कि पार्टी हर एक स्तर पर मजबूत है और अब हमें गांव की ओर चलने की जरूरत है।

### शाह मामले में राहुल को बड़ी राहत

**रांची।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी को चाईबासा के एमपी-एमएलए कोर्ट में उनके खिलाफ चल रहे मानहानि केस में बड़ी राहत मिली है। झारखंड हाईकोर्ट ने एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रही कार्यवाही पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने केस के शिकायतकर्ता को नोटिस जारी करते हुए दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 67900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 85000 रु./प्रति किलो |




## लोहरदगा से सुखदेव भगत के नामांकन सभा में भाजपा पर बरसे सीएम, कहा

# केंद्र ने देश में अराजकता का माहौल बना दिया

- डबल इंजन सरकार ने झारखंड की शिक्षा-व्यवस्था बिगाड़ दी है
- स्कूल बंद कर आदिवासियों को किया शिक्षा से किया दूर

खबर मन्त्र टीम

**रांची।** सीएमन चंपई सोरेन ने लोहरदगा से कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत के नामांकन सभा में भाजपा पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने देश भर में अराजकता का माहौल खड़ा कर दिया है। 2014 में जब से भाजपा सत्ता में आयी तब से लेकर आज तक प्रधानमंत्री ने सिर्फ जुम्मलेबाजी की है। 2014 तक देश में रसोई गैस सिलेंडर चार सौ रूपया में मिलता था और पेट्रोल व डीजल के दाम भी बहुत कम थे। महंगाई अपने चरम पर है। श्री सोरेन शुक्रवार को कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत के नामांकन के बाद नगर भवन परिसर में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। सभा में सुखदेव भगत ने कहा कि अभी विवेक से काम लेने का समय है। चमरा लिंडा ने बिना सोचे-समझे पर्चा भर दिया है। उनसे गलती हुई है।

#### भाजपा की हर गारंटी फेल

सीएम ने कहा कि भाजपा ने दो करोड रोजगार देने की गारंटी दी थी वह फेल हो गयी। अच्छा दिन लाने की बात कहकर सत्तासीन हुई भाजपा ने देश में महंगाई ला दी। अपने दस वर्षों के शासन काल में पीएम मोदी ने एक परिवार को केवल गाली देने का काम किया और रोजगार, शिक्षा पर कोई बात नहीं की। 2022 तक भाजपा ने हर गरीब को पक्का मकान देने की बात कही थी लेकिन झारखंड के आठ लाख गरीबों को मकान नहीं मिला। झारखंड ने पैसे की मांग की पर केंद्र ने नहीं दिया। बाद में राज्य सरकार अपने बूते 20 लाख लोगों को सरकार अबुवा आवास दे रही है। श्री सोरेन ने कहा कि भाजपा आदिवासियों का इतिहास व भूगोल बदलना चाहती है। वे आदिवासी मूलवासी को केवल ठगने का काम किये हैं। सीएनटी एसपीटी एक्ट को भाजपा बदलना चाहती है। राज्य में डबल इंजन की सरकार में आदिवासी क्षेत्र के पांच हजार प्राईमरी स्कूलों को बंद करा दिया गया। भाजपा चाहती है कि आदिवासी के बच्चे न पढ़े और आदिवासी समाज को शिक्षा से रोकने की साजिश रची गयी।

(शेष 11 पर)




### सभी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करें: गुलाम मोहम्मद मीर

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम मोहम्मद मीर ने महागठबंधन के सभी विधायकों से पार्टी प्रत्याशी सुखदेव भगत की जीत सुनिश्चित करने के लिए अपने विधान सभा क्षेत्र में कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि अभी का रिजल्ट आने वाला भविष्य तय करेगा। उन्होंने सभा के दौरान विधान सभा वार कार्यकर्ताओं की उपस्थित जानने के बाद उन्होंने कही। गरीब महिलाओं को एक लाख रूपया देगी। युवाओं को भी रोजगार के लिए एक लाख दिया जायेगा।

#### भाजपा सिर्फ लड़ाने का काम करती है : सुखदेव भगत

कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत ने कहा कि भाजपा केवल देश में पाकिस्तान, मुस्लमान व श्मशान की बात कर लोगों को आपस में लड़ाने का काम करती है। महंगाई व रोजगार पर कुछ नहीं बोलती है। आदिवासियों को वनवासी कहती है। सरना कोड की बात नहीं करती है। देश में यूसीसी लागू कर भाजपा आदिवासियों की अस्तिमता खत्म करना चाहती है।

#### अंतिम दिन कुल 65 नोमिनेशन

झारखंड में चार सीटों पर चौथे चरण में सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा, पलामू में मतदान होना है। नॉमिनेशन के आखिरी दिन तक 65 नॉमिनेशन फॉर्म दाखिल हुए। इनमें 25 नये प्रत्याशी शामिल हैं। इनमें सिंहभूम से 21, लोहरदगा से 17, खूंटी से 16 और पलामू से 11 प्रत्याशी मैदान में उतरे हैं। उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड नेहा अरोड़ा ने कहा की स्क्रूटनी और नाम वापसी के बाद ही प्रत्याशियों की सही संख्या स्पष्ट होगी। गुरुवार को सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र के 8, खूंटी में 7, लोहरदगा में 7, पलामू में 3 नामांकन पत्र दाखिल किया गया।

## झामुमो ने जमशेदपुर से समीर मोहंती पर जताया भरोसा

- गांडेय से कल्पना सोरेन बनीं उम्मीदवार, 29 को भरेंगी पर्चा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची, जमशेदपुर।** झामुमो ने जमशेदपुर लोकसभा सीट और गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। पार्टी ने जमशेदपुर लोकसभा सीट से समीर मोहंती को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं गांडेय विधानसभा से कल्पना सोरेन उम्मीदवार होंगी। पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय के हस्ताक्षर से पत्र जारी कर गुरुवार को दोनों उम्मीदवारों का नाम घोषित कर दिये। जमशेदपुर सीट के लिए झामुमो ने बहरागोड़ा से पार्टी विधायक समीर मोहंती पर भरोसा जताया है। वहीं सरफराज अहमद के इस्तीफे से खाली हुई गांडेय विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन झामुमो प्रत्याशी होंगी।

#### 29 को कल्पना भरेंगी पर्चा

गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए पार्टी की घोषित प्रत्याशी कल्पना सोरेन 29 को नामांकन दाखिल करेंगी। वहां मतदान 20 मई को होगा। गिरिडीह जिले की गांडेय सीट झामुमो विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद रिक्त हुआ है। यह सीट 31 दिसंबर, 2023 से खाली है। कल्पना सोरेन पहली बार चुनावी राजनीति में गांडेय उपचुनाव के माध्यम से प्रवेश करेंगी।

### टिकट का सपना भी नहीं देखा था : समीर



बहरागोड़ा विधायक समीर महंती ने कहा कि उन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि लोकसभा चुनाव के लिए उन्हें पार्टी प्रत्याशी बनायेगी। उनमें इतनी हिम्मत भी नहीं थी कि वे पार्टी से लोकसभा का टिकट मांगें। समीर मोहंती ने कहा कि उन्होंने राजनीति का काफी कुछ विद्युतवरण महतो से सीखा है। चुनाव जंग का मैदान है और वे पूरी ताकत से लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन, पूर्व सीएम हेमंत सोरेन का अपार समर्थन मिला, जिसके कारण उन्हें यह टिकट हासिल हुआ। इससे पूर्व जमशेदपुर सीट से झामुमो के उम्मीदवार के रूप में सुप्रियो भट्टचार्या, समीर मोहंती, आस्तिक महतो, कुणाल सारंगी, सुनील महतो, स्नेहा महतो सहित कई नामों पर कयास लगाये जा रहे थे।

#### झामुमो के सभी प्रत्याशी घोषित

समीर मोहंती के नाम की घोषणा के साथ ही झामुमो ने सभी पांच लोकसभा सीट के उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर दी है। राजमहल से विजय हांसदा, दुमका से नलिन सोरेन, गिरिडीह से मथुरा महतो, सिंहभूम से जोबा मांझी और जमशेदपुर से समीर मोहंती झामुमो के उम्मीदवार हैं। राज्य में इंडिया ब्लॉक ने सभी 14 लोकसभा सीट और गांडेय विधानसभा सीट पर उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी है।

#### 30 को परचा पर्चा भरेंगे विद्युत

जमशेदपुर के लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी सह वर्तमान सांसद विद्युत वरण महतो 30 अप्रैल को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन के पहले सुबह 11 बजे से साकची बोधी मंदिर में भाजपा की आमसभा होगी, जिसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा समेत कई दिग्गज शामिल होंगे।

## पटना स्टेशन के पास होटल में भीषण आग, छह की मौत

एजेंसी

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र में पटना जंक्शन के पास एक होटल पाल में गुरुवार सुबह अचानक आग लगने से छह लोगों की मौत हो गयी। 20 से अधिक लोग झुलसकर घायल हो गये। 45 लोगों को रेसक्यू किया गया है। नगर पुलिस अधीक्षक (मध्य) चंद्र प्रकाश ने छह लोगों की मौत होने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मृतकों में तीन पुरुष और तीन महिला हैं, जिनकी तत्काल पहचान नहीं हो सकी है। मृतकों में कैमूर के रहने वाले दिनेश सिंह भी हैं। वो पाल होटल के कर्मचारी थे। होटल की एक महिलाकर्मी भी है। फायर ब्रिगेड की 51 गाड़ियों ने करीब दो घंटे की कड़ी मश्कत के बाद काबू पा लिया गया। मामले की जांच के लिए फॉरेंसिक टीम पहुंच गयी है। आग लगने के कारण का पता लगाया जा रहा है। दो हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म की मदद से चार मंजिल की इस होटल में फंसे लोगों को निकाला गया। पटना जंक्शन से केवल 50 मीटर की दूरी पर स्थित पाल होटल में सुबह अचानक आग लगी। इस आग ने आपसाप के तीन होटलों को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने की घटना के बाद होटल में ठहरे लोगों में अफरातफरी मच गयी। लोग छतों से कूदने लगे। इसमें भी कई घायल हो गये। 20 लोगों को अस्पताल में पहुंचाया गया। इस घटना में 45 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। एननडीआरएफ बिहटा से से 50 जवान और अधिकारी भी राहत और बचाव कार्य में जुटे रहे। एक चश्मदीद ने बताया कि आग ने मिनटों में विकराल रुप ले लिया। घटना के वक्त कई लोग होटल के ऊपर से कूदकर खुद को बचा रहे थे। पुलिस के अनुसार, सभी छह मृतकों के डेड बॉडी पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेज दिया गया है।

#### पीएमसीएच में अफरा-तफरी का माहौल

सिटी एसपी सेंट्रल सत्यप्रकाश ने बताया कि घायलों में कई की हालत गंभीर है। 45 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। दूसरी तरफ, घायलों के पहुंचने से पीएमसीएच में अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिल रहा है।

### नदी में डूबने से दो बहनों की मौत

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के अर्जुनडीह गांव के नजदीक सुखनदिया (मंदेया) नदी में डूबने से दो सगी बहनों की मौत हो गयी। बताया जाता है कि गुरुवार दोपहर लगभग 12 बजे दोनों बहनें गांव के पास में महुआ चुनने गयी थीं। लड़कियों की पहचान अर्जुनडीह निवासी राशीद अंसारी की पुत्री 10 वर्षीय आपदा खातून एवं 8 वर्षीय आजरा खातून के रूप में हुई है। आपदा एवं आजरा के साथ गांव की तीन बच्ची भी साथ में महुआ चुनने गयी थीं। इसी क्रम में पांचों बच्चियां सुखनदिया (मंदेया) नदी में उतरकर नहाने चली गयीं। आपदा नहाते के दौरान आगे बढ़ गई और बीच में बने 10 फीट गहरे गड्ढे में समा गयी। गांव के लोग बच्चियों के साथ नदी के पास में गए और नदी में खोजने के लिए उतरे। काफी मशक्कत के बाद दोनों बच्चियों के शव बाहर निकाले गये।

### अंतिम दिन खूंटी सीट से सात नामांकन

**खूंटी।** अनुसूचित जनजातियों के लिए सुरक्षित 11 खूंटी संसदीय सीट के लिए नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन गुरुवार को सात उम्मीदवारों ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोकेश मिश्रा के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जिन उम्मीदवारों ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किया, उनमें भागीदारी पार्टी के जयपाल मुंडा, निर्दलीय उम्मीदवार सुबोध पूर्ति, एपीआई के सामुएल पूर्ति, झारखंड पार्टी के प्यारा मुंडू, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के थॉमस डांग, बहुजन समाज पार्टी की सावित्री देवी तथा अंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया के सामड़ोम गुड़िया शामिल हैं।

## बर्ड फ्लू: हालात का जायजा लेने पहुंची टीम

# 1800 मुर्गियां और 1697 अंडे डिस्पोज

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की उच्च स्तरीय टीम भी गुरुवार को हालात का जायजा लेने दिल्ली से रांची पहुंची। टीम में विशेषज्ञ डॉक्टर्स और महामारी रोग विशेषज्ञ शामिल हैं। प्रभावित इलाके में सेनेटाइजेशन कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद उस क्षेत्र के एक किलोमीटर के दायरे में मुर्गा-मुर्गी और उसके उत्पाद की खरीद-बिक्री पर रोक लगा दी गयी है। होटवार में लगभग 1800 मुर्गी और 400 बतख थे, जिसे सुरक्षित तरीके से डिस्पोज कर दिया गया। पशु स्वास्थ्य संस्थान कांके के निदेशक सनथ पंडित ने बताया कि जिला पशुपालन अधिकारी की अगुवाई में टीम गठित कर नष्ट (कलिंग) करने का निर्देश दे दिया गया था। उन्होंने कहा कि संक्रमित पक्षियों के सुरक्षित निपटान की प्रक्रिया जारी है। वहीं पशुपालन निदेशालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की है। उसमें कहा गया है कि पोल्ट्री एर्या के होटवा में एपिक सेंटर के एक किमी के अंदर सभी पक्षियों और अंडों को डिस्पोज करने, संक्रमित क्षेत्र की सफाई और डिस्इंफेक्शन एक्शन प्लान के तहत आरआरटी टीम का गठन किया गया है। क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार में गुरुवार को भी संक्रमण रोकने के लिए चले अभियान में 1012 किलोग्राम कंटिमिनेटेड पॉल्ट्री फीड को नष्ट किया गया। वहीं, आसपास के क्षेत्रों में चूना और सोडियम हाइपो क्लोराइड का छिड़काव किया गया। पूरे फार्म को सैनिटाइज किया जा रहा है। अगले तीन महीनों तक कोई पक्षी नहीं लायेंगे। नये सैंपल एकत्र कर जांच के लिए कोलकाता भेजा गया है।

### खतरा काफी कम



रांची के सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने बताया कि बर्ड फ्लू से इंसानों के संक्रमित होने का खतरा बेहद कम रहता है। बावजूद इसके रांची स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरी तरह चौकस है। उन्होंने कहा कि अच्छी तरह पका कर चिकन खाने से बीमारी फैलने का कोई खतरा नहीं रहता है। पर संक्रमित बर्ड को तौलने और उसे बनाने के क्रम में संक्रमण का खतरा जरूर रहता है। खासकर बच्चों को संक्रमण की चपेट में आने से बचाना होगा। रिम्स के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ मनोज कुमार ने बताया कि यह वायरस वैसे तो पक्षियों को अपना शिकार बनाता है, लेकिन इंसान भी संक्रमित हो सकते हैं। इसका संक्रमण ज्यादातर मुर्गी, सूअर और प्रवासी जलीय पक्षियों से फैलता है। संक्रमित पक्षियों के संपर्क में आने से यह इंसान में फैलता है।

# कांग्रेस को जनता की संपत्ति हड़पने नहीं देंगे

## आपको लूटने की साजिश के सामने मोदी दीवार बनकर खड़ा है

एजेंसी

**आगरा।** पीएम मोदी पूरी तरह से चुनावी मोड में हैं। गुरुवार को उन्होंने मध्य प्रदेश के मुरैना और उत्तर प्रदेश में आगरा, बरेली व शाहजहांपुर में ताबड़तोड़ रैली की। बरेली में पीएम मोदी ने कांग्रेस और इंडिया समूह पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कांग्रेसी देश की जनता की संपत्ति हड़पने की साजिश रच रहे हैं। उनकी योजना है कि विरासत टैक्स लगाकर जनता की आधी संपत्ति पर कब्जा कर लिया जाये। ऐसा कोई भी पाप करने से पहले उनको मोदी से निपटना पड़ेगा। पीएम ने कहा कि वह लोगों और उन्हें लूटने की कांग्रेस की योजनाओं के बीच दीवार बनकर खड़े हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर कांग्रेस सत्ता में आयी तो विरासत कर के जरिये लोगों की उनके पूर्वजों द्वारा छोड़ी गयी आधी से ज्यादा संपत्ति छीन लेगी।

### भ्रष्टाचारी नहीं बचेगा, लूट का पैसा दिलायेंगे



पीएम ने कहा ओबीसी, एससी के हक पर डाका डालने और मां-बहनों के मंगलसूत्र पर नजर डालने से पहले इंडी गठबंधन वालों यह कान खोलकर सुन लो। जब तक मोदी जिंदा है। ऐसा कोई भी पाप नहीं होने देगा। हमारा संकल्प है, जो भ्रष्टाचारी हैं, उनकी जांच होगी। जिन्होंने गरीबों को लूटा है। वह लूट का पैसा गरीबों को वापस मिलेगा। उन्होंने कहा, संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता है। कांग्रेस ने पिछले दरवाजे से खेल खेलना शुरू कर दिया है। कांग्रेस में ठान लिया है कि धर्म के आधार पर आरक्षण लाकर रहेगी। इसलिए उसने तरीका निकाला है। 27 प्रतिशत ओबीसी का कोटा है, मैं भी उसी समाज से आता हूं। कांग्रेस ने तय किया है कि उसमें से कुछ चोरी कर लिया जाये। चुपचाप छीन लिया जाये। धर्म के आधार पर आरक्षण दे दिया जाये। क्या आपको यह मंजूर है।

**राहुल पर भी प्रहार :** पीएम ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की टिप्पणी, जो लोग खुद को देशभक्त कहते हैं, वे जाति जनगणना के एक्स-रे से डरते हैं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस लोगों की संपत्तियों और कीमती सामानों का एक्स-रे कराकर उनके आभूषण और छोटी बचत को जब्त करना चाहती है। शहजादा (राहुल गांधी की ओर इशारा करते हुए) के एक सलाहकार ने अब विरासत कर लगाने का सुझाव दिया है। इसे मोदी कभी सफल नहीं होने देगा।

### कांग्रेस ने कई पाप किये

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने जो पाप किये हैं, उनके बारे में कान खोलकर सुनिये। मैं एक दिलचस्प तथ्य सामने रखना चाहता हूं। जब बहन इंदिरा गांधी का निधन हुआ तो एक कानून था जिसके तहत संपत्ति का आधा हिस्सा सरकार को मिलता था। उस समय ऐसी चर्चा थीं कि इंदिराजी ने अपनी संपत्ति अपने बेटे राजीव गांधी के नाम करने की वसीयत की है। मोदी ने कहा, सरकार के पास जाने वाले पैसे को बचाने के लिए तत्कालीन पीएम राजीव गांधी ने विरासत कर को खत्म कर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब इस कर को और अधिक मजबूती से लागू करना चाहती है, क्योंकि उसकी चार पीढ़ियों ने उन्हें दी गयी संपत्ति का लाभ उठाया है।

## रायबरेली में प्रियंका, अमेठी से राहुल लड़ सकते हैं चुनाव

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अभी तक कांग्रेस की ओर से अमेठी और रायबरेली से प्रत्याशी का ऐलान नहीं किया गया है पर सूत्रों का दावा है कि राहुल गांधी अमेठी से और प्रियंका रायबरेली से चुनाव लड़ेंगे। राहुल गांधी एवं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा अयोध्या के राम मंदिर में रामलला के दर्शन करने के बाद नामांकन पत्र भरेंगे। सूत्रों ने दावा किया है कि 26 अप्रैल को केरल स्थित वायनाड लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान संपन्न होने के बाद गांधी परिवार अमेठी लोकसभा सीट और रायबरेली लोकसभा क्षेत्र का रुख करेगा। एक अंग्रेजी अंग्रेजी वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार सूत्रों ने दावा किया कि अमेठी में राहुल गांधी और रायबरेली में प्रियंका गांधी वाड्रा प्रत्याशी होंगे। 26 अप्रैल को एक ओर जहां वायनाड का मतदान संपन्न होगा वहीं उसी दिन रायबरेली और अमेठी सीट पर नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो जायेगी।

#### अधिकृत घोषणा 30 के बाद

रिपोर्ट के अनुसार सूत्रों ने यह दावा भी किया कि 30 अप्रैल के पहले इस मामले पर पर कोई औपचारिक ऐलान नहीं होगा। कांग्रेस हाईकमान समेत पार्टी के कई नेता रायबरेली और अमेठी में प्रत्याशी के मुद्दे पर चुप हैं। खुद राहुल गांधी भी अमेठी से चुनाव लड़ने के सवाल पर यह बोल चुके हैं कि यह फैसला पार्टी अध्यक्ष और केंद्रीय चुनाव समिति करेगी। उन्होंने कहा था, मैं कांग्रेस का सिपाही हूं और मुझे जो आदेश मिलेगा, उसका पालन करूंगा।

## राज्य सरकार को जिलों में टास्क फोर्स मजबूत कर कार्रवाई करने का निर्देश

# भू-माफिया, फिरौती मांगने वालों और महिला हिंसा मामले में करें सख्त कार्रवाई : हाई कोर्ट

**राजधानी रांची में वर्ष 2021 से 2023 तक 273 भू-माफियाओं को किया गया चिह्नित**

**राज्य सरकार ने भू-माफियाओं, महिलाओं के खिलाफ हिंसा करनेवालों एवं फिरौती मांगने वालों के खिलाफ अब तक की गयी कार्रवाई के संबंध में शपथ पत्र दाखिल किया**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दुमका में स्पेनिश बोलने वाली ब्राजील निवासी महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म एवं सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्ति जज स्व. एमवाई इकबाल के रांची स्थित जमीन की बाउंड्री वॉल तोड़ कर जमीन पर कब्जा की कोशिश करने के मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई।

मामले में हाइकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि राज्य के जिलों में टास्क फोर्स को मजबूत बना कर भू माफियाओं, फिरौती की मांग करनेवालों और महिला हिंसा करनेवालों पर सख्त कार्रवाई करें। कोर्ट ने अगली सुनवाई में राज्य सरकार को टास्क फोर्स द्वारा जिलों में की गई कार्रवाई के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 7 मई को होगी।

इससे पहले राज्य सरकार की ओर से भू-माफियाओं, महिलाओं के खिलाफ क्राइम करनेवालों एवं फिरौती मांगने वालों के खिलाफ अब तक की गई कार्रवाई के संबंध में शपथ पत्र दाखिल किया गया। जिस पर कोर्ट ने सरकार से पूछा कि जमीन माफियाओं, फिरौती मांगने वालों एवं महिलाओं के खिलाफ क्राइम करनेवाले अपराधियों जिन्हें अदालत से जमानत नहीं मिली है उनकी गिरफ्तारी के लिए क्या कार्रवाई की गई। कोर्ट ने राज्य सरकार को झारखंड में हो रहे साइबर क्राइम पर भी अंकुश लगाने का भी निर्देश दिया। साथ ही यह भी पूछा कि अगर फिरौती को लेकर किसी के पास विदेश या देश के अन्य राज्यों से कोई फोन कॉल आता है तो उसे ट्रेस करने के लिए क्या तरीका इस्तेमाल किया जाता है। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद एवं अधिवक्ता सहबाज अख्तर ने पैरवी की। पिछली सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राजधानी रांची में वर्ष 2021 से 2023 तक के बीच 273 भू माफियाओं को चिन्हित किया गया है। इनमें से 214 भू माफियाओं के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल कर दिया गया है। 50 भू माफियाओं को पुलिस ने 41-ए का नोटिस जारी किया है।

## श्रम विभाग को प्रवासी मजदूरों का डेटा उपलब्ध कराने का निर्देश

# मतदान के लिए 1.70 लाख प्रवासी मजदूरों से संपर्क साधेगा राज्य निर्वाचन कार्यालय

**गृह विभाग सिक्युरिटी एजेंसियों में कार्यरत लोगों से संपर्क कर मतदान के लिए करेगा प्रेरित**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य निर्वाचन कार्यालय झारखंड के प्रवासी मजदूरों से संपर्क कर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करेगा। इसे लेकर राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने गुरुवार को राज्य निर्वाचन कार्यलय में श्रम विभाग के साथ बैठक की और प्रवासी मजदूरों का डेटा आयोग को शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। श्रम विभाग की ओर से बताया गया कि उनके पास 1 लाख 70 हजार प्रवासी मजदूरों का डेटा है। उनके मोबाइल नंबर भी हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि प्रवासी मजदूरों को उनके मोबाइल नंबर पर बल्क मैसेज भेजकर उनसे चुनाव महापर्व में भागीदारी करने और मतदान के लिए प्रेरित किया जाएगा।

दूसरी ओर बैठक में शामिल गृह विभाग के अधिकारियों से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि वे विभिन सुरक्षा एजेंसियों से संपर्क कर उसमें कार्यरत कर्मियों को मतदान के लिए प्रेरित करें। गृह विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उनके पास 416 सिक्युरिटी एजेंसियों का डेटा है। वे इन एजेंसियों को स्पीड पोस्ट से पत्र भेजकर उनके कर्मियों को मतदान के लिए प्रेरित करने को कहेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि सिक्युरिटी एजेंसियों को उनके कर्मियों को सवैतनिक अवकाश देते हुए मतदान में शामिल कराने के लिए प्रेरित करें। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, संयुक्त सचिव गृह मनीषा तिग्गा, संयुक्त श्रम आयुक्त, राकेश प्रसाद आदि थे।

## निशिकांत दुबे की ओर से हाईकोर्ट को दी गयी जानकारी

# गोड्डा में सुगाबथान डैम बनने से बिहार के चानन डैम से पानी की निर्भरता होगी खत्म

**राज्य सरकार को तीन सप्ताह में जवाब दाखिल करने का समय दिया, अगली सुनवाई 19 जून को की गयी निर्धारित**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बिहार के बांका स्थित चानन डैम से सिंचाई के लिए झारखंड के गोड्डा को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने पूरक शपथ पत्र दाखिल कर कोर्ट को बताया कि गोड्डा में सुगाबथान डैम बनने से बिहार के चानन डैम से सिंचाई के लिए पानी की निर्भरता खत्म होगी। वर्ष 1978 में गोड्डा में सुगाबथान डैम बनाने का प्रस्ताव था, इसके लिए उस समय 2 करोड़ रुपए की स्वीकृति भी हुई थी। लेकिन यह डैम अब तक अभी तक पूरा नहीं हुआ है, अगर सुगाबथान डैम बन जाता है तो बिहार के चानन डैम से गोड्डा के किसानों के लिए सिंचाई की पानी की निर्भरता खत्म हो जाएगी। गोड्डा के किसानों को सुगाबथान डैम से सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सकेगा।

कोर्ट ने निशिकांत दुबे के शपथ पत्र पर राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए 3 सप्ताह का समय देते हुए मामले की सुनवाई 19 जून निर्धारित की। पिछले सुनवाई में कोर्ट को प्रार्थी की ओर से बताया गया था कि बिहार के चानन डैम से झारखंड को पानी नहीं मिलने पर वर्ष 1978 में गोड्डा में सुगाबथान डैम बनाने का प्रस्ताव था, इसके लिए जमीन भी उपलब्ध है, इस डैम को बनाने के लिए किसी के विस्थापन की जरूरत नहीं पड़ेगी।

दरअसल, बिहार सरकार ने चानन डैम से झारखंड को पानी देने में असमर्थता जताई थी। वहीं झारखंड सरकार का कहना है कि उसे इस डैम से पानी मिलना चाहिए, ताकि गोड्डा में सिंचाई हो सके। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि चानन डैम में 6 कैनाल सिस्टम है, जिनमें 4 कैनाल सिस्टम झारखंड में आते हैं तथा दो बिहार में आते हैं। यह स्ट्रक्चर डैमेज हो चुका है जिसका रिपेयर करना जरूरी है ताकि गोड्डा जिला में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सके।

# वैसे अभ्यर्थियों को नोटिस करें जिनकी नियुक्ति हो सकती है प्रभावित: हाईकोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जेएसएससी और जेपीएससी परीक्षा में जाति प्रमाण पत्र से संबंधित शर्त और नियमों को चुनौती देने वाली याचिका पर हाईकोर्ट की पूर्ण पीठ ने गुरुवार को वैसे अभ्यर्थियों को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। जिनकी नियुक्ति इस मामले के आदेश से प्रभावित हो सकती है। इसके लिए आम सूचना जारी करने का निर्देश भी अदालत ने दिया है। मामले की अगली सुनवाई 27 जून को होगी। हाईकोर्ट की पूर्ण पीठ जाति प्रमाणपत्र से संबंधित तीन बिंदुओं पर सुनवाई कर रही है।

इस बेंच के पास जो तीन बिंदु सुनवाई के लिए हैं, उनमें क्या जेपीएससी या जेएसएससी की ओर से निर्धारित फॉर्मेट में ही जाति प्रमाण पत्र होना चाहिए। विज्ञापन में दिए गए अंतिम तिथि के बाद जारी जाति प्रमाणपत्र मान्य होगा या नहीं। सुप्रीम कोर्ट के राम कुमार जीजोरिया के मामले में दिया गया आदेश इस तरह के मामले में लागू होगा या नहीं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एस चंद्रशेखर की खंडपीठ ने इस मामले में तीन बिंदु निर्धारित करते हुए इसे वृहद पीठ में सुनवाई के लिए भेजा था। इस संबंध में डॉ. नूतन इंदवार सहित 43 याचिकाएं दाखिल की गई हैं।

झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय, जस्टिस आनंद सेन और जस्टिस राजेश शंकर की फुल बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। जेपीएससी की ओर से वरीय अधिवक्ता सुनील कुमार सिन्हा और जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजोय पिपरवाल, अधिवक्ता प्रिंस कुमार और राकेश रंजन ने पक्ष रखा।

## चतरा से आज नामांकन करेंगे एनडीए प्रत्यशी कालीचरण सिंह

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष होंगे शामिल**



**रांची।** एनडीए के प्रत्याशी कालीचरण सिंह 26 अप्रैल को चतरा से अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी भी शामिल होंगे। पार्टी के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह और महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगे। वहीं बाबूलाल मरांडी और अमर कुमार बाउरी चतरा के बाबा घाट मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद बाबूलाल मरांडी गिरिडीह के गांडेय स्थित लेद हटिया मैदान में भी एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

# लोकसभा चुनाव के 5वें चरण का आज होगा नोटिफिकेशन

**चतरा, कोडरमा और हजारीबाग में होंगे चुनाव**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर चुनाव आयोग ने तारीखों का ऐलान कर दिया है। सात चरण में देशभर में चुनाव होंगे, जबकि झारखंड में अंतिम चार चरणों में वोट डाले जाएंगे। 5वें चरण के लिए शुक्रवार को अधिसूचना जारी होगी। इस चरण के लिए झारखंड की तीन सीटों के लिए नामांकन दाखिल किये जा सकेंगे। इनमें चतरा, कोडरमा और हजारीबाग शामिल हैं। बताते चलें कि पहले चरण की वोटिंग 19 अप्रैल को हो चुकी है। दूसरे चरण की वोटिंग आज होगी। तीसरे चरण की वोटिंग 7 मई, चौथे चरण की वोटिंग 13 मई, पांचवें चरण की वोटिंग 20 मई, छठवें चरण की वोटिंग 25 मई, सातवें चरण की वोटिंग एक जून को होगी। वहीं, मतगणना 4 जून को होगी।

**5वें चरण के लिए तीन मई तक नामांकन**

5वें चरण के लिए तीन मई तक नॉमिनेशन किये जायेंगे। वहीं चार को नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि 6 मई तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। राज्य की तीन लोकसभा सीटों के लिए 20 मई को वोट डाले जायेंगे। वहीं, चार जून को वोटों की गिनती होगी।

झारखंड में चुनाव की महत्वपूर्ण तारीखें

झारखंड में लोकसभा सीटों पर होगा मतदान- 14

10 सीटों के लिए अधिसूचना जारी होने की तारीख- 26, 29 अप्रैल और 7 मई।

10 सीटों के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि- 3, 6 और 14 मई।

मतदान की तिथि- 13, 20, 25 मई और एक जून।

# झारखंड हाई कोर्ट से राहुल गांधी को राहत निचली अदालत की कार्यवाही पर लगी रोक

**अमित शाह पर टिप्पणी मामला**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने चाईबासा सिविल कोर्ट द्वारा उनके खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। साथ ही अदालत ने निचली अदालत में चल रही कार्यवाही पर भी रोक लगा दी है। न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट ने इस केस के सूचक को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। बता दें कि यह मामला भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ बयान देने से जुड़ा है। चाईबासा सिविल कोर्ट ने 27 फरवरी को अवमानना मामले में सुनवाई करते हुए राहुल गांधी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। जिसके खिलाफ राहुल गांधी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दखिल की थी। राहुल गांधी की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता पीयूष चित्रेश और दीपांकर राय ने बहस की।

# कैश कांड में आरोपी अधिवक्ता राजीव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**रांची।** कोलकाता कैश कांड में आरोपित झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में गुरुवार को सुनवाई हुई। अदालत ने सुनवाई के बाद राजीव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। कैश कांड में सीबीआई की दिल्ली शाखा ने तीन फरवरी को कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल और राजीव कुमार के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। राजीव कुमार ने चार अप्रैल को राहत के लिए अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है।

# राजमहल सीट पर गोपीन सोरेन होंगे माकपा प्रत्याशी, 9 मई को नामांकन करेंगे दाखिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोकसभा चुनाव को लेकर माकपा ने अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। यह जानकारी माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि माकपा से राज्य कमिटी ने झारखंड में केवल एक लोकसभा सीट पर अपना प्रत्याशी देने का निर्णय लिया है। इसके तहत राजमहल लोकसभा सीट से गोपीन सोरेन को चुनाव में उतारा जायेगा। प्रकाश विप्लव ने बताया कि राजमहल लोकसभा सीट पर पार्टी के चुनाव अभियान की तैयारी बहुत पहले से ही चल रही है। पार्टी का इस इलाके में अपना जनाधार भी है और पिछले दो वर्षो से यहां के ज्वलंत जनमुद्दों पर पार्टी द्वारा लगातार आंदोलन चलाया जा रहा है। गोपीन 9 मई को चुनाव के लिए नामाकंन करेंगे।

हालांकि यह सीट झारखंड में आइएनडीआइए गठबंधन के एक प्रमुख घटक की पिछले दो बार से जीती हुई सीट है लेकिन यहां से जीते हुए सांसद की निष्क्रियता और इस लोकसभा क्षेत्र के ज्वलंत समस्याओं के प्रति उनकी उदासीनता के चलते मतदाताओं में भारी आक्रोश है। संतालपरगना में कार्पोरेट घरानों द्वारा यहां उपलब्ध खनिज की लूट के लिए आदिवासियों और अन्य गरीबों की जमीन हथियाने के खिलाफ तथा इस क्षेत्र में निजी खनन से उत्पन्न हो रहे बढ़ते प्रदूषण के खिलाफ भी सांसद की रहस्यमय चुप्पी से आम मतदाता काफी नाराज हैं। प्रकाश ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में सीपीआईएम 13 सीटों पर इंडिया गठबंधन के साथ चुनाव लड़ेगा, जबकि एक राजमहल सीट में पार्टी खुद चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्ष समेत अन्य मुद्दों के लिए जरूरी है।

# चौथा चरण : नामांकन के अंतिम दिन खूंटी संसदीय सीट से सात प्रत्याशियों ने भरा पर्चा

**खूंटी सीट के लिए अबतक 16 उम्मीदवारों ने किया नामांकन**

**खूंटी।** अनुसूचित जनजातियों के लिए सुरक्षित खूंटी संसदीय सीट के लिए नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन गुरुवार को सात उम्मीदवारों ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोकेश मिश्रा के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जिन उम्मीदवारों ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किया, उनमें भागीदारी पार्टी के जयपाल मुंडा, निर्दलीय उम्मीदवार सुबोध पूर्ति, एपीआई के सामुएल पूर्ति, झारखंड पार्टी के प्यारा मुंडू, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के थॉमस डांग, बहुजन समाज पार्टी की सावित्री देवी तथा अंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया के सामड़ोम गुड़िया शामिल हैं। इनके अतिरिक्त पूर्व में नामांकन दाखिल करने वाले कांग्रेस के कालीचरण मुंडा, झारखंड पार्टी की अर्पणा हंस तथा निर्दलीय बसंत कुमार लोंगा ने भी आज अन्य सेटों में नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। इस प्रकार खूंटी सुरक्षित सीट से दोनों राष्ट्रीय पार्टी भाजपा के अर्जुन मुंडा, कांग्रेस के कालीचरण मुंडा सहित कुल 16 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन प्रपत्र दाखिल किया गया है। विभिन्न उम्मीदवारों द्वारा दाखिल किए गए नाम निर्देशन पत्र की समीक्षा शुक्रवार को पूर्वाह्न 11 से की जाएगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि 29 अप्रैल अपराह्न तीन बजे तक है।

# राज्य कर्मियों के आवास भत्ता में बढ़ोत्तरी करने को लेकर मांग पत्र सौंपा



**रांची।** झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा के प्रदेश संयोजक विजय बहादुर सिंह, अमीन अहमद एवं प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार दास के द्वारा वित्त विभाग के प्रधान सचिव को गुरुवार को ज्ञापन सौंप कर महंगाई भत्ता 50% की बढ़ोतरी होने के पश्चात नियमानुसार आवास भत्ता में बढ़ोतरी करने की मांग की है। बताया गया कि नियम के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र के लिए 10 प्रतिशत एवं शहरी क्षेत्र के राज्य कर्मियों एवं शिक्षकों के लिए 20 प्रतिशत आवास भत्ता देय है। मोर्चा द्वारा कहा गया कि केंद्र सरकार के द्वारा यह नियम पूर्व से ही निर्गत है। उसको लागू करवाने के लिए कार्यालय में पत्र को हस्तगत कराया गया तथा वित्त विभाग के पदाधिकारी से गहन वार्ता के पश्चात उन्होंने कहा कि पत्र डिलिंग असिस्टेंट के माध्यम से फाइल को बढ़ाकर यथाशीघ्र अग्रेतर एवं समुचित कार्रवाई की जाएगी।

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**

**(निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग)**

**E-MAIL eemchazaribag@gmail.com**

**प्रेस विज्ञप्ति**

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा दिनांक–16.03.2024 के लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की घोशणा के साथ ही तत्काल प्रभाव से आदर्ष आचार संहिता लागू कर दी गई है। आयोग के निदेशानुसार जिला स्तर पर एक **शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष और कॉल सेन्टर** (Complaint Monitoring Control Room and Call Centre) का गठन कर दिया गया है। यह नियंत्रण कक्ष और कॉल सेन्टर जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग मजार के पास 24X7 प्रचालित है। इस नियंत्रण कक्ष–सह–कॉल सेन्टर का टॉल फ्री दूरभाष संख्या–**1800 345 6595** है।

एतद द्वारा आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि निर्वाचन से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी अथवा शिकायत हेतु उपरोक्त टॉल फ्री दूरभाष संख्या पर अपना शिकायत दर्ज रिकार्ड करा सकते है।

नोडल पदाधिकारी
निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग
हजारीबाग

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, हजारीबाग
PR 324105 Election (24-25)_D

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह– रिटर्निंग अधिकारी
12–लोहरदगा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र।
(निर्वाचन आय–व्यय कोषांग)

प्रेस विज्ञप्ति

प्रत्येक अभ्यर्थी के व्यय रजिस्टर में निरीक्षण के लिए अनुसूची तैयार करना है। अभ्यर्थियों के व्यय रजिस्टर की जांच के लिए 03 तारीखें इस प्रकार नियत की जाएगी कि दो निरीक्षणों के मध्य का अंतराल कम से कम तीन दिन हो और अंतिम निरीक्षण मतदान के दिन से तीन दिन पहले न हो।

उक्त तिथियों को अभ्यर्थी निजी रूप से या अपने निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से या अपने द्वारा विधिवत रूप से प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा व्यय प्रेक्षक/लेखादल/निरीक्षण के लिए पदाभिहित अधिकारी के सम्मुख व्यय रजिस्टर पेश करेंगे।

अभ्यर्थियों के व्यय रजिस्टर के निरीक्षण हेतु तीन तिथियों का निर्धारण निम्न प्रकार से किया जाता है:–

( 1 ) प्रथम जांच की तिथि दिनांक:– 30.04.2024 (मंगलवार)
( 2 ) द्वितीय जांच की तिथि दिनांक:– 04.05.2024 (शनिवार)
( 3 ) तृतीय जांच की तिथि दिनांक:– 09.05.2024 (गुरूवार)

निरीक्षण का समय :– सुबह 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक
निरीक्षण स्थल :– उप विकास आयुक्त, गुमला का सभागार (विकास भवन), गुमला।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–रिटर्निंग अधिकारी,
12–लोहरदगा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र।

PR 324084 Election(24-25)D

## राजद महिला प्रकोष्ठ की राज्यस्तरीय लोकसभा चुनाव अभियान समिति गठित

# इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत पक्की कराने के लिए जनसंपर्क करने का निर्देश



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल (महिला प्रकोष्ठ) ने लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत पक्की कराने के लिए राज्यस्तरीय लोकसभा चुनाव अभियान समिति का गठन किया है। इस संबंध में राजद महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी ने 55 सदस्यीय समिति की घोषणा गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में की। मौके पर रानी कुमारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में राजद महिला प्रकोष्ठ की राज्यस्तरीय चुनाव अभियान समिति में शामिल सभी पदधारी एवं कार्यकर्ता निष्ठापूर्वक इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित कराने की दिशा में कार्य करेंगे। इस संदर्भ में सभी जिलाध्यक्षों और कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया है।

कमिटी में रांची से बबली देवी, खुशबू देवी, अन्नु कुमारी, अंजली देवी, मुन्नी देवी, उर्मिला देवी, सुनीता कुमारी, पलामू से मीरा देवी, अरुणा देवी, फुलवा देवी, रूबी देवी, गढ़वा से रूदा देवी, सोनी देवी, रेणु देवी, नूरजहां खातून, चतरा से प्रियंका देवी, पिंकी देवी, प्यारी देवी, शारदा देवी, रामगढ़ से सोनमणि देवी, प्रतिमा कुमारी, सुषमा देवी और सुषमा भारती, सरायकेला खरसावां से पुष्पा देवी, सुचिता देवी, नीलमणि देवी, चाइना देवी, कुंती देवी, देवघर से ममता देवी, विनीता देवी, अनुराधा देवी, ज्योति कुमारी, सुशीला देवी, जमशेदपुर से सूरजमणि देवी, अर्शिया खातून, बोकारो से हदया देवी और मधुबाला देवी, लातेहार से नीलम देवी और उषा देवी, धनबाद से अनवारी खातून, रुखसाना खातून, उमा कुमारी, शबनम परवेज, कोडरमा से सरिता, अमरजीत कौर और गीता देवी, हजारीबाग से खुशबू, लक्ष्मी देवी, बबीता देवी और सोनम देवी, गोड्डा से नीलम देवी, गिरिडीह से फिकनी बीवी, रुबीना बानो और लोहरदगा से संगीता पाल और अमरावती देवी के नाम शामिल हैं।

सुप्रभात
शुक्रवार 26.04.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 07
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ



स्पीड न्यूज

## संस्कार ज्ञानपीठ का छात्र 90.09 परसेंट से जेईई मेंस में सफल



**कतरास।** संस्कार ज्ञानपीठ विद्यालय पीयूष विहार हरिना में कक्षा 12वीं के छात्र आयुष कुमार गुप्ता ने जेईई मेंस 2024 में 90.09 परसेंट अंक के साथ क्वालीफाई किया। इस शानदार सफलता के लिए छात्र की माता रंजना देवी व पिता राजेश गुप्ता को विद्यालय के निदेशक डा मुकेश कुमार राय ने बधाई दी। वर्ष 2024 में आयोजित जेईई मेंस परीक्षा में संस्कार ज्ञानपीठ से कुल तीन छात्र चयनित हुए। इस सफलता से ज्ञानपीठ परिवार बहुत उत्साहित है एवं भविष्य में और बेहतर परिणाम देने के लिए कृतसंकल्प है।

## धनबाद में 25 वर्षीय युवती ने फांसी लगा कर की आत्महत्या



**धनबाद।** झाड़ूडीह की 25 वर्षीय डोली कुमारी ने गुरुवार को बाथरूम में दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। इस संबंध में मृत युवती के पिता राजेश गोप ने बताया कि वह काम पर गए थे। तभी अचानक घर से फोन आया कि घर आइए। घर आया तो देखा की उनकी पुत्री डोली ने बाथरूम में फांसी लगा ली है। इसके बाद घटना की सूचना सदर थाना को दी गई। पुलिस पहुंची और जांच में जुट गई। युवती का शव पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेजा गया है। पार्षद अशोक पाल ने बताया कि लड़की की शादी के लिए लड़का देखा जा रहा था। बुधवार को युवती के पिता लड़का देख कर आए थे। उन्होंने बताया कि युवती ग्रेजुएट थी।

## लॉयड कंपनी के नये एयर कंडीशनर की लांचिंग

**गिरिडीह।** शहर के नामचीन इलेक्ट्रिक शोरूम प्रदीप सेल्स में गुरुवार को लॉयड कम्पनी के नये एयर कंडीशनर प्रोडक्ट की लांचिंग की गई। इवेंट के दौरान न्यू मॉडल एसी की लांचिंग के मौके पर प्रदीप इलेक्ट्रिक ग्रुप के डायरेक्टर निशांक अग्रवाल के साथ ही कम्पनी से आए प्रतिनिधि भी मौजूद थे। कंपनी के प्रतिनिधि ने न्यू मॉडल एसी की जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रोडक्ट को नये तरीके से बनाया गया है। न्यू मॉडल वाला एसी की खासियत यह है कि इसके उपयोग में बिजली की कम खपत होती है और कम समय में कमरे को जल्द ठंडा कर देता है।

## कुआं में डूबने से युवक की मौत



**सिंदरी।** गोशाला ओपी क्षेत्र के अग्रवाल स्वीट्स संचालक संजय अग्रवाल के छोटे भाई विजय अग्रवाल (37) की मौत घर के कुएं में डूबने से हो गई। घटना झामुमो नगर अध्यक्ष अशोक महतो के कांड्रा दुर्गा मंदिर के समीप प्राइवेट आवास में गुरुवार को लगभग दो बजे दोपहर में हुई है। संजय और विजय इसी आवास में किराये पर रह रहे हैं। बड़े भाई प्रवीण ने बताया कि विजय काफी दिनों से बीमार चल रहा था। उसे चिकित्सकों की सलाह पर बीपी और नींद की दवा दी जा रही थी। घटना के समय घर पर कोई नहीं था। शव पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया गया है।

### शहर से गांव तक कार्यक्रम आयोजित कर वोटरों को किया जा रहा है जागरूक

# धनबाद जिला में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन ने झोंकी ताकत



## धनबाद संसदीय क्षेत्र में 25 मई को होगा मतदान

विशेष संवाददाता

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन ने जबरदस्त अभियान छेड़ा है। खेल का मैदान हो या स्कूल.कालेज। कोलियरियों के श्रमिक हों या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों के अधिकारी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्र की कप्तानी और निदेश पर प्रशासन का हर महकमा सक्रिय हो गया है। धनबाद संसदीय क्षेत्र में 25 मई को मतदान होना है।। इस सम्बन्ध में उपायुक्त सुश्री मिश्र द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में स्वीप कोषांग के तहत बिभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न बूथों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बलियापुर प्रखंड अंतर्गत उच्च विद्यालय दुधिया एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय डांगापाडा में आयोजित शिक्षक अभिभावक गोष्ठी में सभी अभिभावकों को आगामी 25 मई 2024 को अपने मत का प्रयोग सुनिश्चित करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। सभी अभिभावकों को लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहित सभी शिक्षक मौजूद थे। वही बलियापुर प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित 2 उच्च विद्यालय आमटाल मे अभिभावक. शिक्षक द्वारा शपथ लेकर मिटिंग के माध्यम से आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। स्वीप कार्यक्रम के तहत तोपचांची प्रखंड के बुथ संख्या.508 271 252 234 282 172 170 240 240 241 242 243 273ए एवं 212 के स्कूल एवं घर-घर जाकर स्वीप कार्यक्रम किया गया एवं मतदान जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कराया गया। सेल कोलियरी में कार्यरत कर्मी एवं आसपास के सदस्यों द्वारा मतदान जागरूकता अभियान चलाकर शपथ ली गई। मतदान के महत्व और नए मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया के बारे में जागरूकता फैलाया गया। इस दौरान स्वस्थ लोकतंत्र के लिए लोगों को मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसके अलावा जेएसएलपीएस की दीदियों द्वारा विभिन्न पंचायतों में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों की गईए जिसमें मेहंदी प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता फ्लोर गेम शपथ ग्रहण आदि शामिल थे।

## मतदाताओं को किया रहा है प्रेरित

झरिया विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत लो वोट टर्न आउट वाले क्षेत्र में स्वीप की गतिविधियां तेज करते हुए जगह .जगह चौक चौराहा आदि पर मतदाता शपथ ग्रहण समारोहए हस्ताक्षर अभियानए सेल्फी पॉइंट रंगोली ए मेहंदीए फ्लोर गेमए नुक्कड़ नाटकए रैली आदि के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। कई विद्यालयों के प्रधानाध्यापक के नेतृत्व में विद्यार्थियों द्वारा साइकिल रैली गई। तथा मतदाताओं से वोट करने की अपील की गई। साथ ही पूरे धनबाद जिला में स्वीप कोषांग अंतर्गत मतदाता जागरुकता के तहत चुनाव से संबंधित फ्लोर गेमए क्विज प्रतियोगिताए रंगोली प्रतियोगिताए मेहंदी प्रतियोगिताए जागरूकता रैलीए समेत कई अन्य गतिविधियां की गई एवं लोगों को शपथ दिलाई गई। साथ हीं लोगों में स्वीप गतिविधियों के तहत सेल्फी स्टैंड में सेल्फी भी ली। इस दौरान स्वीप कोषांग द्वारा शपथ ग्रहण करवाते हुए निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु मतदान के दिन अपने अपने मत का प्रयोग करने हेतु सभी से अपील किया।

## श्वेता किन्नर ने निकाली जागरुकता रैली



**धनबाद।** शहरी क्षेत्र में पिछले चुनाव में मतदान प्रतिशत काफी कम रहा। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आइकॉन श्वेता किन्नर की ओर से जागरुकता रैली निकाली गई। मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन भी लगातार प्रयास कर रहा है। राज्य चुनाव आयोग की आईकान श्वेता किन्नर ने गुरुवार को अपने सहयोगियों के साथ धनबाद के चौक चौराहों पर जनता को मतदान के प्रति जागरूक किया। इस दौरान किन्नर समाज के लोगों ने नाच गान कर भी लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया। पहले मतदान फिर जलपान का नारा भी लगाया। श्वेता किन्नर ने कहा कि सभी को अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। मतदान के दिन घर से निकलकर अपने नजदीकी बूथ पर जाएं और मतदान अवश्य करें। आपका मत बहुत ही कीमती है किसी के बहकावे में न आएं, सोच समझकर वोट दें।

# डीसी ने किया निरसा में डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण

लोकसभा चुनाव

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने गुरुवार को राजकीय पॉलिटेक्निक निरसा स्थित चिन्हित बज्रगृह.सह.डिस्पैच एवं कमिश्निंग के लिए चिन्हित कमरों में में चल रही तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निरसा विधानसभा हेतु क्रमवार डिस्पैच सेंटर के लिए तैयार नक्शे में बने ले.आउट के माध्यम से जानकारी प्राप्त की। जिसमें सामग्रीर्ध्ईवीएम एकत्र करने वाले दशार्ये गए स्थानों एवं कमिश्निंग के लिए चिन्हित कमरों के संबंध में निरसा के एआरओ एवं भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता से जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वहां बूथवार मार्किंगए रौशनीए सीसीटीवीए सुरक्षा व्यवस्थाए सिंगल एक्सेस पॉइंटए बैरिकेडिंगए पार्किंगए सिटिंग अरेंजमेंटए साफ-सफाई, अग्नि सुरक्षाए समेत अन्य विभिन्न बिंदुओं का जायजा लेते हुए संबंधित कोषांग के पदाधिकारियों से चर्चा की। वही पोलिंग पार्टी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस ऑफिसर के बैठने समेत मेडिकल टीम हेतु स्थान चिन्हित किया गया। साथ ही डॉन बॉस्को रामकनाली में पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी इसको लेकर उपायुक्त से व्यवस्था करने हेतु दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त सुश्री मिश्र ने डिस्पैच सेंटर में आवश्यक सभी व्यवस्थाओं के अलावा साफ-सफाई पेयजल शौचालय के अलावा मूलभूत सुविधाएं सुरक्षा व्यवस्था बिजली की निरंतर उपलब्धता व मतदान से जुड़े कर्मियों की सुविधा को लेकर किए जाने वाले संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इसके अलावे आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर डिस्पैच सेंटर में प्रतिनियुक्त अधिकारी मतदान कर्मी की सुविधा को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया।

### मौके पर थे मौजूद

इस अवसर पर डायरेक्टर डीआरडी श्री राजीव रंजन एडीएम सप्लाई श्री जियाउल अंसारी प्रखंड विकास पदाधिकारी निरसा श्री इंद्रलाल ओहदार प्रखंड विकास पदाधिकारी एग्यारकुण्ड श्रीमती मधु कुमारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री सुनिल कुमार सिंह कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल श्री चंदन कुमार समेत कई अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

## दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष खुला ईवीएम वेयर हाउस

धनबाद। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के नेतृत्व तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आज कोहिनूर मैदान स्थित ईवीएम वेयरहाउस को खोला गया। केंद्रीय चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार बुधवार को राजनितिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएमए वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न हुआ था। जिसके बाद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सभी विधानसभा की एक .एक प्रति उपलब्ध कराई गई थी। इसी कड़ी में बैलेट यूनिट कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट की छंटनी के लिए ईवीएम वेयरहाउस को खोला गया। मौके पर उपायुक्त सुश्री मिश्रा के अलावा अपर समाहर्ता श्री विनोद कुमार एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद निदेशक डीआरडी राजीव रंजन डीसीएलआर संतोष गुप्ता के अलावा इंडियन नेशनल कांग्रेस के मिथिलेश तिवारी, नरेंद्र त्रिवेदी रतीलाल महतो आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### गुरुकुल कतरास के दर्जनों छात्र छात्राएं जेईई मेंस परीक्षा में सफल



**कतरास।** गुरुकुल कतरास के दर्जनों छात्र जे ई ई मेंस की परीक्षा में सफल रहे हैं। चयनित विधार्थियों में रिंकू राज – 99.29, आयुष रंजन – 98.79, सुभोजीत गुप्ता – 96, जारा परवीन – 95.26, अंजू कुमारी 95.18, अनीश कुमार 95, गौरव कुमार 93.24, आयुष गुप्ता 90, उदय तिवारी– 90 परसेंटाईल के अलावा प्रमोद कुमार, सुमित कुमार,आशीष कुमार वर्मा, कृष्णा कुमार, अर्चिता सिंह, बबली कुमारी, ईशा कुमारी, कार्तिक विश्वकर्मा, राहुल कुमार रविदास एवं अन्य छात्र छात्राओं ने अच्छे पर्सेंटाइल के साथ क्वालीफाई किया है। छात्र छात्राओं की इस सफलता पर गुरुकुल कतरास के निदेशक डॉ रंजीत कुमार ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी है।

### भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने निरसा क्षेत्र में छेड़ा जनसंपर्क अभियान



**मैथन।** भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी सह बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने गुरुवार को अपने समर्थकों के साथ निरसा विधानसभा क्षेत्र में धुआंधार जनसंपर्क अभियान चलाया। अभियान की शुरुआत कलियासोल प्रखंड के दलदली आश्रम श्री श्री गोकुलानन्द मठ में पूजा–अर्चना से की। उसके बाद लेदाहरिया, डुमरिया, कलियासोल, मैथन, पतलाबाड़ी, तिलतोड़िया, उपचुरिया, उदयपुर, भागाबांध, रामकनाली, धोबाडी, बड़ाअम्बोना के मतदाताओं से संपर्क किया और हरिनाम संकीर्तन में शामिल हुए। तिलतोड़िया में श्रीमदभागवत कथा में पंहुचे।

# सिंदरी की आवाज संसद में उठाउंगी : अनुपमा

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** इंडिया गठबंधन की धनबाद लोकसभा प्रत्याशी अनुपमा सिंह का 101 किलो की फूलों की माला से फर्टिलाइजर वर्कर्स यूनियन महामंत्री सह जिला कॉंग्रेस कमेटी महासचिव संतोष चौधरी ने सिंदरी के रॉंगामाटी स्थित आवासीय कार्यालय में गुरुवार की शाम भव्य स्वागत किया। कार्यालय में आयोजित सभा में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने कहा कि नजदीकी बूथों पर जाकर मतदान करें। सांसद बनने के बाद आपकी समस्याओं को संसद में जरूर उठाऊँगी। जोश के साथ युवाओं और महिलाओं का साथ हमें मिल रहा है। बच्चे भी हमारे जनसंपर्क में शामिल हो रहे हैं। कॉंग्रेस पार्टी सरकार में आने के बाद प्रत्येक महिला को एक लाख रुपए देगी। वरिष्ठ कॉंग्रेसी ए के झा ने कहा कि यह लड़ाई जनता और भाजपा के बीच की लड़ाई है। कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि आपके हक और हुकूमत के लिए कॉंग्रेस लड़ाई लड़ेगी। इंडिया गठबंधन प्रत्याशी सांसद बनती है तो आपके लिए अवश्य काम करेगी। राजग गठबंधन की प्रत्याशी अपराधिक प्रवृत्ति का प्रत्याशी है। कॉंग्रेस नेता संतोष चौधरी ने कहा कि सिंदरी का एक भी आवास खाली नहीं होने देंगे। इंडिया गठबंधन की जीत पर स्वास्थ्य की सुविधा भी सिंदरी की जनता को मिलेगी।

### कार्यक्रम में ये लोग थे मौजूद

कार्यक्रम में फर्टिलाइजर वर्कर्स यूनियन महामंत्री सह धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी महासचिव संतोष चौधरी के आवास पर हुए कार्यक्रम में कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंहए वरिष्ठ कॉंग्रेसी ए के झाए पंकज मिश्राए सियाकांत दुबेए संतोष कुमार महतोए कृष्ण वर्माए शिवरामए शमसुद्दीनए पूर्णेंदु सिंहए रोहित मंडलए संजय रायए मधु फिलिप्सए झामुमो नेता मुकेश सिंहए राजद के नवीन सिंहए जीवन राम सहित कई कॉंग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 6 लाख मुआवजा एवं नियोजन पर बनी सहमति, आंदोलन समाप्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** एमपीएल के अधीनस्थ कार्यरत कंपनी एनारगो कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड में कार्यरत मदनडीह गांव निवासी मृतक कर्मी युगल हांसदा के आश्रितों को 6 लाख रुपए मुआवजा एवं नियोजन पर सहमति बनने के बाद ग्रामीणों ने उनका अंतिम संस्कार कर दिया। अंतिम क्रिया कर्म के लिए कंपनी प्रबंधन द्वारा तत्काल एक लाख रुपया का भुगतान तथा 5 लाख रुपये का चेक मृतक की पत्नी मंगोली हांसदा को दिया। बता दें कि मंगलवार को युगल हांसदा का इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। मुआवजे एवं नियोजन की मांग को लेकर मृतक के परिजनों एवं ग्रामीणों ने शव को घर पर ही रखकर आंदोलन कर रहे थे। गुरुवार को झामुमो के जिला अध्यक्ष लखी सोरेन 20 सूत्री अध्यक्ष प्रशांत हेंब्रम की पहल पर एमपीएल एवं एनारगो कंपनी के पदाधिकारी द्वारा मृतक के घर पहुंच कर वार्ता की गई। वार्ता में प्रबंधन एवं ग्रामीणों के बीच मृतक के आश्रित को 6 लाख रुपये मुआवजा एवं नियोजन देने पर सहमति बनी। साथ ही मृतक के आश्रित को नियोजन देने पर भी सहमति हुई। उसके बाद ग्रामीणों ने आंदोलन समाप्त किया। मृतक की तीन पुत्री 21 वर्षीय पूजा हांसदाए 19 वर्षीय प्रतिमा हांसदा एवं 15 वर्षीय पूनम हांसदा है।

### वार्ता में थे शामिल

वार्ता में एमपीएल प्रबंधन की ओर से पदाधिकारी प्रदीप कुंडूए संदीप खेडवाल अजय कुमार एवं झामुमो नेता विनोद सिंह इसाक बेगए नजीर शेख ग्रामीण हराधन हांसदा राजू अंसारी अहमद शेख आदि शामिल थे।

# बीओआई सरायढेला में नकली गहने रख ले लिये 1.29 करोड़ लोन

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** बैंक ऑफ इंडिया की सरायढेला शाखा से 28 लोगों ने नकली सोने के जेवरात गिरवी रख कर 1.29 करोड़ रुपये के लोन ले लिये। इस संबंध में बैंक के सीनियर मैनेजर विश्व प्रताप सिंह ने बुधवार को सरायढेला थाना में 28 लोनधारकों और बैंककर्मी समेत 32 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ऐसे हुआ मामले का खुलासा

लोन लेने के 26 मामले 2022 और दो मामले 2023 के हैं। ऋण वापस नहीं होने पर मामले का खुलासा हुआ। सीनियर बैंक मैनेजर ने पुलिस को बताया कि लोन की रकम की वसूली के लिए ऋणधारकों को नोटिस जारी किया गया, लेकिन किसी ने भुगतान नहीं किया। इसके बाद बैंक के दिशा निर्देश के अनुसार उन्हें ऋण राशि चुकाने के निर्देश के साथ नीलामी सूचना के लिए नोटिस भेजा गया। नोटिस में कहा गया कि रकम नहीं चुकाने पर बैंक शाखा में गिरवी रखे गए सोने के गहनों की नीलामी कर दी जाएगी। फिर भी कोई न बैंक पहुंचा और न ही लोन राशि का भुगतान किया। गिरवी रखे गये सोने के गहनों के सील बंद पैकेट को खोलने के लिए एक समिति का गठन किया गया। उक्त सोने के गहनों का पुनर्मूल्यांकन भी बैंक के स्वीकृत मूल्यांकनकर्ता प्रवीण कुमार वर्मा (वर्मा ज्वेलर्स) द्वारा 9, 10, 18 एवं 19 अगस्त 2023 को किया गया। इस प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गयी, जो अभी भी बैंक में सुरक्षित है। जांच में पाया गया कि गिरवी रखे गये सोने के सभी आभूषण नकली हैं एवं उनका मूल्य शून्य है।

### इस तरह दिया घटना को अंजाम

सीनियर मैनेजर ने पुलिस को बताया कि घटना को अंजाम देने में बैंक के पूर्व बीसी लोकेश कुमार श्रीवास्तव ( एमएस रेसिडेंसी, काली मंदिर के पास, भूईंफोड़ मंदिर, धनबाद) एवं लोन स्वीकृति के समय उक्त आभूषण को जांच करने वाले मूल्यांकनकर्ता कमल कृष्ण (न्यू बैंक कॉलोनी सरायढेला, धनबाद), दया शंकर प्रसाद (पुष्पांजलि पूजा भंडार के पास, सरायढेला, धनबाद) एवं प्रदीप कुमार (एमएम ज्वेलर्स, हरिकुंज अपार्टमेंट, सरायढेला) की भी संलिप्तता है। इन चारों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। कहा गया है कि प्रतीत होता है कि उपरोक्त ऋणधारकों एवं मूल्यांकनकर्ता कमल कृष्ण, प्रदीप कुमार एवं दया शंकर प्रसाद एवं बैंक के पूर्व बीसी लोकेश कुमार श्रीवास्तव ने बैंक को गलत तरीके से नुकसान पहुंचाने और खुद को नाजायज लाभ पहुंचाने के इरादे से धोखाधड़ी की है। इन 28 ऋणधारकों पर प्राथमिकी के अनुसार झरिया भगतडीह, परसाटांड़ निवासी अंकित कुमार सिंह ने 2.76 लाख रुपये, हीरापुर बिनोद नगर त्रिमूर्ति मंदिर के निकट रहने वाले बबलू कुमार ने 1.66, 3.26 व 0.66 लाख, झरिया राजबाड़ी रोड निवासी बेली देवी ने 0.95 व 3.06 लाख, बिनोद नगर रेलवे लाइन निवासी गोविंद चरण घोष ने 2.30 व 8.63 लाख, दामोदरपुर धोखरा कहलडीह निवासी गौर रवानी ने 4.24 व 4.80 लाख, धैया गोकुल अपार्टमेंट के नजदीक रहने वाली गौरी देवी ने 1.86 लाख, ढांगी निवासी ईश्वर लाल महतो ने 1.80 व 1.21 लाख, ढांगी निवासी जलेश्वरी देवी ने 2.61 व 1.16 लाख, कतरास बाजार राजबाड़ी रोड निवासी कल्याणी देवी ने 1.80 व 2.40 लाख, बिनोद नगर पहाड़ी निवासी निर्मला देवी ने 3.77 लाख, कतरास कांकोमठ निवासी फूल कुमारी देवी ने 2.58 लाख, झरिया भगतडीह परसाटांड़ निवासी राहुल कुमार सिंह ने 2.08 व 3.28 लाख, पुराना बाजार शंभू नाथ धर्मशाला के निकट रहने वाले राजेंद्र प्रसाद ने 6.98 व 3.49 लाख, भगतडीह ऐना निवासी राजेश कुमार सिंह ने 4.08 व 2.68 लाख, धनसार बस्ताकोल निवासी रितेश ने 2.63 व 4.48 लाख, श्यामडीह जीएनएम स्कूल के निकट रहने वाली सुनीता देवी ने 2.76 व 1.30 लाख, भगतडीह परसाटांड़ निवासी विनीता रानी ने 3.37 लाख, चीरागोड़ा विनोद नगर निवासी देवी घोष ने 7.37 व 2.34 लाख, बरमसिया सहजानंद नगर निवासी छोटेलाल सिंह ने 2.88 लाख, हीरापुर माडा कॉलोनी निवासी संजय साव ने 1.74 लाख, कांको मठ जमुआटांड़ निवासी नेपाल प्रमाणिक ने 1.70 लाख, हीरापुर दामोदपुर निवासी विनोद मुखर्जी ने 4.02 लाख, हीरापुर बिनोद नगर निवासी लक्ष्मी देवी ने 2.71 लाख, सरायढेला भूईंफोड़ निवासी लोकेश कुमार श्रीवास्तव ने 3.39 लाख, हीरापुर त्रिमूर्ति मंदिर के निकट रहने वाले पवन लाल बरनवाल ने 3.58 लाख रुपये ऋण नकली जेवर जमा कर ले लिये हैं।

स्पीड न्यूज

## संदिग्ध अवस्था में मिला बीसीसीएल कर्मी का शव

**कतरास।** बरोरा थाना क्षेत्र के बरोरा चेक पोस्ट स्थित एक बंद पड़ी चाय दुकान से गुरुवार को मुन्ना कुमार नामक बीसीसीएल कर्मी का शव संदिग्ध अवस्था में पुलिस ने बरामद किया। वह बरोरा क्षेत्र के मुराईडीह कोलियरी में फीडर बेकर में काम करता था। संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधियों ने बीसीसीएल प्रबंधन से मृतक के आश्रित को नियोजन व मुआवजा देने की मांग की है।

## रंजय हत्याकांड में गवाह पेश करने का आदेश

**धनबाद।** विधायक संजीव के करीबी रंजय सिंह ऊर्फ रवि रंजन सिंह की हत्या के आरोप में जेल में बंद आरा बैरव निवासी नंद कुमार सिंह उर्फ बबलू उर्फ रुना सिंह उर्फ मामा को जिला एवं सत्र न्यायाधिश अखलेश कुमार की अदालत ने रांची के होटवार जेल से वीसीएस के द्वारा पेश किया गया। वहीं जमानत पर मुक्त हर्ष सिंह आज हाजिर नहीं थे। अभियोजन ने गवाह पेश करने हेतु समय की याचना की। अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का निर्देश दिया है। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता आयुष श्रीवास्तव ने पैरवी की। रुना सिंह ऊर्फ मामा ऊर्फ नंद किशोर सिंह 8 अगस्त से जेल मे बंद है! पांच नवंबर 18 को सरायढेला थाना प्रभारी निरंजन तिवारी ने मामा को शूटर बताते हुए उसके विरूद्ध अदालत मे चार्जशीट दायर किया था! जबकी चंदन शर्मा एहरेन्द्र सिंह के विरुद्ध अनुसंधान जारी रखा है। रंजय सिंह उर्फ राजीव रंजन सिंह की हत्या बिग बाजार के सामने चाणक्य नगर मोड़ पर 29 जनवरी 2017 के संध्या करीब 5:30 बजे रामेश्वर तिवारी के घर के समीप गोलियों से भून कर कर दी गई थी।

## लायंस क्लब सेंटेनियल ने जिलापाल को किया सम्मानित



**कतरास।** डुमरा स्थित बीसीसीएल गेस्ट हाउस में लायंस क्लब बाघमारा सेंटेनियल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में क्लब के जिलापाल पीएमजेएफ लायन कमल जैन को अंग वस्त्र, गुलदस्ता एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्होंने क्लब के सेवा कार्यों की प्रशंसा की। कहा कि लायंस क्लब बाघमारा सेंटेनियल उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए लायंस इंटरनेशनल जिला ही नहीं बल्कि मल्टीपल में अपनी पहचान बना चुका है। उन्होंने क्लब के अध्यक्ष लायन सुनील कुमार सिंह को डीजी एप्रीसियेसन मेडल अवार्ड से सम्मानित किया। बीसीसीएल बरोरा क्षेत्र के महाप्रबंधक पीयूष किशोर ने सेवा के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। राजीव रंजन, निरंजन सिंह, संतोष सिंह, डा खालिद हुसैन, सोनू शर्मा ने क्लब की सदस्यता ग्रहण की। धन्यवाद ज्ञापन लायन दीपक प्रसाद ने किया। मौके पर लायन मदन मोहन, गोपाल सिंह, उदय साहू आदि मौजूद थे।

# गिरिडीह उपायुक्त ने अधिकारियों को जिम्मेवारी से कराया अवगत

**सभी चुनाव कोषांगों की समीक्षा कर दिये निर्देश-निर्देश**



**बैठक में थे मौजूद**

बैठक में उप विकास आयुक्त, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, उप नगर आयुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित सभी संबंधित कोषांगों के नोडल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव व गांडेय विधानसभा उप चुनाव को लेकर गठित विभिन्न कोषांगों के कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विभिन्न कोषांगों के कार्यों की जानकारी लेते हुए प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि अपने कर्तव्य को जिम्मेवारी पूर्वक निर्वाह करें। चुनाव कार्य में किसी तरह की लापरवाही न बरतें छ साथ ही कलस्टर, मतदान केन्द्रवार मूलभत सुविधाएं, मतदान केन्द्रवार रूट चार्ट-मैप, वाहनों की उपलब्धता, कम्युनिकेशन प्लान, मतदान कर्मियों के रहने की सुविधा से जुड़े बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में सी विजिल कोषांग, ट्रेनिंग कोषांग, लॉ एंड ऑर्डर, इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल, आईटी सेल, पोस्टल बैलट, मेटेरियल डिस्ट्रीब्यूशन सेल, कंट्रोल रूम व हेल्पलाइन सेल, ऑब्जर्वर सेल, ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सेल, स्ट्राँग रूम आदि कोषांगों के संबंधित नोडल ऑफिसर से कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग से उनके कोषांग से संबंधित जारी मैन्युअल को अच्छी तरह से पढ़ लेने एवं कार्यों के दौरान सभी दिशा निर्देशों का अनुपालन करने का निर्देश दिया। सभी अधिकारियों को कोई दुविधा हो तो अपने वरीय अधिकारियों के साथ समन्वय कर कार्य करने का निर्देश दिया। सभी चुनाव प्रक्रियाओं को साफ-स्वच्छ, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर संपन्न कराने की बात कही।

# अधिकारियों को मिली ईवीएम की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग

**अधिकारियों को करना है समस्या का समाधान : डीसीएलआर**



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को सफलतापूर्वक त्रुटि रहित संपन्न कराने तथा वोटर टर्नआउट बढ़ाने के उद्देश्य से आज श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट महिला महाविद्यालय में सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सभी अंचल अधिकारीए सभी कार्यपालक दंडाधिकारी को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन ईवीएम पर हैंड्स ऑन ट्रेनिंग तथा मॉक पॉल सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीसीएलआर संतोष गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण ले रहे सभी अधिकारियों को उनके नेतृत्व में चुनाव कराना है। इस दौरान जो भी समस्या आएगी उसका समाधान भी उनको ही करना है। इसलिए आज सभी पदाधिकारी को ईवीएम का थ्योरेटिकल एवं प्रैक्टिकल प्रशिक्षण दिया गया। वे खुद ईवीएम की तकनिकों को जान लेंगे तो चुनाव के दौरान कोई परेशानी नहीं होगी। इससे वोटर टर्नआउट बढ़ेगाए वोटर्स को अधिक फैसिलिटी मिलेगी। साथ ही पोलिंग पार्टीए पोलिंग स्टाफ किसी को चुनाव में कोई समस्या नहीं होगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम के ट्रबल शूटिंग पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। साथ ही एररए एरर का कारण और एरर का निराकरण करने की एक.एक कॉपी सभी सेक्टर पदाधिकारीए प्रीसाइडिंग ऑफिसरए एआरओए एईआरओ एवं प्रखंड की टीम को उपलब्ध कराया जाएगा। इस दौरान सभी पदाधिकारियों को ईवीएम कमिश्निंगए मॉक पोल प्रोटोकॉलए मॉक पोल के बाद की प्रक्रियाए वीवीपैट को अत्यधिक गर्मी से बचाना चुनाव संपन्न होने के बाद वीवीपैट से पावर बैकअप निकाल लेने की ट्रेनिंग दी गई।

# निरसा की पांड्रा पश्चिम पंचायत की मुखिया ने की आत्महत्या



खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** निरसा प्रखंड क्षेत्र के पांड्रा पश्चिम पंचायत की मुखिया चायना धीवर ने गुरुवार की सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह लंबे समय से बीमार चल रही थी, बीमारी के कारण वह डिप्रेशन में थी। चायना धीवर की मौत की खबर सुनकर विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, पूर्व विधायक अरूप चटर्जी एवं पंचायत प्रतिनिधि उनके घर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। मुखिया के पति सह पांड्रा पश्चिम पंचायत के पूर्व मुखिया रोविन धीवर ने बताया कि उनका इलाज कोलकाता एवं हैदराबाद से चल रहा था। कुछ माह पूर्व ही वह इलाज करा कर घर लौटी थी। सूचना पाकर निरसा पुलिस भी पहुंची व शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है। मृत मुखिया के पिता झरिया डालपट्टी निवासी धनंजय धीवर भी पहुंचे।

### यह है मामला

रोबिन धीवर ने बताया कि शनिवार की सुबह लगभग 9 बजे पत्नी से बातचीत करने के बाद बुआ आवास योजना का निरीक्षण करने पांड्रा गांव आए थे। हरियाजाम स्थित उनके आवास में बहन सरस्वती धीवर एवं भगिनी पूजा थी। बहन घरेलू कार्य में लगी थी, तभी भगिनी की नजर कमरे में साड़ी के सहारे पंखे से लटकी पत्नी पर पड़ी। उसने रोते हुए अपनी मां एवं आस पड़ोस के लोगों को एवं मुझे मामले की जानकारी दी। स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे फंदे से उतरा तथा चिकित्सकों के पास ले गया,जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। बीमारी के कारण अवसाद में आकर उसने यह कदम उठाया होगा। दूसरा कोई कारण समझ में नहीं आ रहा। मृतका का एक 13 वर्ष का पुत्र है।

## कतरास कॉलेज में प्राचार्य का घेराव के बाद बंद पड़ी बस चालू

**कतरास।** बाघमारा प्रखंड स्थित एकमात्र अंगीभूत महाविद्यालय कतरास कॉलेज में बंद पड़ी सरकारी बस को चालू करने की मांग को लेकर गुरुवार के दिन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा प्राचार्य का घेराव करने के उपरांत प्राचार्य द्वारा बस चलाने पर सहमति जताई गई. बताते चले की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा कॉलेज परिसर में बंद पड़ी बस को चालू करने की मांग को लेकर परिषद के प्रतिनिधिमंडल द्वारा पिछले दिनों प्राचार्य से मिलकर बस को चलाने की मांग की गई थी. परन्तु प्राचार्य द्वारा बस चलाने पर असहमति जताई गई। एबीवीपी के घेराव के बाद बस को चालू कर दिया गया।

**एक नजर में**

## विश्व मलेरिया दिवस पर धनबाद में निकाली गई जागरुकता रैली



**धनबाद।** विश्व मलेरिया दिवस पर गुरुवार को धनबाद जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से जागरुकता रैली निकाली गई। रैली सदर अस्पताल से सिटी सेंटर होती हुई रणधीर वर्मा चौक पर आकर समाप्त हुई। रैली में प्रशिक्षित नर्स, सेविका और एनसीसी छात्रों ने मलेरिया से बचाव को लेकर लोगों को जागरूक किया। मलेरिया विभाग के चिकित्सक डॉ सुनील कुमार ने बताया की जागरुकता ही मलेरिया की रोक थाम का सबसे बड़ा उपाय है। लोगों को अपने आस पास साफ- सफाई के साथ खाली स्थानों पर बेवजह पानी का जलजमाव रोकने की भी अपील की गई। हल्का बुखार होने पर भी मलेरिया जांच कराने की सलाह दी।

## छात्राओं ने मलेरिया की रोकथाम के लिए लोगों को किया जागरूक



**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी स्वास्थ्य विभाग की टीम व उत्क्रमित उच्च विद्यालय रघुनाथपुर तथा झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं ने विश्व मलेरिया दिवस 25 अप्रैल को जागरुकता रैली निकाली। लोगों को बताया गया कि मलेरिया से बचाव के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करना चाहिए। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के ज्वाला पासवान, सुरेश टुडू, सुजीत कुमार, उमेश महतो, शिबू रजक,वार्डन लुईस हेंम्ब्रम और शिक्षक मौजूद थे।

# पाइप फटने से 50 हजार की आबादी परेशान



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुमारधुबी।** भीषण गर्मी में चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र की लगभग 50 हजार की आबादी एक-एक बूंद के लिए तरस रही है। पाइप में लगातार खराबी के कारण पानी से के लिए तरस रही आम जनता का आक्रोश सातवें आसमान पर है। लेकिन नगर परिषद चिरकुंडा की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। नगर परिषद क्षेत्र के समीप राइजिंग पाइप फट गई है, जिससे इलाके के लोगों को पानी नसीब नहीं हो रहा है। हालांकि भीषण गर्मी में आम लोगों के आक्रोश को बांपते हुए नगर परिषद के पदाधिकारी पाइपलाइन की मरम्मत में युद्ध स्तर पर जुट गए हैं। शुक्रवार तक पानी पहुंचाने की बात कही जा रही है। विभाग के कर्मी अनूप कुमार ने बताया कि कल से पाइप फटी हुई है। फलस्वरूप लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। काम जारी है और शाम तक पानी मिलने की उम्मीद है। नगर परिषद के सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने माना कि लगभग 50 हजार की आबादी पाइप फट जाने के कारण पानी के अभाव में परेशान है। युद्ध स्तर पर कार्य जारी है। शुक्रवार तक पाइपलाइन की मरम्मत का काम पूरा हो जाएगा और क्षेत्र के लोगों को पानी मिलने लगेगा।

## फकीरडीह में हजरत इसराइल शाह बाबा के मजार पर उर्स मेला शुरू

**गोविंदपुर।** जीटी रोड फकीरडीह में हजरत इसराइल शाह बाबा के मजार पर सालाना उर्स गुरुवार को शुरू हुआ। उर्स मेला 30 अप्रैल तक चलेगा। मेला में पहले दिन से ही लोगों की भीड़ शुरू हो गई है और दर्जनों दुकानें सज गई हैं। पहले दिन बाबा इसराइल शाह के मजार पर बड़ी संख्या में लोगों ने चादरपोशी की। मेला में मनोरंजन के लिए झूला, ब्रेक डांस आदि की व्यवस्था है। 27 और 29 अप्रैल को मुकाबला ए कव्वाली होगा। 27 अप्रैल को डिसरगढ़ के कमाल वारसी एवं आसनसोल के आजाद तथा 29 अप्रैल को मुंबई के जुनैद सुल्तानी एवं मुंबई की नुसरत खानम के बीच शानदार मुकाबला होगा। जोरदार तैयारी की जा रही है। उर्स मेला समिति के अध्यक्ष अनवरूल हक अंसारी, सचिव असगर हुसैन, कोषाध्यक्ष वकील अंसारी, तासीर अली अंसारी, इदरीश अंसारी, मो सलाउद्दीन, हाशिम अंसारी, मंजूर अंसारी, आसिफ अंसारी, हुसैन अंसारी, शमीम अंसारी, इब्राहिम अंसारी, मनीर निजामी, शमशेर अंसारी, हसन जहांगीर, मन्नान अंसारी, डॉ इश्तियाक व्यवस्था में जुटे हुए हैं।

# श्री श्री मां काली प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर निकली कलश यात्रा

**वैदिक मंत्रोच्चार व जयकारों से गुंजायमान हुआ इलाका**



खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** श्री श्री मां काली प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पावन मौके पर मिलन संघ बंगाली पाड़ा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत प्रथम दिन गाजे बाजे के साथ भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में पुरुलिया का छऊ नृत्य,रामगढ़ का सुनामी बैंड एवं बांकुड़ा की प्रसिद्ध ढाकी की टीम ने भाग लिया। मुख्य यजमान की भूमिका में नवीन कुमार राय एवं उनकी धर्मपत्नी आशा राय कलश यात्रा में शामिल थे। पुरोहित मृत्युंजय देवघरिया के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन कराया। तत्पश्चात काली मंदिर से सैकड़ों कलश लेकर सुहागिन महिलाएं व 9 कलश लेकर कुमारी बालिकाएं यात्रा पर चल पड़ी। बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो की धर्मपत्नी सावित्री देवी, प्रखंड प्रमुख गीता देवी, कलश यात्रा में आगे आगे चल रही थी। इस बीच धार्मिक ध्वज की लहराती पताका एवं मां काली के जयकारों से इलाका गुंजायमान होता रहा। कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकलकर इंदिरा चौक होती हुई डुमरा राजा बांध पहुंची, जहां से कलश में जल भरा गया। कलश शोभा यात्रा को सफल बनाने में अमित कुमार राय, पुलक पाल, काजल राय, चितरंजन डे, अमित लाल, सतीश शर्मा, विक्की लाल, तिलोक पाल, लालु पाल, केतन कुमार, सनी कुमार, सुशांतो सेन, सुजय गोरी, काली गोरी, चंदन कुमार, ज्योत्सना लाल, शंभू यादव, रामजी यादव, देवानंद प्रसाद, गौतम सनी, दीपक कुमार, सुरेंद्र गुप्ता और भास्कर सेन गुप्ता समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं की भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम के तहत 26 अप्रैल को माँ काली की प्राण प्रतिष्ठा, पूजन, अन्नाधिवास, जलाधिवास, वस्त्रधिवास, आलौकिक श्रृंगार एवं महा आरती जबकि 27 अप्रैल के दिन पूजन हवन एवं संध्या 6 बजे महाभोग वितरण किया जायेगा।

## गिरिडीह में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निकाली गई रन फॉर वोटर रैली



**गिरिडीह।** गिरिडीह में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत गुरुवार को गिरिडीह निर्वाचन कार्यालय की ओर से जागो मतदाता, करो मतदान के नारे के साथ रन फॉर वोटर का आयोजन हुआ। झंडा मैदान से रन फॉर वोटर को डीसी नमन प्रियेश लकड़ा, डीएसओ गुलाम समदानी, उप निर्वाचन अधिकारी रंथू महतो, डीपीआरओ अंजना भारती समेत कई अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डीसी ने कहा मतदान के जरिए ही एक अच्छी सरकार चुनी जा सकती है। भारत एक ऐसा देश है, जहां लोगों को अपनी पसंद की सरकार और जनप्रतिनिधि चुनने का अधिकार है। रन फॉर वोटर में अधिकारियों के साथ सर जेसी बोस गर्ल्स स्कूल की छात्राएं समेत कई स्कूल के छात्र और आईआरबी जवान भी शामिल हुए। शहर भ्रमण करते हुए रन फॉर वोटर की रैली वापस झंडा मैदान पहुंच कर समापत हुई। रैली में जिला समाज कल्याण अधिकारी स्नेहलता, डीटीओ शैलेश प्रियदर्शी समेत कई अधिकारी और कर्मी शामिल हुए।

## गिरिडीह में गैस सिलेंडर रिफलिंग के दौरान ब्लास्ट, पांच झुलसे

**गिरिडीह।** नगर थाना क्षेत्र के शहर के बजरंग चौक स्थित किचन गैस दुकान में गुरुवार की देर शाम सिलेंडर में गैस रिफलिंग के क्रम में सिलेंडर ब्लास्ट हो जाने से दो महिला सहित पांच लोग जख्मी हो गए।घायलों में दुकान संचालक अनिल गुप्ता और उनका बेटा अमन गुप्ताए मंजू देवीए हर्ष सलूजाए डौली सलूजा शामिल है। घटना के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए शहर के एक नर्सिंग होम लाया गया जहां से तीन लोगों को बाहर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार शहर के बजरंग चौक के किचन गैस सेंटर नामक गैस सिलेंडर दुकान में एक सिलेंडर में गैस भरा जा रहा था। इसी दौरान गर्मी के कारण गैस सिलेंडर भरने के क्रम में तेज आवाज के साथ ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट होने के साथ ही इलाके में अफरा तफरी का माहौल हो गया और लोग इधर उधर भागने लगे। इस दौरान स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव में जुटते हुए घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

# हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर कलश यात्रा



खबर मन्त्र संवाददाता

**जोड़ापोखर।** जीतपुर नूनीकडीह नंबर 2 पंचमुखी हनुमान मंदिर में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर गुरुवार को गाजे बाजे के साथ 151 महिलाओं द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में शामिल महिलाएं नगर भ्रमण करती हुई दामोदर नदी पहुंची और वहां से जल भरकर पुनः मंदिर प्रांगण पहुंची। महिलाएं भक्ति गीत गा रही थी। जय श्री राम,जय हनुमान के नारे से पूरा क्षेत्र गूंज रहा था। सुबह पंचांग पूजन,वेदी पूजन,अधिवास, संध्या में पूजन और आरती की की गई। 26 अप्रैल को वेदी पूजन,हनुमान प्राण प्रतिष्ठा, हवन, विसर्जन,ब्राह्मण भोजन की संपन्न होगा। 27 अप्रैल को महाप्रसाद भोग के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। आयोजक मंडली में भोलानाथ महतो,कृष्ण किशोर महतो, पवन पासवान, सौरभ, नीतीश, चंदन, सोनू की भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में मानस सत्संग समिति के धर्मेंद्र राय, पिंटू अग्रवाल, जोगेंद्र सिंह, सिधेश्वर भारती, अनुभवक पंडित, धर्मवीर राय, बृजेश राय, सुनील वर्मा, शिव कुमार दुबे, उमेश सिंह, मोहन साव आदि शामिल थे।

## जंगलपुर में कलश यात्रा के साथ महायज्ञ शुरू



**गोविंदपुर।** श्री श्री 1008 शिव मंदिर जंगलपुर के प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की शुरुआत गुरुवार को जल यात्रा के साथ हुई। इसमें 108 महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर बाजा गाजा के साथ पूरे क्षेत्र की परिक्रमा की और खुदिया नदी से जल उठाया। इसके बाद पंचांग पूजन, वेदी पूजन, जलाधिवास एवं संध्या आरती हुई । रात में कथा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम तीन दिन तक चलेगा। भगवती जागरण के साथ इसकी पूर्णाहुति होगी। श्री श्री नरसिंह नारायण ठाकुरबाड़ी के महंत पवन महाराज जी के नेतृत्व में आयोजित इस अनुष्ठान के पंडित विभूति पांडेय एवं राजू पांडेय हैं। कलश यात्रा में समाजसेवी एवं मुखिया प्रतिनिधि मोकीम अंसारी, पंसस आफताब आलम, वार्ड सदस्य गुल्लू अंसारी व सुशील पांडेय, दुखु गोराई, मनसू गोराई, जय प्रकाश पांडेय, अमर सिंह, ब्रजेश पांडेय, उत्तम मंडल, राजू मंडल, शिबू गोराई, नारू गोराई, प्रभाष पांडेय, रंजीत मंडल, मलिंद्र गोराई आदि शामिल थे।

# जेईई मेन 2 में भी डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों का दमखम बरकरार



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** जेईई मेन के दूसरे व अंतिम सत्र में भी डीपीएस बोकारो के छात्र छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दमखम बरकरार रखा। 60 से अधिक विद्यार्थियों ने इसमें शानदार कामयाबी पाई। विद्यालय के छात्र रक्षित राज ने सर्वाधिक 99.92 पर्सेंटाइल अंक पाकर विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया है। जबकि रेयान सिंह 99.91 पर्सेंटाइल लाकर दूसरे स्थान पर रहे तो अवंतिका गुप्ता ने 99.84 पर्सटाइल के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। समाचार लिखे जाने तक कुल 15 विद्यार्थियों को 99 और 41 को 95 पर्सेंटाइल से अधिक अंक मिले। समाचार लिखे जाने तक सफल विद्यार्थियों की फेहरिस्त में रेयान सिंह अवंतिका गुप्ता विशाल मेहता मो अम्मार दिव्यांशु जायसवाल स्पर्श कुमार स्पर्श राज उत्कर्ष कुमार नमन जैन तरुण गुप्ता ऋषव कुमार मोहित कुमार आकाश महता सौम्यदीप मंडल आशुतोष सिंह मानव राज बख्तावर जावेद पुष्पित किसलय आर्यन रंजन सिंह जानवी कुमारी साक्षी प्रिया अंशु राज सैयद अशदुल्लाह विचांशु राज विक्रांत कुमार श्रेयांशु घोष आयुष्मान दत्ता ऋषव कुमार दिव्य प्रकाश सिंह पौलम कुंडू कमरीन फातिमा कृष शांडिल्य अजितेश आनंद सिद्धांत वैभव आर्यन कुमार आर्यन राज विवेक आनंद हर्षवर्धन रितिका साहा अंशल कुमार अधृत सिंह श्रेया सुमन कार्तिक राज सिल्वी सृष्टि तेजस अग्रवाल आयुष राज आदर्श कुमार मिश्रा राधिका अग्रवाल समर सिंह ऋषभ रंजन अभिनव राज आदि के नाम शामिल हैं। प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए जेईई एडवांस्ड में भी उनके बेहतर परिणाम की उम्मीद जताई और इसके लिए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं।

# प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य : जीएम सीसीएल ढोरी



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** गुरुवार को सीसीएल ढोरी महाप्रबंधक कार्यालय के मुख्य द्वार के स्थित पास प्याऊ सेंटर का विधिवत उद्घाटन महाप्रबंधक मनोज कुमार अग्रवाल ने फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया। मौके पर जीएम अग्रवाल ने कहा कि प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य होता है। कहा कि गर्मी के दिनों में राहगीरों को पानी पीने के लिए दिक्कत ना हो। इसके लिए पनशाला खोला गया है। कहा कि मुख्य रास्ते में पेयजल की व्यवस्था नहीं रहने के कारण राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कहा कि फुसरो बजार में भी जल्द पनशाला खोला जाएगा।

**फुसरो बजार में भी जल्द पनशाला खोला जायेगा**

ताकि बाजार में खरीदारी करने आने वाले लोगों को आसानी से पेयजल उपलब्ध हो सके। सुशांत राइका ने बताया कि मंगलवार व शनिवार को यहां राहगीरों के लिए विशेष रूप से चना और गुड़ का भी व्यवस्था रहेगा। मौके पर एसओपी प्रतुल कुमार, एसओसी उज्ज्वल कुमार, एएफएम राजीव कुमार, एसओइएंडेम जयशंकर प्रसाद, सिक्योरिटी ऑफिसर सीताराम उइके, सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार, सहित यूनियन नेता आर उनेश, कुंज बिहारी प्रसाद, कैलाश ठाकुर, प्रमोद सिंह, जीवन लाल रजक, विवेकानंद चतुवेर्दी आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### साहिबगंज : उपायुक्त में सुनी लोगों की समस्या



**साहिबगंज।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती ने गुरुवार को कार्यालय प्रकोष्ठ में आमजनों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। समस्याओं को लेकर तालझारी प्रखण्ड से आए आमजनों से मिले। आमजनों के द्वारा दिए गए आवेदन पत्रों को पढ़कर हो रही समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिए, साथ ही संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया।

### गोड्डा : भटकी हुई महिला सुंदरपहाड़ी क्षेत्र से मिली



**गोड्डा।** जिला के सुंदरपहाड़ी क्षेत्र के एक सुदूर गांव की महिला जो भटक कर हरियाणा चली गयी थी, उसे वन स्टॉप सेंटर गोड्डा एवं हरियाणा प्रशासन द्वारा परिजनों की खोज कर, घर पहुंचा कर परिजनों को सौंपा गया। घर पहुंच कर महिला अपने पति, सास, बच्चे और ग्रामीणों से मिली और भाव-विभोर हो कर रोने लगी। इस सुखद मौके पर वन स्टॉप सेंटर गोड्डा की केंद्र प्रशासक रंजीता देवी, परामर्शदाता विकास चंद्र, सुंदरपहाड़ी थाना के सब इंस्पेक्टर सायबा मुर्मू एवं पुलिस टीम, पंचायत सचिव विष्णुकांत पंजियारा, सेविका-सलोमी मुर्मू एवं महिला होमगार्ड कल्पना रानी एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### बेरमो : राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय दुग्दा को आधुनिकी तकनीकी से किया जा रहा है लैस



**बेरमो।** शिक्षा के प्रति देश दुनिया की नवीनतम जानकारी से अवगत कराने के उद्देश्य से सरकार ने सरकारी विद्यालयों में बच्चों को निजी विद्यालयों की तरह पठन-पाठन में कंप्यूटर के साथ-साथ स्मार्ट बोर्ड प्रोजेक्ट के द्वारा ऑनलाइन से बच्चों को शिक्षा देने का अवसर प्रदान किया है। जिसमें चंद्रपुरा प्रखंड के आधुनिक तकनीकी से लैस राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय दुग्दा में बच्चों को शिक्षा दी जा रही है। जिसमें स्मार्ट बोर्ड के साथ-साथ कंप्यूटर क्लास, होटल मैनेजमेंट कोर्स, ऑटोमोबाइल पार्ट्स बनाने के साथ-साथ पुस्तकालय का भी सुविधा है। इतना ही नहीं यहां एक विद्यालय का नया भवन भी बनवाया जा रहा है। इस तरह की आधुनिकी शिक्षा देने से इस क्षेत्र के बच्चों में शिक्षा के प्रति रुझान बढ़ती जा रही है। बच्चों को विषयों को समझना भी आसान हो रहा है। जिसका परिणाम मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के द्वारा सत प्रतिशत रिजल्ट देखने को मिला है। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेंद्र कुमार यादव ने गुरुवार को बताया। इस मौके पर शिक्षक शैलेंद्र कुमार, प्रद्युत कुमार, जितेंद्र कुमार, नीरज कुमार गौरव कुमार, ललित कुमार, रामचरित्र कुमार, गोविंद सोरेन, दिलीप मरांडी समेत सभी शिक्षिकायें भी मौजूद थी।

### गोड्डा : भतीजी की शादी में हर्ष फायरिंग करनेवाले का देशी पिस्टल बरामद



**गोड्डा।** गुरुवार को पुलिस अधीक्षक गोड्डा के निर्देश पर एसडीपीओ गोड्डा जेपीएन चौधरी ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी। मुफ्फसिल थाना गोड्डा अंतर्गत माछिया सिमड्डा गांव में एक शादी समारोह में डीजे के डांस फ्लोर पर हर्ष फायरिंग की घटना के मामले का रहस्योद्घाटन करते हुएं मामले पर प्रकाश डाला और घटना की जानकारी देते हुए बताया कि इस घटना की जांच और अनुसंधान हेतु पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना के निर्देशानुसार एसडीपीओ गोड्डा चौधरी के नेतृत्व में कुमार गौरव डीएसपी प्रशिक्षु, मुफ्फसिल थाना प्रभारी पुअनि कृष्णा कुमार, पुअनि रौशन कुमार, राजेश कुमार रंजन योगेश कुमार यादव के साथ कुछ सशस्त्र पुलिस बल के जवानो को शामिल किया गया। जांच अनुसंधान में टीम को मिली जानकारी के मुताबिक गांव मे चाचा के लड़की की शादी में जितेंद्र मंडल डीजे डांस फ्लोर पर एक अवैध देशी पिस्टल से हर्षारितेक में आकर फायरिंग की जिसमे खुद जितेंद्र मंडल और उस्के जीजा दोनो घायल हो गए। दोनो को बेहतर इलाज के लिए माया गंज भागलपुर भेजा गया। घटना की जांच करते हुए उस पिस्टल तक पहुंच गई जो जितेंद्र के घर के समीप बगीचे में पुआल की ढेर में छिपाइ गई थी।

### नौ लाख की लेवी मांगने वाला राजेश गिरफ्तार



**बोकारो।** बोकारो स्टील सिटी थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में डीएसपी सिटी आलोक रंजन ने कहा कि अभियुक्त राजेश करमाली का अपराधिक इतिहास रहा है तथा कई थानों में मामला भी दर्ज है। उन्होनें कहा कि सेक्टर 06 थाना में रंगदारी मांगने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था इस मामले की गम्भीरता को देखते हुए एसपी पुज्य प्रकाश के आदेशानुसार इस कांड के उदभेदन एवं अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु गठित टीम द्वारा तकनीकी शाखा के सहयोग से चतरोचट्टी थाना अन्तर्गत ग्राम टिस्कोपी में छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में अभियुक्त 35 वर्षीय राजेश करमाली को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया तो उसने बताया कि इनके द्वारा ही उक्त वादी पुल निर्माण कम्पनी से दो प्रतिशत लेबी कुल राशि नौ लाख का मांग किया जा रहा था तथा लेवी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दिया जा रहा था। उक्त अभियुक्त राजेश करमाली का अपराध स्वीकारोक्ती बयान लिया गया तो ये अपना अपराध स्वीकार करते हुए कांड में प्रयुक्त एक काला एवं भूरा रंग का कीपैड मोबाईल को इनके सहयोगी आजम शेख के पास से बरामद किया गया तथा राजेश करमाली के पास रखे एक देशी कट्टा एक जिंदा गोली एवं एक नकली पिस्टल को बरामद किया गया। दोनों अभियुक्तों ने अपना अपना अपराध घटना कारित करने में स्वीकार किया है जिन्हें विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### सूमो टपाने वाला वाहन चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे



बोकारो। पुरुलिया बेस्ट बंगाल के लिखित आवेदन के आधार पर स्थानीय दूंदीबाद बाजार के पास से अज्ञात चोर के द्वारा चारपहिया वाहन सूमो गोल्ड जेएच 09 बीडी 8246 चोरी कर लेने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस उपाधीक्षक नगर के नेतृत्व में चारपहिया वाहन की बारामदगी हेतु एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के सदस्यों एवं तकनिकी शाखा के सहयोग से इस कांड में चोरी हुए चारपहिया वाहन सूमो गोल्ड को ग्राम पचौरा थाना सेक्टर 9 हरला से 19 वर्षीय अभियुक्त जावेद अंसारी के निशानदेही पर बरामद किया गया। जिसने अपना अपराध स्वीकार किया है। जिन्हे जेल भेजा गया। छापामारी दल में पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास बीएस सिटी थाना बोकारो पुनि सह थाना प्रभारी सुभाष चन्द्र सिंह सेक्टर 12 थाना बोकारो पुनि सह थाना प्रभारी अनिल कच्छ सेक्टर 9 हरला थाना पुअनि प्रभात कुमार बीएस सिटी थाना पुअनि महती व सशस्त्र बल शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### साउट सर्किट से डिजल टेंकर मे लगी भीषण आग



बेरमो। सीसीएल ढोरी प्रक्षेत्र के कल्याणी आउटसोर्सिंग माइंस में बीएलए कंपनी के डीजल टैंकर से डिजल निकालने के दौरान साउट सर्किट से उक्त डिजल टेंकर मे भीषण आग लग गई और देखते ही देखते डिजल सहित पुरा टेंकर पुरी तरह जलकर तबाह हो गया। आग लगने कि इस घटना से आउटसोर्सिंग कंपनी में काम कर रहे हैं लोगों में अफरा तफरी मच गई। सौभाग्य से इस हादसे में किसी भी तरह की हताहत की सूचना नहीं है। ज्ञात हो कि इसी परियोजना मे इससे पूर्व भी आग लगी की घटना घट चुकी है जिसमे पोकलेन चालक की जिन्दा जल कर मौत हो चुकी है। अब इसे कंपनी की लापरवाही कहे या कंपनी मे कार्यरत कर्मियों की जिस कारण इस तरह की घटना देखने और सुनने को मिलती है मामला जांच के बाद ही साफ हो पायेगा।

### दुकान में आग लगाने वाले राजेश को सजा

दुमका। जून 23 में उधारी में सामान नहीं देने पर दुकान में आग लगाने वाले दुधानी के राजेश राउत को गुरुवार को अदालत ने दोषी करार दिया। तृतीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश लक्ष्मण प्रसाद की अदालत ने पांच साल और दो हजार जुमार्ना की सजा सुनाई। जुमार्ना की राशि अदा नहीं करने पर उसे तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। इस केस में नौ लोगों की गवाही के बाद युवक को सजा मिली। केस में सरकार की ओर से एपीपी खुशबूददीन अली ने बहस की। रसिकपुर निवासी राजेश पंडित के भाई प्रकाश पंडित की किराना और जीराक्स की दुकान है। पिछले साल सात जून को राजेश राउत उधार में सामान लेने के लिए आया। मना करने पर भाई के साथ मारपीट कर पैसा छीन लिया। पीड़ित की सूचना पर नगर थाना की पुलिस ने आकर जांच की। पुलिस को आवेदन देने की बात पर राजेश भड़क गया और रात दस बजे घर के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर जीराक्स की दुकान में तोड़फोड़ करने के बाद आग लगा दी। आग से करीब दस लाख का इलेक्ट्रानिक सामान जलकर रख हो गया। अदालत ने गवाहों के बयान और साक्ष्य के आधार पर राजेश को दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

### एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष ने बरहेट में किया जनसभा



बरहेट। लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा आम चुनाव 2024 की सरगर्मियां तेज हो चुकी है। जैसे ही चुनावी बिगुल बजा विभिन्न पार्टियों ने अपने प्रत्याशी को रणभूमि क्षेत्र में उतार दिया है। राजामहल लोकसभा चुनाव में एक तरफ बड़ी बड़ी क्षेत्रीय पार्टियां अपने दिग्गज प्रत्याशी को उतारा है तो वहीं दूसरी ओर राजामहल लोकसभा पर विभिन्न पार्टियों के प्रत्याशी ने लोगो के बीच जनसभा करते हुए नजर आ रहे हैं। गुरुवार को बरहेट संथली में एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष मो शाकिर ने लोगों के बीच आकर संबोधन किया तथा राजमहल लोकसभा चुनाव में अपने प्रत्याशी पॉल सोरेन को लेकर लोगो से वोट देने की अपील किया। साथ ही संगठन मजबूती को लेकर विचार विमर्श किया। मौके पर एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शाकिर अंसारी, प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुर रहमान, प्रखण्ड उपाध्यक्ष शमसाद, प्रखण्ड सचिव पहाड़िया सहित पार्टी के कार्यकर्ता मो शाकिर, मुराद, बरजहान अंसारी, अताउल रहमान, रशीद अंसारी, बिलाद अंसारी मौजूद थे।

# मतदान केंद्र जाने के रूट चार्ट का सत्यापन करे पदाधिकारी : डीसी

**शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के शिकारीपाड़ा, काठीकुंड और रानेश्वर प्रखंड के सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों की हुई बैठक**




बैठक करते जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** लोकसभा चुनाव को लेकर समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे ने शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के शिकारीपाड़ा, काठीकुंड और रानेश्वर प्रखंड के सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर उनके कर्तव्यों से अवगत कराया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निदेश दिया कि सभी सेक्टर पदाधिकारी अपने सभी मतदान केंद्रों का भ्रमण कर मतदान केंद्रों पर उपलब्ध न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन कर लें। अगर किसी प्रकार की कोई कमी दिखाई दे तो तुरंत इसकी सूचना दें ताकि उक्त कमियों को ससमय दूर कर लिया जाय। कहा कि अपने सेक्टर से मतदान केंद्रों की दूरी की भी मैपिंग कर लें ताकि मतदान दिवस के दिन किसी प्रकार के संशय की स्थिति की उत्पन्न नहीं हो। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों तक जाने के लिए रूट चार्ट बनाए गए हैं।

निर्धारित रूट चार्ट का सत्यापन सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी अपने स्तर से कर लें। बैठक में विभिन्न कोषांग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# एसकेएमयू ने जारी किया अस्सिस्टेंट प्रोफेसर का एकेडमिक स्कोर

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन ने गुरुवार को नीड बेस्ड अस्सिस्टेंट प्रोफेसर के लिए आवेदन किए अभ्यर्थियों की सूची एकेडमिक स्कोर आपति के लिए अधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित कर दिया गया। यहां बता दे विवि द्वारा आवेदन की जाँच के लिए तीन समिति बनायीं गयी थी। उक्त समिति द्वारा सभी आवेदनों की जांच के बाद गुरुवार को अभ्यर्थियों का एकेडमिक स्कोर को आपति के लिए विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। अभ्यर्थी 29 अप्रैल से 6 मई तक अपनी आपति विवि मुख्यालय दिग्घी परिसर में आकर दर्ज करा सकतें है। इसके लिए 11 बजे से 4 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। आपति दर्ज कराने वाले अभ्यर्थी को अपने साथ संबंधित आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर आना होगा। अभ्यर्थी विवि के आधिकारिक वेबसाइट से अपना एकेडमिक स्कोर देख सकतें है। यहां बता दे सिदो कान्हु मुर्मू विवि ने विभिन्न स्नातकोतर विभाग, अंगीभूत, मॉडल और नव-निर्मित महिला कॉलेजों में रिक्त पदों के विरुद्ध विभिन्न विषयों के कुल 273 नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति के लिए 5 मार्च को विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। उक्त विज्ञापन में 6 से 20 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन चांसलर पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित किया गया था। जिसमें लगभग 3 हजार अभ्यर्थियों ने विभिन्न विषयों में ऑनलाइन आवेदन किया था। नियुक्ति विवि द्वारा राजभवन और झारखण्ड सरकार के उच्च एवं तकनिकी शिक्षा विभाग से प्राप्त आदेश के आलोक में की जा रही है। इस नियुक्ति के लिए विज्ञापन सरकार द्वारा स्वीकृत पदों के विरुद्ध राज्य सरकार के उच्च एवं तकनिकी शिक्षा विभाग द्वारा अनुमोदित रोस्टर के आधार की जा रही है।

# इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने किया जनसंपर्क अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

>> श्रमिक संगठन राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के पदाधिकारी चुनाव अभियान में शामिल

**बेरमो।** धनबाद लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी अनुपमा सिंह का जनसंपर्क अभियान जारी है। क्षेत्र में मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील प्रत्याशी के द्वारा किया जा रही है। अभियान में लोगों का रुझान प्रत्याशी के पक्ष में लगातार बढ़ता जा रहा है। गर्म जोशी से लोग प्रत्याशी का स्वागत में लगे हैं। अनुपमा सिंह ने कहा कि लोग अगर एक माह का मुझे समय प्रदान करें निरंतर सेवा भाव से क्षेत्र के विकास में लगे रहेंगे। अनुपमा सिंह ने इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए एक सेवा का अवसर प्रदान किए जाने का अपील की साथ ही कहा कि आपका विश्वास पर खरा उतरूंगी। मेरे परिवार का इतिहास की पृष्ठभूमि सेवा भाव की रही है। और उसी के अनुरूप कार्य करूंगी। जनसंपर्क अभियान में जिला अध्यक्ष उमेश गुप्ता, विमल कृष्ण चौबे, आरसीएमयू के अजय कुमार सिंह, विल्सन फ्रांसिस, वेदव्यास चौबे, बीएन तिवारी, जितेंद्र पासवान, युवा कांग्रेस के विजय यादव, संदीप पासवान, प्रदीप राम, राजेंद्र वर्मा, विक्की सिंह आदि लोग शामिल थे।

# सदर अस्पताल के कर्मियों के साथ डीडीसी ने की बैठक कहा, लापरवाही बरतने वालों पर होगी एफआईआर

>> डीडीसी ने कहा कि उम्मीद है कि एक से दो दिनों में बदलाव दिखना शुरू हो जाएगा। ऐसे तो उन्होंने कहा कि कमियों का अंबार है। डॉक्टर्स बॉयोमीट्रिक्स नहीं करते, शिकायतें आती हैं कि डॉक्टर्स समय पर ड्यूटी नहीं करते



खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** डीडीसी सह नोडल पदाधिकारी सतीश चंद्रा ने गुरुवार को सदर अस्पताल के सभागार में चिकित्सकों व कर्मियों के साथ की बैठक। इस दौरान डीडीसी सतीश चंद्र ने सभी कर्मियों व चिकित्सकों से ड्यूटी में लापरवाही नहीं बरतने की नसीहत दी।

डीडीसी ने बताया कि बीते दिनों उपयुक्त के साथ सदर अस्पताल का निरीक्षण में कई मूलभूत कमियां पाई गई थीं। उसी के फॉलोअप में आज उन्होंने यहां अस्पताल प्रबंधन से जुड़े चिकित्सकों व कर्मियों से कमियों को दूर करने के उपायों पर चर्चा की है। जिसमें लगभग सदर अस्पताल में 24 से 25 कमियां पाई गई है। डीडीसी ने कहा कि उम्मीद है कि एक से दो दिनों में बदलाव दिखना शुरू हो जाएगा। ऐसे तो उन्होंने कहा कि कमियों का अंबार है।

डॉक्टर्स बॉयोमीट्रिक्स नहीं करते, शिकायतें आती हैं कि डॉक्टर्स समय पर ड्यूटी नहीं करते। ओपीडी खाली रहने की शिकायतें मिलती रहती हैं। अक्सर यह शिकायत मिलती है कि महिला जब प्रसव कराने सदर अस्पताल पहुंचती है तो उन लोगों से इलाज के नाम पर पैसा लिया जाता है दूसरी और एक शिकायत मिली कि यहां एक्सरे व प्लास्टर की सुविधा है लेकिन डॉक्टर सचिन मारिज से कह रहे हैं कि बाहर से कराइये। इन सब समस्याओं पर चर्चा हुई है और सभी समस्याओं पर धीरे-धीरे उन्हें दूर करने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी सुधरने की चेतावनी दी जा रही है लेकिन आगे स्पष्ट निर्देश है कि लापरवाही के मामलों में सीधे एफआईआर किया जाए।

किसी भी तरह के मामले सामने आते हैं तो शिकायत के बाद जांच कर प्रशासन कार्रवाई करेगा। मौके पर डीपीएम हिना अरोड़ा वर्णवाल, जिला वीबीडी सालाहकार डॉ सतीबाबू डॉ बडा, डॉ शिवम, डॉ राजेश, मैनेजर जयराम यादव, बड़ा बाबू मुकेश सिन्हा व अन्य मौजूद थे।

# बोकारो : सीआईआई द्वारा वेदांता ईएसएल को मिला गोल्ड एवार्ड



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** सीआईआई नेशनल द्वारा आयोजित ईएचएस सर्कल प्रतियोगिता में देश भर के संगठनों से 7 श्रेणियों में प्राप्त 59 प्रविष्टियों के बीच वेदांता ईएसएल को गोल्ड एवार्ड से सम्मानित किया गया। ईएसएल स्टील लिमिटेड के अनुकरणीय सुरक्षा प्रथाओं को अपनाने वाले सर्वश्रेष्ठ संगठन के तहत एआई-एन्हांस्ड कैमरा डिटेक्शन के साथ सुरक्षा में सुधार प्रोजेक्ट हेतु उक्त एवार्ड प्रदान किया गया। इस परियोजना के अलावा ईएसएल स्टील लिमिटेड ने ऑनलाइन प्रतियोगिता में डिजिटलीकरण और प्रौद्योगिकी के सर्वोत्तम अनुप्रयोग और उपयोग के लिए भी खुद को नामांकित किया। ईएसएल टीम में के संदीप अभिषेक पॉल और जवेरिया मजहर सहित सुरक्षा और डिजिटल कर्मी शामिल रहे और इसका नेतृत्व समीर दास ने किया ये उत्कृष्ठ विजय ईएसएल स्टील लिमिटेड के पर्यावरण,स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति अटूट समर्पण को प्रदर्शित करता है।

# सीसीएल बीएंडके मे अधिकारियो व कर्मियों ने ली मतदान करने की शपथ



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** सीसीएल बोकारो एवं करगली क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्यालय में मतदान करने शपथ सभी कर्मचारी एवं अधिकारियों के द्वारा लिया गया। जिसमें सभी ने यह प्रतिज्ञा की की सभी निर्भीक होकर अपने कर्तव्य का पालन करेंगे, और ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान में भाग लेंगे और दूसरों को भी मतदान करने हेतु प्रेसरित करेंगे। कार्यक्रम में महाप्रबंधक बोकारो एवं करगली के रामकृष्णा, स्टाफ ऑफिसर माइनिंग के डी प्रसाद, स्टाफ अधिकारी कार्मिक एवं प्रशासन राजीव कुमार, एसओईएंडएम जी मोहंती, एसओ सिविल सतीश कुमार सिंहा, एरिया सेल ऑफिसर एस त्यागी कार्मिक प्रबंधक पीएन सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगणों ने भाग लिया। क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक ज्ञानेंद्र चौबे के द्वारा सभी को शपथ दिलाया गया। करगली उत्खनन परियोजना, कारो परियोजना, बोकारो कोलियरी, खास महल, रीजनल स्टोर से संबंधित परियोजना पदाधिकारी की उपस्थिति में शपथ दिलाया गया।

# धन बल की ताकत

चुनाव आयोग और अन्य एजेंसियों की सक्रियता से बरामद करीब पौने पांच हजार करोड़ रुपये इस बात की ओर संकेत है कि जनतंत्र के सामने धनबल की चुनौती कितनी बड़ी हो चुकी है। विडंबना देखिये कि स्वतंत्र भारत के आम चुनावों के क्रम में यह अब तक की सबसे बड़ी नकदी की बरामदगी है। चुनाव आयोग का दावा है कि हर रोज सौ करोड़ रुपये की बरामदगी होती रही है। निश्चय ही ये हालात भारतीय लोकतंत्र के भविष्य के लिए अच्छे संकेत नहीं हैं। आज जनप्रतिनिधि संस्थाओं में करोड़पति माननीयों की लगातार बढ़ती संख्या बताती है कि धनतंत्र का दायरा लोकतंत्र में लगातार किस हद तक बढ़ता जा रहा है। इस संकट का बढ़ना बताता है कि हमारे राजनीतिक दलों की तरफ से इस दिशा में कोई ईमानदार पहल नहीं हुई है। 21वीं सदी में भी यदि भारतीय लोकतंत्र में आम चुनावों के दौरान धनबल, बाहुबल, अफवाह तंत्र की दखल तथा आचार-संहिता के उल्लंघन का सिलसिला जारी है तो इसका मतलब है कि हम अभी तक परिपक्व व जिम्मेदार नागरिक तैयार नहीं कर पाए। सवाल यहां धनबल का ही नहीं है, छापों के दौरान बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थों की बरामदगी भी एक बड़ी चिंता का विषय होना चाहिए। चुनाव आयोग की तरफ से बरामदगी के जारी आंकड़े बताते हैं कि इसमें 45 फीसदी नशीले पदार्थों की बरामदगी है। ऐसे में इस साल मतदान की प्रक्रिया से जुड़ रहे 1.8 करोड़ नये मतदाताओं को हमें लोकतंत्र की मौजूदा विसंगतियों से दूर रखना है। यदि हम ऐसा कर पाने में सफल होते हैं, तो तभी हम स्वस्थ लोकतंत्र की बुनियाद रख पाएंगे। ऐसे में हमारी प्राथमिकता हो कि हम नोटों की गड्डी की बजाय वोट की पवित्रता को अपनी प्राथमिकता बनाएं।


# म्यांमार में हिंसा

म्यांमार और भारत के बीच करीब 1,600 किलोमीटर की साझा सीमा है। यह पूर्वोत्तर के चार राज्यों मणिपुर, नगालैंड, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम तक विस्तारित है। परंतु हमें म्यांमार के बारे में ज्यादा बातें सुनने को नहीं मिलती हैं, खासतौर पर 1 फरवरी, 2021 के बाद से जब मिन अंग हलाइंग के नेतृत्व वाली म्यांमार की सेना यानी तमरॉ ने लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई आंग सान सू ची के नेतृत्व वाली नैशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी (एनएलडी) की सरकार का तख्ता पलट दिया था।

सूची को पुनः नजरबंद कर दिया गया और एनएलडी ने इन चुनावों का बहिष्कार किया। सैन्य सरकार के दल को जीत हासिल हुई और उसने 2015 तक शासन किया। इस दौरान उसने अर्थव्यवस्था को आंतरिक और बाहरी स्तर पर काफी हद तक खोलने का प्रयास किया। 2011 में सू ची को रिहा कर दिया गया। एनएलडी ने 2015 के चुनावों में हिस्सा लिया और तमाम हालात और अनुमानों को परे हटाते हुए पार्टी ने संसद के दोनों सदनों तथा अधिकांश राज्य विधानसभाओं में भारी जीत हासिल की। दुनिया में ऐसा दूसरा उदाहरण नहीं है जहां 25 वर्ष बाद एक ही दल और नेता को इतनी बड़ी जीत हासिल हुई हो। फरवरी के आखिर में सैन्य शासन ने युवाओं की अनिवार्य भर्ती आरंभ की जिससे बचने के लिए बड़ी तादाद में युवा म्यांमार के लोग पड़ोसी देशों की ओर भागे। इस सप्ताह के आरंभ में तमरॉ ने करेन प्रांत के अहम कारोबारी केंद्र म्यावड्डी पर नियंत्रण गंवा दिया। देश के दूसरी ओर कुछ दिन पहले भारत सरकार ने हालात की गंभीरता को पहचाना और सित्तवे में अपने वाणिज्य दूतावास को खाली करा लिया। भारत तथा राष्ट्रीय एकता सरकार तथा अन्य सैन्य शासन विरोधी दलों के बीच सीमित संपर्क है।

# नक्सल विरोधी कार्रवाई पर हमदर्दी भरा दृष्टिकोण क्यों?





-डॉ रमेश ठाकुर

> सन 2009 में यूपीए सरकार ने ऑपरेशन 'ग्रीन हंट' शुरू किया था। तब कहा गया था कि सरकार नक्सलियों को पूरी तरह खत्म कर देगी। सीआरपीएफ को इसके लिए खास तरह के टास्क दिए गए। इस अभियान में भारतीय सेना को भी लगाया गया। लेकिन, यह ऑपरेशन सुरक्षा बलों के लिए ही काल बन गया। अप्रैल-2010 में नक्सलियों ने दंतेवाड़ा में एक ही दिन 76 सीआरपीएफ के जवानों की हत्या कर दी।

छत्तीसगढ़ के कांकेर में पिछले सप्ताह केंद्रीय सुरक्षाकर्मियों ने एक ऑपरेशन के तहत बड़ी संख्या में नक्सलियों को मार गिराया। सूचनाएं थी कि नक्सली चुनाव में गड़बड़ी करने वाले थे। उनका निशाना पोलिंग बूथ थे। उनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद हुआ। नक्सलियों पर इस कार्रवाई को लेकर एक दफा फिर कांग्रेस ने प्रमाणिकता पर सवाल उठाए हैं। वाजिब सवाल ये है कि आखिर चुनाव के बीच नक्सल और सुरक्षाबलों के बीच चले इस संघर्ष को राजनीतिक रंग देने में किसका भला होगा? भूपेश बघेल तो मुठभेड़ को फर्जी भी बता रहे हैं। वहीं, कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भी बिना सोचे समझे नक्सलियों से हमदर्दी जताई। हालांकि, विरोध होने पर अब दोनों अपने बयानों को लेकर लीपापोती करने में लगे हैं। जबकि, कायदे से देखें तो नक्सलियों ने उनके भी कई नेताओं को मौत के घाट उतारा है।

बहरहाल, कांकेर मुठभेड़ को लेकर कांग्रेस और सत्तारूढ़ पार्टी के बीच जमकर वाकयुद्ध जारी है। पर, नक्सलवाद की समस्या चुनाव तक ही सीमित नहीं रहने वाली? क्योंकि देश विगत 70 वर्षों से नक्सल आतंकवाद झेलता आया है। अब समय की मांग है कि इसे जड़ से खत्म किया जाए। केंद्र की योजना फिलहाल इसी ओर अग्रसर भी है। अभी तक हजारों नक्सली मारे गए हैं जिनमें बड़ी संख्या में हमारे जवान भी शहीद हुए हैं। इसलिए इस समस्या को राजनीतिक चश्मे से देखने कतई औचित्य नहीं? इस समस्या को जड़ से मिटाने की राष्ट्रीय नीति के प्रति सभी को एक समान विचार रखना चाहिए। केंद्र सरकार ने गत दस वर्षों में नक्सल उन्मूलन की नीति पर एक निरंतरता बनाया हुआ है जिसके बेहतरीन परिणाम भी मिले हैं।

आंकड़ों पर गौर करें तो 2004-14 के यूपीए के दस सालों के नक्सली हमलों या मुठभेड़ों में 1,750 सुरक्षा बलों के जवानों की शहादत हुई थी, लेकिन 2014-23 में करीब 72 फीसदी तक कमी आई। इस दौरान 485 सुरक्षाबलों के जवानों की जान गई। इसी अवधि में नागरिकों की मौत की संख्या भी 68 प्रतिशत घटकर 4,285 से 1,383 हुई। कांग्रेस सरकार अपने वक्त में ये तय नहीं कर पाई थी कि वह आर्म्ड वाम विद्रोह के खिलाफ केंद्रीय नीति किस तरह की रखे। कांग्रेस के नेताओं में इस पर एकमत था ही नहीं। प्रधानमंत्री के रूप में मनमोहन सिंह उच्चस्तरीय सुरक्षा सम्मेलनों में तो यह कहते रहे कि नक्सलवाद देश के लिए खतरा है। पर, गृहमंत्री के रूप में चिदंबरम ने सशस्त्र विद्रोह के प्रति कोई आक्रामक नीति कभी बनाई ही नहीं? मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे दिग्विजय सिंह ने नक्सलवाद के मूल कारणों को ढूंढने के अपने सिद्धांत बना लिए और उसी की वकालत करते रहे।

घरेलू मोर्चे पर यह ऑपरेशन 'ब्लूस्टार' के बाद सुरक्षाबलों की सबसे ज्यादा मौतों की यह घटना बन गई। यूपीए में तीन-तीन गृह मंत्री बनाए गए, शिवराज पाटिल, चिदंबरम और सुशील शिंदे। नक्सलवाद को लेकर तीनों की अपनी अलग-अलग राय थी। यूपीए सरकार में ही हिंसक नक्सलियों को गुमराह और नेक इरादे वाले लोगों के रूप में वर्णन किया गया। यूपीए सरकार ने ही मलकानगिरी के कलेक्टर विनील कृष्णा के बदले में आठ माओवादियों को रिहा किया। उसी दौरान माओवादी समर्थकों का एक पढ़ा लिखा वर्ग भी तैयार हुआ, जिन्हें आज अर्बन नक्सली कहा जाता है।

नक्सल वामपंथी उग्रवाद को किसी भी तरह की रियायत नहीं दी जाएगी। 2015 में मोदी सरकार ने आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ राष्ट्रीय नीति और कार्ययोजन शुरू की थी, जिसमें हिंसा के प्रति जीरो टॉलरेंस की बात कही गई थी। सरकार ने उसी समय से किसी भी तरह की हिंसा से निपटने के लिए पुलिस और सुरक्षाबलों का आधुनिकीकरण करना शुरू कर दिया। प्रशिक्षण के लिए विशेष तौर पर फंड जारी किए। इसके साथ ही सरकार ने हिंसा प्रभावित राज्यों की सहायता के लिए विशेष बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की योजना पर काम शुरू किया। सुरक्षा जरूरतों में आने वाले खर्चों के लिए अलग से धनराशि जारी की। इतना ही नहीं इस पूरे काम की निगरानी करने के लिए सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में अमित शाह के नेतृत्व में गृह मंत्रालय में एक अलग डिवीजन बनाया। इसे वामपंथी उग्रवाद प्रभाग का नाम दिया गया।

वामपंथी उग्रवादियों का मुकाबला करने और राज्य पुलिस बलों की क्षमता को बढ़ाने के लिए राज्यों में इंडिया रिजर्व बटालियन का भी गठन किया गया। लगातार ऑपरेशन से माओवादियों और नक्सलियों के पांव उखड़ गए हैं। हिंसा और अपराधों के आकड़े में लगातार कमी आई है। वर्ष 2014 से 2023 के बीच में वामपंथी उग्रवाद से संबंधित हिंसा में 52 फीसदी से अधिक की कमी आई है। इस तरह कुल मौतों में भी 69 फीसदी की कमी आई है। सुरक्षाबलों के हताहतों की संख्या इस समय काफी कम है। यह एक बड़ी उपलब्धि है। ये तभी संभव हुआ जब केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्र और राज्यों के बीच एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण का मार्ग प्रशस्त किया, जिसके चलते ही विगत वर्षों में उग्रवादी गुटों के कई सदस्य सरकार के सामने आत्मसमर्पण करने को भी मजबूर हुए।

केंद्र सरकार ने कई मर्तबा वामपंथी उग्रवादियों को हिंसा छोड़ने और बातचीत करने का प्रस्ताव दिया था। उनके लिए केंद्र ने कई विकास परियोजनाएं भी शुरू करने की बात कही। इनमें वामपंथी उग्रवाद से ग्रस्त क्षेत्रों में 17,600 किलोमीटर सड़कों को मंजूरी देना। केंद्र ने राज्यों को नियमित निगरानी के लिए हेलीकॉप्टर और मानव रहित हवाई वाहन उपलब्ध करवाना। सुरक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के लिए स्पेशल फंड्स जारी किए। इस मद में करीब 971 करोड़ रुपये की परियोजनाएं मंजूरी भी हुईं। इन परियोजनाओं में 250 किलेबंद पुलिस स्टेशन स्थापित करने का काम शुरू भी हुआ। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए सड़क आवश्यकता योजना को केंद्र सरकार ने आठ राज्यों आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और उत्तर प्रदेश के 34 जिलों में लागू किया है। इस योजना में 5,362 किलोमीटर सड़कों का निर्माण हो भी चुका है।

## खास बात

### दक्षिण सागर में चीन की दिलचस्पी

**नागेन्द्र सिंह**

**चीन** ने तीन मुख्य युद्धपोतों को अपनी नौसेना में शामिल किया है। इनमें परमाणु ऊर्जा से संचालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी, एक विशाल विध्वंसक और देश का सबसे बड़ा तेज गति वाला युद्धक जहाज है जिसमें करीब 30 हेलिकॉप्टर और सैकड़ों सैनिक सवार हो सकते हैं।

इन पोतों को शनिवार को राष्ट्रपति शी जिनपिंग की उपस्थिति में सानया में आयोजित एक समारोह में सेवा में शामिल किया गया। सानया हैनान प्रांत में विवादित दक्षिण सीन सागर में चीन का मुख्य नौसैन्य अड्डा है।

हांगकांग के साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने रविवार को खबर दी कि सेवा में शामिल किए गए पोतों में 075 प्रकार के बेहद तेज गति वाले युद्ध जहाज शामिल हैं जो 30 हेलिकॉप्टरों और सैकड़ों सैनिकों को ले जा सकते हैं। यह चीन का सबसे विशाल युद्धक पोत है जो करीब 40,000 टन तक पानी को हटा सकता है। जानकारों की मानें तो ये युद्धपोत आने वाले समय में क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना के स्वतंत्र नेविगेशन मिशन के लिए चुनौती खड़ी कर सकते हैं।

सरकारी अखबार चाइना डेली ने खबर दी कि 09 प्रकार की पनडुब्बी चीन के परमाणु ऊर्जा संचालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियों की दूसरी पीढ़ी श्रेणी की मानी जा रही है जिसने पुराने प्रकार 09कक की जगह ली है। खबर में कहा गया कि 055 प्रकार पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी (प्लान) का सबसे शक्तिशाली विध्वंसक पोत है जिसमें नये प्रकार की वायु रक्षा प्रणाली, मिसाइल रक्षा, पोत रोधी और पनडुब्बी रोधी हथियारों से लैस है।

नये पोतों को शामिल करना चीनी नौसेना के व्यापक आधुनिकिरण का हिस्सा है जिसमें विमान वाहक पोत भी शामिल हैं। चीन ने दो विमानवाहकों का निर्माण किया है। आधिकारिक मीडिया खबरों में कहा गया है कि चीन की छह विमानवाहक पोतों के निर्माण की योजना है।

इस प्रकार की सामरिक तैयारी का अमेरिका और चीन के साथ-साथ जापान से चल रहें तनाव को बढ़ाने के साथ ही चीन की स्थिति और मजबूत कर रहा है।

# विचारों का सम्मान

## विचार-प्रवाह

**निशांत जैन**

**यह** समझना जरूरी है कि उत्साह से लबरेज आज की युवा पीढ़ी भगवान महावीर के संदेशों को किस रूप में देखती है? युवाओं के सपनों को साकार करने में इन संदेशों की क्या कोई अहमियत है? इन सवालों के जवाब पाने के लिए देखते हैं युवाओं के लिए तीर्थंकर महावीर की 10 काम की बातें,

महावीर की वाणी के तीन आधारभूत मूल्य हैं, अहिंसा, अनेकांत और अपरिग्रह। ये युवाओं को आज की भागमभाग और तनाव भरी ज़िंदगी में सुकून की राह दिखाते हैं।

महावीर की अहिंसा केवल शारीरिक या बाहरी न होकर, मानसिक और भीतर के जीवन से भी जुड़ी है। महावीर मन-वचन-कर्म, किसी भी जरिए की गई हिंसा का निषेध करते हैं। इस तरह महावीर खुद सुकून से जीने और दूसरों को भी जीने देने की राह सुझाते हैं।

**अनेकांत : दूसरों के विचारों का सम्मान**

अनेकांत का अर्थ है, सत्य को उसके सभी पहलुओं के साथ देखना। आज के दौर में महावीर का अनेकांतवाद और स्यादवाद का सिद्धांत बेहद प्रासंगिक है। अगर हम अनेकांतवाद को अपनाते हुए दूसरों के विचारों की भी अहमियत समझें, तो एक बेहतर दुनिया का निर्माण कर सकते हैं। तमाम तरह की कट्टरताएं यहां खुद-ब-खुद खत्म हो जाती हैं।

**अपरिग्रह: दूसरों की जरूरतों का सम्मान**

अपरिग्रह यानी जरूरत से ज्यादा चीजों का संचय न करना। महावीर का अपरिग्रह का सिद्धांत न केवल बाहरी परिग्रहों, बल्कि मन के विकारों और तनावों को भी त्यागने को संदेश देता है।

## आपके ट्वीट


**रांची** के संजय कुजूर को हमारी सरकार ने मरांग गोमके छात्रवृति देकर लंदन पढ़ने भेजा था। उन्हें यूके से ज्योग्राफिकल डाटा साइंस में पीजी की डिग्री मिली है।

फिर एक बार, यह साबित हुआ कि हमारे बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है, लेकिन पहले की सरकारें उन्हें उचित मौका नहीं देती थीं।

**– चंपई सोरेन, सीएम**

**पुष्टिमार्ग** के प्रवर्तक और शुद्धाद्वैत के प्रसारक महाप्रभु वल्लभाचार्य जी के प्राकट्य दिवस एवं वरूथिनी एकादशी की हार्दिक शुभकामनाएँ।आधिभौतिक, आधिदैविक व आध्यात्मिक त्रिविध ताप भंजक है - भगवन्नाम स्मरण !

**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**






**न्यू** इंडिया का न्यू नाराः हर-घर बेरोजगारी घर-घर बेरोजगारी

75 सालों में मोदी जी देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिनके मॉस्टर स्ट्रोक से 45 करोड़ से ज्यादा लोग नौकरी पाने की उम्मीद ही छोड़ चुके हैं।

**– राहुल गांधी**

## कार्टून वर्ल्ड




# राजनैतिक मूल्यों की बात अब बेइमानी क्यों ?

## सामयिक

**सुधांशु कुमार**

**भले** ही चुनावों को लेकर औपचारिक प्रावधान बरकरार हैं लेकिन भारतीय लोकतंत्र राजनीतिक संस्कृति के एक बड़े संकट का सामना कर रहा है। इस संकट में सत्ताधारी दल और विपक्ष के बीच के संवाद, एक विविधतापूर्ण समाज में बहुसंख्यकवाद की बढ़ती वैधता, मूल अधिकारों और कानून प्रवर्तन के प्रावधानों के प्रभाव को लेकर भरोसा कम होना, केंद्र सरकार द्वारा राज्यों के अधिकारों के अतिक्रमण के साथ संघवाद का क्षय, विकास संबंधी नीतियों का चुनावी नतीजों को लक्ष्य कर बनाया जाना आदि बातें शामिल हैं।

भारतीय संविधान ने देश को धर्मनिरपेक्ष, उदार लोकतांत्रिक मूल्यों वाला बनाया और इसकी वजह थी विभाजन के सांप्रदायिक आधार को लेकर तीव्र प्रतिक्रिया। संविधान सभा की बहसों को पढ़ने से भी यह बात प्रमाणित होती है। नेहरू युग में इसका बचाव एक ऐसे नेता ने किया जो दिल से धर्मनिरपेक्ष था, संसदीय परंपरा की इज्जत करता था और लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका की भी। सच तो यह है कि सत्ताधारी दल स्वयं विविध हितों वाले लोगों का समूह था और इसलिए विचारधारा आधारित शासन रोकने में मदद मिली। आज जिस दल का सत्ता पर कब्जा है वह विचारधारा आधारित राजनीतिक शक्ति है। ऐसा नहीं है कि संसदीय परंपरा और विपक्ष का यह सम्मान नेहरू युग की खासियत रही। बहुत बाद में पीवी नरसिंह राव, अटल बिहारी वाजपेयी और डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में भी यह देखने को मिला। परंतु इन दिनों विपक्ष और सरकार के साथ रिश्तों की जो स्थिति है और कानून तथा नीतियां बनाने के पहले मशविरों के न होने ने भी उस विश्वास को कमजोर किया है जिसके आधार पर एक लोकतांत्रिक सरकार काम करती है।

हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती है एक धर्मनिरपेक्ष और उदार लोकतांत्रिक देश के रूप में हमारे भविष्य में आस्था बहाल करना और विविधता को लेकर व्यापक सहिष्णुता। यह बात संविधान की बुनियाद में अंतर्निहित है जिसके तहत सार्वभौमिक मताधिकार से शासन चलता है। इसका अर्थ है धर्म, जातीय पहचान, भाषा, लिंग और अन्य विविधता वाली बातों की भरपूर इज्जत करना।

सन 1940 के दशक में सार्वभौमिक मताधिकार के कारण समाज में समता की भावना पैदा हुई जबकि हमारा समाज ऐसा जहां पदसोपानिक असमानता सामाजिक ढांचे और व्यक्तिगत मनोविज्ञान में गहरे तक धंसी हुई है। इससे संबंधित निर्देश विभिन्न जिलों में पदस्थ सभी अफसरशाहों तक पहुंचाए गए कि ऐसी सार्वभौमिक मतदाता सूची तैयार की जाए। पहले से मौजूद मतदाता सूचियां प्रायः सार्वभौमिक नहीं होती थीं और समुदायों द्वारा तैयार की जाती थीं। अफसरशाहों ने इस आदेश को गंभीरता से लिया। उदाहरण के लिए तत्कालीन बंबई के जिला कलेक्टर ने पूछा कि सड़कों पर रहने वालों को कैसे छोड़ा जा सकता है जबकि उनका तो कोई स्थायी पता भी नहीं होता। मेरा मानना है कि अफसरशाहों ने तय किया कि उनकी सोने की जगह को ही उनका पता माना जाए। यह नियम अब भी जारी है। आज जरूरत इस बात की है कि हमारी अफसरशाही शासन के हर स्तर पर ऐसी ही प्रतिबद्धता दिखाए। सार्वभौमिक मताधिकार जैसा सिद्धांत तब कारगर नहीं है जब समाज के किसी एक समूह की वैचारिकी हावी हो। लोकतंत्र के समक्ष सबसे बड़ा खतरा बहुसंख्यकवादी अधिनायकवाद है। इससे बचने के लिए हमें ऐसी राजनीतिक संस्कृति और मीडिया की जरूरत है जो लोगों के बीच विश्वास बढ़ाए।

सबसे पहले इस बात को चिह्नित करना होगा कि हम सब समान हैं।

# उत्तर में कहां फंस रहा भाजपा का पेंच, दक्षिण में माहौल क्या है?

## चुनावी चर्चा

**अंकित सिंह**

तमिलनाडु और केरल को लेकर नीरज दुबे ने कहा कि भाजपा के पक्ष में माहौल बनता दिखाई दे रहा है। लेकिन ऐसा नहीं है कि भाजपा यहां बहुत ज्यादा सीटें जीतने जा रही है। तमिलनाडु के 39 सीटों में से तीन से चार सीटों पर भाजपा को बढ़त मिल सकती है।

लोकसभा चुनाव को लेकर सियासत जबरदस्त तरीके से जारी है। हमने प्रभासाक्षी के खास कार्यक्रम चाय पर समीक्षा में भी सियासी मुद्दों पर चर्चा की। हमेशा की तरह इस कार्यक्रम में मौजूद रहे प्रभासाक्षी के संपादक नीरज कुमार दुबे जी। हमने नीरज कुमार दुबे से पहले सवाल दक्षिण को लेकर ही पूछा। हमने पूछा कि आखिर दक्षिण में क्या माहौल है? इसके जवाब में नीरज दुबे ने कहा कि कर्नाटक की बात करें तो कहीं ना कहीं भाजपा को बढ़त मिलती दिखाई दे रही है। कर्नाटक में भाजपा और जेडीएस का जो गठबंधन है, उसको जबरदस्त सपोर्ट मिलता दिखाई दे रहा है। भाजपा ने जेडीएस के साथ गठबंधन करके जो कहीं कमी दिखाई दे रही थी, उसको पूरा करने की कोशिश की है। कांग्रेस के प्रति लोगों में नाराजगी है। जिस तरीके से बेंगलुरु के एक कैफे में आतंकवादी हमला हुआ और कांग्रेस सरकार ने जैसे डील किया, उससे भी लोग नाराज है।

नीरज दुबे ने कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक में 5 गारंटी देकर चुनाव लड़ा था। लेकिन कांग्रेस ने उन गारंटियों को लागू नहीं किया है। कांग्रेस पर वादाखिलाफी का आरोप लग रहा है। कांग्रेस के विधायक नाराज चल रहे हैं। विकास के लिए सरकार से फंड नहीं मिल रहा है। कांग्रेस ने राज्य के लोगों से जो वादे किए थे वह पूरे नहीं हो पा रहे हैं। इस वजह से भी माहौल कांग्रेस के खिलाफ जाता हुआ दिखाई दे रहा है।

तमिलनाडु और केरल को लेकर नीरज दुबे ने कहा कि भाजपा के पक्ष में माहौल बनता दिखाई दे रहा है। लेकिन ऐसा नहीं है कि भाजपा यहां बहुत ज्यादा सीटें जीतने जा रही है। तमिलनाडु के 39 सीटों में से तीन से चार सीटों पर भाजपा को बढ़त मिल सकती है। वहीं, केरल में भी एक या दो सीटें भाजपा के पक्ष में आ सकती हैं। हालांकि, जहां कुछ भी नहीं था वहां अगर भाजपा का खाता खुला तो यह पार्टी के लिए बहुत बड़ी बात है। यही कारण है कि भाजपा जमीन पर जबरदस्त मेहनत करते नजर आ रही है। तमिलनाडु में के अन्नामलाई ने भाजपा के पक्ष में एक नया माहौल बनाया है। राज्य में भाजपा एआईएडीएमके की जगह लेने की कोशिश कर रही है।

उत्तर भारत में चुनावी लड़ाई टाइट है। इस संदर्भ में हमने नीरज दुबे से सवाल पूछा। नीरज दुबे ने कहा कि हां, मामला बहुत संघर्ष का दिखाई दे रहा है। लेकिन ऐसा नहीं है कि वहां के लोग बदलाव के लिए वोट कर रहे हैं। वहां विपक्षी दलों ने जातीय समीकरण को आधार बनाया है। जातीय समीकरण को आधार बनाते हुए ही उम्मीदवारों को तय किए गए हैं। यही कारण है कि मीडिया में भाजपा के नुकसान को लेकर खबरें चल रही है।

लेकिन पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बड़ा मुद्दा है। यही कारण है कि भाजपा के पक्ष में बड़ी संख्या में मतदाता जा सकते हैं। इसके अलावा बाकी के क्षेत्र को लेकर भी उन्होंने कहा कि वहां क्षेत्रीय दल कांग्रेस के सहयोग से मजबूती से टक्कर देने की कोशिश कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार और राजस्थान सहित तमाम राज्य में महिला वोटर बड़ी भूमिका निभा सकती हैं। यही कारण है कि भाजपा महिलाओं को साधने की कोशिश में है।

## लेटर टू एडिटर

### सुरक्षा को प्राथमिकता

**कोरोना** महामारी की लहर फिर से सर उठा रही है। लोगों की लापरवाही खतरे की घंटी से कम नहीं है। सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क लगाना, हाथों को साबुन से धोना, नियम पालना हेतु मीडिया का सहारा लेना पड़ेगा। लोगों को अविलंब वैक्सीन लगवानी होगी। अर्थव्यवस्था की चिंता छोड़ जन-सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी नाजुक दौर का मुकाबला करने में सक्षम हो सकें। **–अनिल रांची**


### सख्ती से पालना

**कोरोना** वायरस की रोकथाम के लिए टीकाकरण की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। वायरस के दहशत के साये में जी लेने और टीकाकरण अभियान शुरू होने के बाद लोगों के मन से कोरोना का डर निकल गया। लोग कोरोना से बचाव के सारे नियम व सावधानियां भूल गये। अन्यथा इसका खमियाजा पूरे देश को भुगतना पड़ेगा। निश्चित तौर पर यह एक बड़ी समस्या है।

**–पूनम कश्यप, हजारीबाग**

## स्पीड न्यूज

### अशोक शर्मा बने जनता मजदूर संघ के रीजनल उपाध्यक्ष, दी गयी बधाई




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जनता मजदूर संघ के महामंत्री सह जेबीसीसीआई सदस्य सिद्धार्थ गौतम ने सौंदा डी निवासी अशोक शर्मा को यूनियन का सीसीएल रीजनल उपाध्यक्ष मनोनित किया है। साथ ही आशा व्यक्त की है कि अशोक शर्मा मजदूर और औद्योगिकहित में कार्य करते हुए संगठन को और मजबुती प्रदान करेगें। इधर नवमनोनित सीसीएल रीजनल उपाध्यक्ष अशोक शर्मा ने कहा कि जिस उम्मीद व विश्वास के साथ मुझे यह कार्यभार सौंपा गया है उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि सबों को एक सूत्र में पिरोकर यूनियन को और बलुंदियों पर ले जाना मेरा लक्ष्य होगा। साथ ही मजदूरों के हित में कार्य करने के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। अशोक शर्मा के मनोनयन पर सीसीएल अध्यक्ष कमलेश सिंह, सीसीएल वेलफेयर बोर्ड सदस्य सुखदेव प्रसाद, सीसीएल सचिव टीनू सिंह, सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य रविंद्र सिंह, अरगडा एरिया के क्षेत्रीय सचिव रणजीत सागर, बरका-सयाल के अध्यक्ष चमन मुंडा, सचिव दशरथ कुर्मी, राजेश घांसी, परदेसी नोनिया, शिवचरण करमाली, महेंद्र सिंह, शाखा सचिव अजय, बरका-सयाल क्षेत्रीय कमेटी के वेलफेयर बोर्ड सदस्य रवि गिरी, भुरकुंडा शाखा सचिव बैजनाथ कुमार आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### श्रीश्री 108 रूद्र महायज्ञ में भंडारा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** यज्ञ समिति शिवनगर कॉलोनी के तत्वावधान में रिवर साइड भुरकुंडा स्थित शिव नगर कॉलोनी बीटीटीआई में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के बीच पांच दिवसीय श्रीश्री 108 रूद्र महायज्ञ सह प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न हो गया। वाराणसी खैरहकला के आचार्य सुशील कुमार भारद्वाज (पाठक बाबा) के देखरेख में वाराणसी बक्सर के आचार्य नरेन्द्र पंडित, रामजी पांडेय, शिवनगर रिभर साईड के सुभाष पांडेय व भुरकुंडा के निवास पांडेय द्वारा बुधवार को पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच प्राण प्रतिष्ठा कराया गया। यज्ञ के संपन्न होने पर गुरूवार को भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालु महिला-पुरूष व बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर सुरेश महतो व कपूर देवी, शंभू ठाकुर व पिंकी देवी, अविनाश कुमार व रेश्मी देवी, महेश साव व सुनीता देवी और लाल मोहन तिवारी व तिलोतमा तिवारी आदि मौजूद थें। भंडारा को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष कमलेश कुमार, उपाध्यक्ष सूरज सिंह, सचिव हिमांशु कुमार ठाकुर, सह सचिव कुणाल सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार यादव, सह कोषाध्यक्ष सुबोध कुमार यादव, अविनाश कुमार, शंभू ठाकुर, राजकुमार सिंह, शत्रुघ्न साहनी, बबलू पांडेय, आयुष कुमार, सुधांशु कुमार, मनोज कुमार पासवान, बादल पासवान, श्याम सिंह, किशन कुमार, दीपक कुमार, नागेंद्र पंडित, रंजीत मालाकार, रामजी ठाकुर, मनोज, रेशमी देवी, सानू देवी, किरण सिंह, सुनीता देवी, आशा देवी, माता देवी, रीता देवी, पिंकी देवी, शोभा पंडित, पार्वती देवी, शकुंतला देवी, सरस्वती देवी आदि का विशेष योगदान रहा।

### कुजू में दो स्थानों पर हुई चोरी



**कुजू।** कुजू नया बाजार टांड़ स्थित पीडीएस दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने आनाज की चोरी किया। पीडीएस दुकान संचालिका वीणा अग्रवाल ने कुजू ओपी में आवेदन दी है। जिसमें उन्होंने कहा कि अपने आवास के पीछे दुकान में बुधवार को लाभुको के बीच राशन बांटने के बाद दुकान को बंद कर अपने घर चली गयी। सुबह दुकान खोलने पहुंची तो देखा कि दुकान का ताला टुटा हुआ है। साथ ही छानबीन करने पर पता चला कि दुकान से चोरों द्वारा 9 बोरा चावल व दो बोरा गेहूं की चोरी हुई है। उन्होंने मामले को लेकर पुलिस से कार्रवाई करने की मांग किया है। इधर ट्रांसपोर्ट नगर स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में भी चोरों ने ताला तोड़कर कई मशीन व दवाई की चोरी कर लिया है। मामले को लेकर केंद्र में कार्यरत डॉ दीपिका मेहता द्वारा कुजू ओपी में आवेदन दिया गया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि गुरूवार की सुबह जब उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंची तो देखा कि गेट का ताला टूटी हुआ है। साथ ही ओपीडी का तालाब, टेबल लॉक, अलमीरा टूटा हुआ है। छानबीन करने पर पता चला कि सुगर, ब्लड प्रेशर, दवाई आदि गायब है। उन्होंने मामले को लेकर कार्रवाई करने की मांग की। इन दिनों कुजू क्षेत्र में चोरों द्वारा कई छोटी-बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया रहा है। जिससे क्षेत्र के लोग काफी परेशान है। क्षेत्र के कुजू, तोपा, ओरला, आरा, सारूबेड़ा, सांडी, दिगवार आदि स्थानों में चोरों द्वारा कई छोटी-बड़ी चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे है। वहीं पुलिस छानबीन में जुटी है।

### मृत युवक के परिजनों से मिले पूर्व विधायक

**चौपारण ।** बीते दिनों हथिया निवासी सागर चंद्रवंशी उम्र 28 वर्ष पिता महादेव राम की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। असामायिक मौत की खबर सुनकर पीड़ित परिवार से बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव मिलने पहुंचे। पूर्व विधायक ने परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिया। कहा कि घटना हृदय विदारक है, परिवार वालों पर दु:खों का पहाड़ टूट पड़ा है। मालूम हो कि बीते कुछ दिन पहले शादी समारोह से लौटने के क्रम चतरा रोड स्थित सवैया पुल के समीप सड़क दुर्घटना हो गई थी। जिसमें दुर्घटना स्थल पर ही सागर की मौत हो गई थी। सागर का विवाह एक वर्ष पूर्व ही हुआ था। वह दोस्त के शादी समारोह में सम्मिलित होने के लिए महज पांच दिन पूर्व ही हैदराबाद से गांव आया था। मौके पर नीलू देवी, राजेश राम, बिट्टू चंद्रवंशी, पिंटू चंद्रवंशी, चिंतामन चनद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी, कार्तिक ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

# बरही में एक सप्ताह में छह गिरफ्तार

## सैकड़ों गौवंशो को कराया गया मुक्त : एसडीपीओ

▶▶ चौपारण में मादक पदार्थ व अवैध शराब के खिलाफ अभियान जारी
▶▶ एक सप्ताह में चार प्राथमिकी दर्ज, मवेशियों को लेकर जारी रहेगा अभियान : सुरजीत कुमार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** बरही एसडीपीओ सह अपर पुलिस अधीक्षक सुरजीत कुमार ने गुरुवार को कार्यालय में प्रेसवार्ता की। पत्रकारों को एसडीपीओ सह एएसपी सुरजीत कुमार ने बताया कि पिछले एक सप्ताह के अंदर वरीय पुलिस पदाधिकारियों के निर्देश पर अनुमंडल के विभिन्न थाना के पदाधिकारियों ने अवैध मवेशियों की तस्करी मामले में लगातार कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बताया कि नेशनल हाइवे के माध्यम से अवैध रूप से ले जा रहे मवेशी के खिलाफ उनके निर्देश पर सभी थानों ने कार्रवाई की है।

**कब किस थाना में हुई है कार्रवाई :** एसडीपीओ सह एएसपी सुरजीत कुमार ने बताया कि बरही थाना में 21 अप्रैल को ट्रक संख्या यूपी 75 एम 9007 पर लदा 32 काडा को जब्त करते हुए कांड संख्या 162/24 में धारा 11 पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई हुई है और मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा गया है। बरकट्ठा में 23 अप्रैल को घंघरी स्थित विभिन्न खटालों से 131 गाय, 40 भैंस, 69 गाय का बच्चा और 22 भैंस का बच्चा को जब्त करते हुए कांड संख्या 74/24 में धारा 414/34 भादवि एवं 11 पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई हुई है। इसके अलावा चौपारण में 24 अप्रैल को पिकअप वाहन संख्या जेएच-01 डीडी 0406 पर लदा 04 भैंस, 1 गाय, 01 भैंस का बच्चा को जब्त करते हुए पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए दो लोगो को गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा गया है।

बरकट्ठा थाना में 25 अप्रैल को पिकअप वाहन संख्या जेएच-10 बीए 2498 पर लदा 05 गाय व 1 गाय का बछड़ा को जब्त करते हुए कांड संख्या 77/24 में धारा 414/34 भादवि, 11(डी) पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम एवं 3/4(ए)/12 झारखंड गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए दो लोगो को जेल भेजा गया है। सुरजीत कुमार ने बताया कि उनके पदस्थापना के बाद से ही चौपारण थाना क्षेत्र में मादक पदार्थ के खिलाफ छापेमारी अभियान में पुलिस को बड़ी उपलब्धि मिली है। उन्होंने जनता से भी अपील की है कि अगर अवैध कारोबार की सूचना किसी के पास हो तो इसकी सूचना वह उनतक पहुंचा सकते हैं। सूचना को बिल्कुल गोपनीय रखा जाएगा।

**बरकट्ठा में दो गरफ्तार :** सुरजीत कुमार ने बताया की गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार रात बरकट्ठा पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया। कोसमा महावर मोड़ जीटी रोड के पास बरही की तरफ से आने वाली गाड़ियों का चेकिंग शुरू हुआ, इस दौरान करीब 3 बजे रात पिकअप गाड़ी संख्या जेएच 10 बीए 2498 को रोका गया लेकिन पुलिस बल को देखकर गाड़ी चालक और वाहन में बैठे एक व्यक्ति गाड़ी खड़ा कर भागने का प्रयास किया परंतु गश्ती दल में शामिल पुलिस जवानों की मदद से उनलोगों को पकड़ा गया, जिसमें 4 काला रंग का गाय, 1 गोरा रंग का गाय, 1 गाय का बछड़ा 6 गोवंशियो को क्रूरता पूर्वक एवं क्षमता से अधिक लोड कर ले जाते हुए पाया गया। चालक ने बताया कि उक्त मवेशी को तिलैया कोडरमा से लोड कर पश्चिम बंगाल ले जाया जा रहा था।

चालक राजकुमार यादव, साकिन बड़ा पांडेडीह हरना पोस्ट खांडोडीह थाना बाघमारा जिला धनबाद, व्यापारी बैकुंठ कुमार, साकिन दक्षिणीचक थाना अथमल गोला जिला पटना बिहार वर्तमान पता ग्राम पलटन थाना रायगंज जिला धनबाद शामिल है।

छापेमारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक राजदेव प्रसाद सिंह, बरकट्ठा थाना के थाना प्रभारी राजदेव प्रसाद सिंह समेत पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# कांग्रेस कर रही है तुष्टिकरण की राजनीति : अविनेश सिंह

▶▶ भाजपा में सभी समुदाय के लोगों को मिलता है बराबर का हक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू के आवासीय परिसर में गुरूवार को भाजपा ने किया प्रेस कांफ्रेंस। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने घोषणा पत्र जारी किया गया है वह न ही राष्ट्रहित में है न समाजहित और न ही लोकहित में है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तुष्टिकरण को हमेशा वोट बैंक के रूप में प्रयोग करने का प्रयास किया है और इसबार के चुनाव में भी वह ऐसा ही करने का प्रयास कर रही है। श्री सिंह ने कहा कि इसके विपरित भाजपा के लिए देशहित और समाजहित सबसे महत्वपूर्ण रहा है और भाजपा इसी को लेकर आगे बढ़ रही है। श्री सिंह ने कहा कि जब 2014 में केंद्र में भाजपा की सरकार बनी तो उस समय देश की अर्थव्यवस्था विश्व में 11वें नंबर पर थी जो आज 5वें नंबर है। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह हमेशा प्रयास रहा है कि देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो और रक्षा के क्षेत्र में देश आत्मनिर्भर बने।

उन्होंने कहा कि भाजपा में सभी समुदाय के लोगों को बराबर का प्रतिनिधित्व मिलता है जबकि कांग्रेस हमेशा तुष्टिकरण को बढ़ावा देने का प्रयास करती है। कहा कि भाजपा किसी एक परिवार या जाति की पार्टी नही है और भाजपा समाज के अंतिम व्यक्ति के उदय को लेकर नीति बनाती है। कहा कि भाजपा में किसान, नौजवान, रिक्शा चालक सभी को आगे बढ़ने का अवसर दिया जाता है। वहीं, कांग्रेस की सोच माओवादी है। कहा कि यदि किसी व्यक्ति की पैतृक संपत्ति दो जगहों पर है तो कांग्रेस की नीति ऐसी है कि व्यक्ति की एक स्थान की पैतृक संपत्ति छीन सकती है। क्योंकि कांग्रेस द्वारा लोगों की पैतृक संपत्ति के मूल्यांकन की बात कही जा रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस द्वारा कुछ ऐसे विषय लाए गए हैं जो चिंताजनक हैं। लेकिन जनता कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति को समझती है इसलिए लोग उनके झांसे में नही आएंगे। प्रेस वार्ता में पूर्व प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुवेर्दी,जिला महामंत्री रंजन फौजी, मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, भीमसेन चौहान,नगर अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, वरिष्ठ नेता शिव कुमार गुप्ता मौजूद थे।

## रामगढ़ छावनी परिषद का नगर निकाय में विलय को लेकर बैठक

**रामगढ़ ।** रामगढ़ छावनी परिषद का नगर निकाय में विलय को लेकर अड़चनें दूर होने का नाम नहीं ले रही। कई मामले ऐसे हैं, जिस पर अभी भी रक्षा मंत्रालय राज्य सरकार से मंतव्य मांग रहा है। झारखंड सरकार द्वारा गठित की गई टीम भी छावनी परिषद के रिवेन्यू सिस्टम की जटिलता को समझने का प्रयास कर रही है। जब तक इस जटिलता को दूर नहीं कर लिया जाए तब तक रक्षा मंत्रालय द्वारा भेजे गए प्रारूप पर कोई ठोस निर्णय लेना संभव नहीं है।

छावनी परिषद के कैसे और लायबिलिटी को लेकर ही सबसे ज्यादा दिक्कत आ रही है हालांकि राज्य सरकार द्वारा गठित टीम इन दोनों बिंदुओं पर जल्द ही अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। वित्त विभाग के पदाधिकारी, रामगढ़ डीसी रोबिन टोप्पो, छावनी परिषद के सीईओ अनंत आकाश, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार व रक्षा मंत्रालय के पदाधिकारी बैठक में शामिल थे।

# पतरातु के तीन दर्जन गांवों में जायसवाल ने मांगे वोट



**हजारीबाग।** लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने गुरुवार को बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पतरातू प्रखंड क्षेत्र के डेढ़ दर्जन पंचायतों के करीब तीन दर्जन गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने दौरे की शुरूआत सुबह ग्राम पंचायत तालाटांड़ से की और समापन देर शाम को लबगा पंचायत के ग्राम रसदा में जनसंवाद के साथ किया।

इस दौरान सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने तालाटांड़, पतरातु डैम, उचरिंगा, गरेवाटांड़, कटिया बस्ती, मंडाटांड़, कुरबीज, बटुका, पालू, पारगढ़ा, डाड़ीडीह, किरिगढ़ा, सांकुल, बरवाटोला, पतरातु, जयनगर, सौंदा बस्ती, सौंदा डी, शाह कॉलोनी, पंच मंदिर, हनुमान गढ़ी, न्यू मार्केट, बिरसा मार्केट और रसदा सहित अन्य गांवों में लोगों से संवाद किया।

तालाटांड़ पंचायत स्थित पतरातु डैम की तलहटी पर बसा उचरिंगा में विस्थापित नाविक युवा संघर्ष समिति, पतरातु डैम द्वारा मनीष जायसवाल का अभिनंदन किया गया। जायसवाल ने कहा की जिसने महज 10 सालों में ही देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर करते हुए आगे बढ़ाया और गरीबों एवं जरूरतमंदों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जिंदगी संवारी, उसी मोदी सरकार को लाने की यह तीसरी बारी है और देश के साथ हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता की पूरी तैयारी है। मौके पर सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे ।

## कुरबीज में 132 बोतल शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



**रामगढ़।** पुलिस ने पतरातु थाना क्षेत्र के कुरबीज गांव में छापेमारी कर 132 बोतल शराब के साथ एक तस्कर को पकड़ा। इस बात की जानकारी गुरुवार को एसपी डॉ बिमल कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी है। उन्होंने बताया कि बुधवार की रात पुलिस को यह सूचना मिली थी की कुरबीज मंडाटांड़ में अवैध शराब की बिक्री की जा रही है। एक घर में भारी मात्रा में शराब का भंडारण किया गया है। पुलिस ने वहां घूरन गोप को पकड़ा उसके पास से 650 एमएल किंगफिशर बियर की 60 बोतल, 375 एमएल रॉयल स्टैग व्हिस्की की 24 बोतल और 180 एमएल स्टर्लिंग व्हिस्की की 48 बोतल बरामद किया गया है। इस छापेमारी में पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र राम, पतरातू इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह, पतरातु थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल थे।

# शहनाज अख्तर के भक्ति गीत पर झूमे श्रद्धालु

▶▶ बोंगावार मंडाटांड में श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ हुआ संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुजू।** बोंगावार मंडाटांड में आयोजित श्री श्री 1008 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ के समापन को लेकर समिति की ओर से बुधवार रात भक्ति जागरण में देश के प्रसिद्ध भक्ति गायिका शहनाज अख्तर शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ यज्ञ समिति के अध्यक्ष राजू साव एवं उनकी धर्मपत्नी ने किया। शहनाज अख्तर जैसे ही भगवा परिधान में मंदिर स्थल पहुंची और शिव मंदिर में पूजा -अर्चना करने के उपरांत मंच की ओर निकली तो उन्हें देखते ही राम भक्त जोर -जोर से जय श्री राम के नारे लगाने लगे। जिससे वहां का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। बाद में समिति की ओर अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। जिसके बाद उन्होंने हनुमान जी का भजन मंगल-अमंगल हारी गीत के साथ अपने भजनों को प्रारंभ किया। इसके बाद एक से बढकर एक शंकर चौड़ा रे महामाई कर रहीं चोला रे, ये उम्र गुजर जाए प्यार की भक्ति में, पंडा कराई रहीं पूजा मैयां जी के झूम -झूम के साथ अन्य कई लेटेस्ट भक्ति - गीतों से लोगों को रात भर झूमाया। शनि म्यूजिकल ग्रुप पतरातू के पुनीत पाठक एवं सौम्य पाठक ने भी अपने बेहतरीन अंदाज ओर जीवंत झांकी के साथ भजन की प्रस्तुति देकर मौजूद लोगों को खूब सराबोर कराया। शहनाज अख्तर को देखने के लिए भीड़ इतनी हो गयी थी कि पुलिस को नियंत्रण करने में परेशानी हो रही थी। हालांकि रात भर मांडू इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा व कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय सदलबल के साथ मोर्चा को संभाले हुए थे। इधर भीड़ के द्वारा शहनाज अख्तर के साथ एक सेल्फी लेने के लिए बेताब दिखे। वहीं शहनाज अख्तर भी सभी के साथ फोटो खिचवाकर उनका मान रखा। जागरण को सफल बनाने में समिति के राजू साव, विश्वामित्र महतो, तेज नारायण महतो, प्रेमलाल महतो, दिनेश्वर कुशवाहा, दीपक कुशवाहा, खेमन महतो, सुरेंद्र महतो, रामबचन महतो, हरिनाथ महतो, कृष्णा गिरी, केदारनाथ मिश्रा, भुवनेश्वर महतो, लक्ष्मी नारायण पंडा, उत्तम पंडा, प्यारी लाल कुशवाहा, सूरज कुशवाहा, धनेश्वर महतो, दीनू महतो, विनोद प्रजापति, रामप्रवेश साव, नरेश ठाकुर, कौलेश्वर प्रजापति, बाबूलाल मुंडा, अशोक करमाली, संतोष करमाली आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### एक मई को पर्चा भरेंगे झारखंड पार्टी के प्रत्याशी राज कुमार कुशवाहा, एनोस एक्का रहेंगे मौजूद



**दारू।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से झारखंड पार्टी प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा 1 मई को झारखंड पार्टी के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। इस नामांकन कार्यक्रम के अवसर पर झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का, केंद्रीय महासचिव अशोक भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष ऐनुल हक अंसारी सहित झारखंड पार्टी के कई गणमान्य शामिल होंगे। इस संबंध में जानकारी साझा करते हुए झारखंड पार्टी के हजारीबाग जिला अध्यक्ष सूरज कुमार कुशवाहा ने बताया कि 1 मई को राजकुमार कुशवाहा के नामांकन कार्यक्रम में झारखंड पार्टी के नेताओं कार्यकताओं और समर्थकों सहित हजारों की संख्या में पुरे लोकसभा क्षेत्र से लोग शामिल होंगे। इस संबंध में बताया कि अपने निवास स्थान झुमरा तिलैया से होते हुए मेरू, अमृत नगर, कोर्रा मटवारी से गांधी से पैदल यात्रा करते हुए डिस्ट्रीक्ट बोर्ड चौक होते हुए समाहरणालय पहुंचेंगे। जहां जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। वहीं नामांकन कार्यक्रम को लेकर उनके समर्थकों और कार्यकताओं में काफी उत्साह का माहौल देखा जा रहा है जिसको लेकर तैयारियां जोरों पर है।

### विष्णुगढ़ के तीन पंचायतों के प्रभारी बने जितेंद्र गिरी

**बरही।** दुलमाहा निवासी भाजपा नेता सह पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गिरी को लोकसभा चुनाव को देखते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत विष्णुगढ़ के तीन पचायतों का प्रभारी बनाया गया है। इस संबध में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत गाल्होबार, नरकी और खरकी पंचायत का प्रभारी उन्हे बनाया गया है। इन तीनो पंचायतों में बूथ बनवाना है और भाजपा के पक्ष में मतदान करवाना है। बताया कि उन्होंने तीनों पंचायतों में कार्यकताओं के साथ बैठक कर बूथ बनाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि इस बार एनडीए 400 का आंकड़ा पार कर पूर्ण बहुमत के साथ जीत की हैट्रिक के साथ केंद्र में पुन: सरकार बनाएगी। भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल इस बार भारी मतों से विजयी होंगे।

### मलेरिया दिवस पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**चरही।** चुरचू आरजीएस प्लस-टू हाई स्कूल में विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। मलेरिया तकनीकि पर्यवेक्षक रूपलाल कुमार ने जागरूकता कार्यक्रम किया। मलेरिया के साथ-साथ अन्य रोगों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। कार्यक्रम के माध्यम से मच्छरों से होने वाले बीमारियों के रोकथाम और उसके बचाव का तरीका बताया गया।बीमारी के लक्षण के बारे में बताया ।श्री कुमार ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मच्छरों से मलेरिया, फाइलेरिया,डेंगू,चिकनगुनिया,जीई, जैसे बीमारी होते हैं। मलेरिया का सम्पूर्ण इलाज है।बाकि चार बीमारियों का सही तरह से इलाज उपलब्ध नहीं है।इनसे बचने का उपाय है। आस-पास जल जमाव नही होने दे,जब भी सोएं तो मच्छरदानी का प्रयोग करें।शाम में खिड़की-दरवाजा बंद कर रखे। मच्छर को भागने के लिये करंज,नीम,तुलसी और लिपटाश के पत्तों और गोबर का गोइथा का धुवां करे।ये काफी कारगर है।इसके बाद विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम व क्विज प्रतियोगिता कराया गया। जिसमें प्रथम नेहा कुमारी, द्वितीय असलम अंसारी,एवं तृतीय स्थान शिवानी कुमारी ने प्राप्त की।मौके पर शशि ,किशोर,आलम,कंचन,प्रीति, सोनमती,मणि,प्रिया,साक्षी,श्वेता अल्फा ज्योति,एनी,प्रियंका सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएं और ग्रामीण शामिल थे।

### सड़क दुर्घटना में वायरिंग मिस्त्री की मौत

**बरही ।** केवला (सिंघरावा) निवासी मो शहरयार पिता युनुस खान का सड़क हादसा में निधन हो गया है। जानकारी के अनुसार बुधवार की संध्या मृतक अपने बाईक से बरही से काम कर वापस घर लौट रहा था। इसी क्रम में जीटी रोड पुरहरा के नजदीक अज्ञात वाहन के चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही स्थानीय व मृतक के परिजन घटना स्थल पर पहुंचकर सड़क जाम कर दिए। मृतक बरही में वायरिंग मिस्त्री का काम करता था। हालांकि मौके पर पुलिस के पहुंचने से जाम तुरंत खुल गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। इधर परिजनो का रो रोकर बुरा हाल है।

### बस ने पुलिस जवान को रौंदा, रांची रेफर

**चरही।** थाना क्षेत्र के एनएच 33 के चरही घाटी में तेज रफ्तार यात्री बस ने पीछे से एक पुलिस जवान को चपेट में ले लिया। जिससे पुलिस जवान बाइक समेत बस के चपेट में आ गया। गंभीर हालत में उसे हजारीबाग भेजा गया,लेकिन स्थिति नाजुक देखते हुए रांची रेफर किया गया। घायल जवान हजारीबाग जिला पुलिस बल का जवान नवीन कुमार महतो जो रामगढ़ जिले के गोला पुराबडीह का रहने वाला बताया गया। अपने बुलेट मोटर साइकिल से हजारीबाग से अपने घर गोला जा रहा था। चरही घाटी में तेज रफ्तार में आ रही महादेव ट्रेवल्स नामक बस, संख्या जेएच 02 एम/ 1705 ने बाइक सवार को पीछे से ठोकर मारते हुए निकल गई। पुलिस जवान बाइक समेत बस के चपेट में बुरी तरह से आ गया। चरही पुलिस को सूचना मिलते ही घायल जवान को इलाज के लिए हजारीबाग,फिर रांची रेफर कर दिया गया। यात्री बस को पुलिस द्वारा पकड़ कर अपने निगरानी में कर ली। सभी यात्रियों को दूसरे बस से गंतव्य के लिए भेज दिया गया।

### राधेयश्याम अग्रवाल के निधन पर मनीष जायसवाल ने परिवार को बंधाया ढाढ़स



**कुजू।** हजारीबाग सदर विधायक सह एनडीए हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल गुरुवार को कुजू के समाजसेवी सह दवा व्यवसायी राधेश्याम अग्रवाल के आकस्मिक निधन की सूचना उनके आवास पहुंचे। साथ ही, राधेश्याम के पार्थिव शरीर का अंतिम दर्शन कर नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। वहीं, ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति व शोकाकुल परिवारजनों को इस दु:ख से उबरने का साहस प्रदान करने की कामना की। बाद राधेश्याम अग्रवाल का अंतिम संस्कार रामगढ़ दामोदर नदी तट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जहाँ बड़े पुत्र त्रिपुरारी शरण अग्रवाल ने मुखाग्नि दी। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, डॉ एनडी सहाय, ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू, मनोज मिश्रा, इंदर गुप्ता, मिथिलेश प्रसाद, राजू सिन्हा, संदीप राजगरिया, संजय अग्रवाल, प्रदीप सिंह, विनय अग्रवाल, आनन्द अग्रवाल, मानव चतुवेर्दी, धनेश्वर साहू, गणेश तिवारी, दिलीप साहू, कोलेश्वर महतो, सुजीत प्रसाद सिन्हा, रतन प्रसाद साहू, गिरिशचंद्र झा, वीरू यादव, प्रेम प्रसाद, जगत्रीलाल वेदमुकेश प्रसाद, अरविंद कुमार, विजय साहू, कुमार, विनोद अग्रवाल, विजय साहू सहित काफी संख्या में कुजू व रामगढ़ आदि क्षेत्र के लोग शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## कोयला वाहनों द्वारा नो एंट्री का उल्लंघन

**सिमरिया।** सिमरिया में कोयला वाहनों द्वारा नो एंट्री का उल्लंघन एक आम समस्या थी, जिससे निपटने के लिए सिमरिया एसडीओ ने हर्षनाथपुर के पास लगे बैरियर के समीप सीसीटीवी लगवाया ताकि उल्लंघन करने वाले वाहनों की पहचान की जा सके। सीसीटीवी लगने से नो एंट्री के उल्लंघन में कमी आई है, लेकिन कोयला वाहन चालकों ने अब सिमरिया से बगरा होकर चतरा जाने का रास्ता अपना लिया है क्योंकि इस रास्ते में कोई बैरियर या सीसीटीवी नहीं है। सिमरिया से चतरा जाने के लिए दो रास्ते हैं, एक सिमरिया से हर्षनाथपुर होकर और दूसरा सिमरिया से बगरा होकर। अधिकतर कोयला वाहन अब सिमरिया से बगरा होकर जा रहे हैं और नो एंट्री का उल्लंघन कर रहे हैं।

## बाराती बस ने महिला को कुचला, मौत

**सिमरिया।** मंगलवार की रात सिमरिया थाना क्षेत्र के पीरी गांव के पास एक बारात बस ने एक महिला को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। मृतिका लूटन यादव की पत्नी राधा देवी इसी गाँव की रहने वाली थीं। महिला शादी समारोह में शामिल होकर वापस अपने घर लौट रही थीं। रास्ते में विपरीत दिशा से आ रही बारात बस ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना के बाद शीला ओपी पुलिस को मौके पर भेजा गया और शव को कब्जे में कर अंत्य परीक्षण के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया गया है। बारात बस को जब्त कर शीला ओपी में खड़ा कर दिया गया है। महिला के साथ हुई इस प्रकार की अप्रत्याशित घटना से परिजन व्यथित हैं, जबकि गाँव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

## शिक्षक की प्रतिनियुक्ति से सिमरिया विद्यालय में गणित के छात्र हुए फेल

**सिमरिया।** सिमरिया राज्य प्रायोजित +2 उच्च विद्यालय में गणित शिक्षक मिथलेश कुमार की इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय हजारीबाग में प्रतिनियुक्ति के कारण विद्यालय में गणित का कोई शिक्षक नहीं था, जिसके परिणामस्वरूप लगभग दो दर्जन बच्चे मैट्रिक में गणित विषय में कम अंक रहने के कारण फेल हो गए। इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय हजारीबाग का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा और स्कूल की छात्राओं का स्थान राज्य में शीर्ष 5 में रहा, जबकि सिमरिया प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र गणित में फेल हो गए। अभिभावकों का आरोप है कि शिक्षक पैरवी और पैसे के बदले अपने सुविधानुसार विद्यालय में प्रतिनियुक्ति करवा लेते हैं, जिससे ग्रामीण और सुदूर भारतीय स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित होती है। अभिभावकों ने मांग की है कि मिथलेश की प्रतिनियुक्ति रद्द कर उन्हें सिमरिया वापस लाया जाए, अन्यथा वे स्कूल को बंद कराकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## अन्नपूर्णा देवी 2 मई को 11 बजे गिरिडीह में भरेंगी नामांकन पत्र

**कोडरमा।** कोडरमा संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी 2 मई को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। अन्नपूर्णा देवी के नामांकन में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय सहित कई बड़े नेता शामिल होंगे। इसकी जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने दी।

## आग लगने से एक बोल्डर लदा हाईवा जलकर नष्ट

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत नवलशाही-देवीपुर मुख्य मार्ग पर अंबा नदी पुल के समीप आग लगने से एक बोल्डर लदा हाईवा जलकर नष्ट हो गया। उक्त हाइवा सीमावर्ती जिला गिरिडीह से बोल्डर लाद कर ग्रामीण सड़क धोबियाडीह की ओर से देवीपुर के रास्ते क्रेशर मंडी की ओर आ रहा था। इसी दौरान गाड़ी के अगले पहिया अत्यधिक गर्मी होने के कारण ब्लास्ट हो गया एवं अचानक आग उत्पन्न हो गया और देखते ही देखते पूरा गाड़ी धु-धुं कर जलने लगा। देखते ही देखते आग की लपेट ईतनी तेज हो गयी और पूरी गाड़ी जलकर नष्ट हो गयी।

# दहेज हत्या के आरोपी सास-ससुर को सात वर्ष कारावास

## अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की आदालत ने सुनाई सजा

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** दहेज के लिए हत्या किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने गुरुवार को आरोपी ससुर यादव, पिता ललन व सास सुनीता देवी पति सरयू यादव सतगांवा निवासी को 304 (बी) आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 7 वर्ष कारावास की सजा सुनाई। 201/34 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 3 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाया। साथ ही पांच हजार रूपये जुर्माना भी लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सभी सजाऐं साथ-साथ चलेंगी, मामला वर्ष 2022 का है। इसे लेकर सतगावां थाना कांड संख्या 127/2022 एवं एसटी 94/2022 के तहत मामला दर्ज किया गया था। अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने किया। इस दौरान सभी 10 गवाहों का परीक्षण कराया गया। लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने कार्रवाई के दौरान अपराा की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया।

वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनवर हुसैन ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्षयों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया। इसे लेकर मृतक के पिता कोलेश्वर यादव ने सतगावां थाना में मामला दर्ज कराया था। वहीं आवेदन में कहा था कि उसकी पुत्री ममता देवी की शादी वर्ष 2018 में सतगावां निवासी बबलू यादव पिता सरयू यादव के साथ हुई थी, कुछ दिन ठीक रही। इस दौरान उसे दो पुत्री हुई। उसके बाद दहेज के रूप में एक बोलेरो गाड़ी मांगने लगे और देने में असमर्थता जताने पर मेरी पुत्री को प्रताड़ित करने लगे। इसे लेकर पंचायती भी हुई मगर कोई फायदा नहीं हुआ। 24 अक्टूबर 2022 को गांव वालों ने फोन किया कि आपकी पुत्री की तबीयत खराब है, तभी मैं मोटरसाइकिल से तुरंत वहां पहुंचा मगर वहां पर कोई नहीं था। पता चला कि साक्षय मिटाने के उद्देश्य से उसकी पुत्री की ससुराल वालों द्वारा हत्या कर लाश को जला दिया है। उन्होंने थाने को दिये आवेदन में उचित कार्रवाई करने की मांग की थी।

## कम उम्र में शादी, बच्चों का मौलिक अधिकार का हनन : इन्द्रमणि साहू




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** हमारा संविधान बच्चों सहित सभी को सम्मानपूर्वक जिंदगी जीने का अधिकार देती है, पर यह अधिकार तब छिन जाता है जब किसी की शादी कम उम्र में कर दी जाती है। इससे बच्चों का मौलिक अधिकार का हनन होता है, इसे समझना हम सभी का कर्तव्य है। यदि किसी भी गांव में ऐसी घटना घटती है तो उसे शर्मनाक माना जाना चाहिए। आज इस प्रथा के कुप्रभावों को समझना और इसे रोकना बहुत जरूरी है और यह जागरूकता, शिक्षा, समझदारी, सहयोग और समन्वय से ही संभव है। यह बात आशा संस्था की ओर से कोडरमा स्थित होटल सेलिब्रेशन में आयोजित प्रेस वार्ता में गर्ल्स नोट्स ब्राइड्स के प्रतिनिाि इन्द्रमणि साहू ने कही। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक वैश्विक और सामाजिक मुद्दा है इसकी रोकथाम को लेकर काम जारी है। गर्ल्स नोट्स ब्राइड्स 100 से ज्यादा देशों में कार्य कर रही है, इसकी रोकथाम में मीडिया, सरकार एवं स्वैच्छिक संगठनों का अहम् योगदान है। वहीं समर्पण के सचिन कुमार ने बाल विवाह से बच्चों में होने वाले सामाजिक, शारीरिक और मनोवैज्ञानिक प्रभावों की जानकारी देते हुए कहा कि इस कुप्रथा को जड़ से खत्म करना बेहद जरुरी है। वहीं आलोक कुमार सिन्हा ने कहा कि हम सभी को बच्चों के प्रति गंभीर रहने और उनके अधिकारों की जानकारी रखना जरूरी है, उन्होंने कहा कि कोविड एवं जिला में ढिबरा कारोबार बंद होने के बाद यहां बाल विवाह, बाल यौन उत्पीडन, बाल तस्करी जैसी घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। मौके पर पिंकी देवी, प्रभाकर कुमार दास, मनीषा मेहता, वीणा कुमारी, सुनीता कुमारी, मंगलदेव रजक, बिमला देवी, उमेश कुमार, दीपक कुमार सिंह, जीतेन्द्र कुमार सिंह, रजनी राणा आदि मौजूद थे।

## विश्व मलेरिया दिवस के मौके पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** विश्व मलेरिया दिवस पर जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वावाान में गुरुवार को प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पोखरडीहा में छात्राओं के बीच विद्यालय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मलेरिया से बचाव, लक्षण तथा इसके उपचार पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। इस दौरान सीएचओ ने बताया कि मलेरिया संक्रमित मादा एनाफिलीज मच्छर काटने से फैलता है। साथ ही उन्होंने बताया कि ठंड के साथ बुखार आना, उल्टी होना या उल्टी जैसा लगना, शरीर में ऐंठन एंव दर्द, सिरदर्द, चक्कर आना, पसीने के साथ बुखार उतरना, पुनः बुखार आना मलेरिया का लक्षण है। घर के आस पास जल जमाव न होने दें, जल जमाव होने पर कीटनाशक किरासन तेल का छिड़काव करें। साथ ही उन्होंने कहा कि बुखार होने पर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर इलाज कराएं। मौके पर वार्डेन प्रतीक्षा मिंज, शक्ति कुमार, हाकिम सिंह, सोनू कुमार, दीपक सान्याल, गणेश कुमार, कौलेश्वर कुमार रविकर, गुड़िया कुमारी, काजल कुमारी, नेहा कुमारी, प्रीति कुमारी, करीना कुमारी समेत कई शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## भाजपा विस कोर कमेटी एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक संपन्न




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा की कोर कमेटी एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी के आवास पर विधायक सह कोडरमा विधानसभा संयोजक डॉ. नीरा यादव की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में डॉ.नीरा यादव ने कहा कि कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी 2 मई को 11 बजे गिरिडीह में अपना नामांकन करेगी। वहां के सर्कस मैदान में एक आमसभा भी रखी गई है। जिसमें केंद्रीय मंत्री और प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी एवं गठबांन के नेतागण उपस्थित रहेंगे। वहीं जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि 1 मई 2024 को सतगावां के बासोडीह बाजार में प्रदेश अध्यक्ष एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की सभा होने जा रही है, उसकी तैयारी की रणनीति बनाई गई एवं मंडल अध्यक्षों को निर्देश दिया। कार्यक्रम में विनय सिंह, रामनाथ सिंह, रवि मोदी, विजय साव, प्रकाश राम, वीरेंद्र सिंह, विजय राणा आदि उपस्थित थे।

## चतरा लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी कालीचरण सिंह आज करेंगे नामांकन

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** चतरा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह आज 26 अप्रैल 12 बजे चतरा के समाहरणालय में नामांकन करेंगे। भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने गुरुवार को पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ चतरा शहर का भ्रमण किया और मुख्य बाजार के सभी दुकानदारों और व्यापारियों को शुक्रवार को होने वाली नामांकन रैली के लिए आमंत्रित किया। वहीं भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर और दुकानदारों से मिलकर जनसभा में आने का न्योता दे रहे हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता ने बताया कि नामांकन रैली सह आमसभा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बावरी, आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो, प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू और प्रदेश के नेता एवं चतरा जिला प्रभारी विनय जयसवाल भी मौजूद रहेंगे। नामांकन के बाद बाबा घाट मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। शहर भ्रमण के दौरान व्यापारियों ने भाजपा प्रत्याशी का स्वागत किया। इस मौके पर चतरा नगर अध्यक्ष विद्यासागर आर्य, चतरा नगर प्रभारी रामविलेश सिंह, अमित साहू, जिला उपाध्यक्ष सुजीत जायसवाल, भाजपा नेता जितेंद्र जैन, भाजयुमो जिला अध्यक्ष अभिषेक केशरी, नगर महामंत्री जुगल ठाकुर, भाजपा नेता शंकर सोनी, काली यादव, जितेंद्र पांडे, राजकुमार वर्मा, गंगा देवी, अनिरुद्ध मिश्रा, संजय प्रजापति, राज शर्मा, भरत यादव, प्रदीप रावत, अमित पासवान, सनी लाल सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता एक कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का लिया जायजा, दिये कई दिशा-निर्देश

## हर प्रक्रियाओं को बारीकी से अध्ययन करें : मेघा भारद्वाज

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के आलोक में मतदान केंद्रों पर पीठासीन एवं मतदान पदाधिकारियों के रूप में कार्य करने वाले कर्मियों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन अभियंत्रण महाविद्यालय बागीटांड़ कोडरमा भवन में मतदान पदाधिकारी द्वितीय को प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज एवं डीडीसी ऋतुराज ने अभियंत्रण महाविद्यालय बागीटांड़ भवन का दौरा किया और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को चुनाव कार्य को सफलतापूर्वक और त्रुटि रहित संपन्न कराने के लिए ईवीएम पर अच्छे से हैंड्स ऑन ट्रेनिंग लेने, मास्टर ट्रेनर द्वारा बताई गई हर बात का बारीकी से अध्ययन करने एवं उसका पालन करने की बात कही। साथ ही मशीन के एरर पर ध्यान देने और उसका निराकरण करना सीख लेने का निर्देश दिया। वहीं मास्टर ट्रेनर रवि कान्त कुमार रवि, सुदीप सहाय, अश्विनी कुमार तिवारी, उमेश कुमार सिन्हा, सत्यजीत, नरेश यादव, उदय सिंह, दिलीप वर्णवाल, राजेश्वर पाण्डेय, संजय सुमन, विवेक रंजन के द्वारा मतदान पदाधिकारी द्वितीय को मतदान के एक दिन पूर्व, मतदान के दिन का कार्य, वास्तविक मतदान के पूर्व का कार्य, वास्तविक मतदान की प्रक्रिया, सीलिंग का प्रक्रिया, पोस्टल बैलेट की जानकारी समेत अन्य बिंदुओं पर पूरी तरह से प्रशिक्षण दिया गया। गुरूवार को 450 मतदान पदाधिकारी द्वितीय को प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस कुजूर समेत मास्टर ट्रेनर मौजूद थे।

## बचपन प्ले स्कूल में मनाया गया रेड कलर डे

**कोडरमा।** बचपन प्ले स्कूल अ यूनिट ऑफ ग्रिज़ली पब्लिक स्कूल में बच्चों को रंगों के महत्व से परिचित कराने के उद्देश्य से कक्षा पीजी के बच्चों के लिए रेड कलर-डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने लाल रंग की पहचान की और जीवन में उसके महत्व को जाना। इस विशेष दिन को खास बनाने के लिए कक्षाओं को रेड कलर के गुब्बारों रिबन, बॉल, तितली, सेब, टमाटर, गाजर, स्ट्रॉबेरी, फ्रॉक, की आकृति से सजाया गया। वहीं प्राचार्या नीरजा ने कहा कि बच्चों में रंगों की पहचान के लिए नियमित शिक्षा के अलावा रेड-डे, येलो-डे, पिंक-डे जैसे आयोजन उन्हें सीखने में मदद करते हैं। इस तरह के आयोजन से बच्चे मस्ती के साथ शिक्षा ग्रहण कर पाते हैं।

एक नजर में


## फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार




खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा।** थाना कांड संख्या 65/24 धारा 376/ 506/ 34 भा.द.वि. के फरार आरोपी पंकज कुमार के खिलाफ न्यायालय से निर्गत इश्तेहार उसके घर में चिपकाया गया है। टंडवा थाना अधिकारी सुनील सिंह ने आरोपी को कोर्ट में सरेंडर करने का अल्टीमेटम दिया है, अन्यथा उसके घर की कुर्की-जप्ती की कार्रवाई की जाएगी। आरोपी पंकज कुमार पर बलात्कार, धमकी देने और आपराधिक साजिश रचने के आरोप हैं।

## टंडवा में अवैध खनन और भंडारण पर कार्रवाई



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** टंडवा में अवैध खनन और भंडारण पर कार्रवाई की गई है। टंडवा सीओ विजय दास ने एक टीम का गठन कर फुलवरिया जंगल में छापेमारी की और करीब 60-70 ट्रैक्टर बालू जब्त किया है जिसकी अनुमानित कीमत करीब 4-5 लाख रुपये है। माफियाओं को कार्रवाई की भनक लगते ही उन्होंने 30-40 ट्रैक्टर बालू को हटा दिया। सीओ ने बताया कि उक्त जंगल में भंडारित किए गए बालू को जब्त किया गया है और जंगल में बालू के भंडारण से लेकर तस्करी तक के गिरोह में शामिल कई लोगों के नाम सामने आए हैं जिन पर जाँच के बाद कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है और सीओ ने कहा कि अवैध खनन और भंडारण को लेकर प्रखंड में यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार: मजदूरों के हक पर डाका, जेसीबी से डोभा की खुदाई



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** जिले के गिद्धौर प्रखंड में मनरेगा योजना में व्यापक अनियमितताएं सामने आई हैं। बिचौलिए और ठेकेदार तत्व चुनाव आदर्श आचार संहिता और अधिकारियों की व्यस्तता का फायदा उठाकर मनरेगा योजना में जेसीबी मशीनों का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे मजदूरों को काम नहीं मिल पा रहा है। ये लोग अपने घर-परिवार और रिश्तेदारों के नाम से जाब कार्ड बनाकर मनरेगा में जमकर लूट मचा रहे हैं। कार्य में मुखिया और मनरेगा कर्मियों की मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है ।ग्रामीणों ने इसकी जांच कराते हुए योजना को रद्द करने की मांग उपायुक्त से की है। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रामकुमार सिंह ने बताया कि मनरेगा के डोभा निर्माण में जेसीबी मशीन के इस्तेमाल की खबर मिली है और सभी रोजगार सेवकों को इसकी जांच कर प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया है। जांच के बाद योजना को रद्द करने की अनुशंसा की जाएगी।

## जीतन राम ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदाताओं से मांगा आशीर्वाद



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता जीतन राम सिमरिया ने चतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में मतदाताओं से आशीर्वाद मांगा और केंद्र में फिर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की। उन्होंने 26 अप्रैल को नामांकन रैली में शामिल होने के लिए लोगों को चतरा के बाबा घाट मैदान में आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि अबकी बार 400 पार करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण और देश का विकास तेज गति से जारी रखने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की फिर से सरकार बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि नामांकन रैली में 26 अप्रैल को सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग चतरा पहुंचेंगे। 20 मई को सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के पक्ष में रिकार्ड तोड़ मतदान करने का मन जनता बना चुकी है।

## फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 4 को

**कोडरमा।** लोकसभा चुनाव 2024 के आलोक स्वीप कोषांग के तहत जिला स्तरीय स्वीप फुटबॉल कप टूर्नामेंट कोडरमा 2024 का आयोजन किया जा रहा है। फुटबॉल कप टूर्नामेंट का आयोजन 4 मई 2024 को झुमरीतिलैया स्थित सीएच प्लस टू उच्च विद्यालय मैदान में किया जायेगा। 4 मई 2024 को पूर्वाह्न 6:30 बजे पुरुष वर्ग में ग्रुप 'ए' अंतर्गत चाराडीह और मोरियावां के बीच मैच खेला जायेगा। वहीं ग्रुप 'बी' अंतर्गत मंडुवाटांड व करियावां के बीच पूर्वाह्न 8:30 बजे से मैच खेला जायेगा।

# कहवां के पीअर माटी कहां के कोदार हो, कहवां के सात सुहागिन माटी कोड़े जास हे...

■ ब्रह्मर्षि विकास मंच के सामूहिक उपनयन संस्कार में आज 20 बटुकों का होगा उपनयन

■ उपनयन संस्कार की पूर्व संध्या पर मटकोर और भतखई की रस्म पूरी, जुटे परिजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** कहवां के पीअर माटी, कहां के कोदार हो। कहवां के सात सुहागिन माटी कोड़े जास हे...। ऐसी पारंपरिक लोकगीत के साथ ब्रह्मर्षि विकास मंच जमशेदपुर के द्वारा अमल संघ मैदान, सिदगोड़ा में षष्ठम सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन पूजा मटकोड़ के साथ शुरू हो गया है। इस वर्ष कुल 20 बरूआ का उपनयन कराया जा रहा है। पूरे देश में लगातार 6 वर्ष सामूहिक उपनयन संस्कार सिर्फ ब्रह्मर्षि विकास मंच, जमशेदपुर के द्वारा संपन्न कराया जा रहा है। इस आयोजन को हुलासगंज से आचार्य रंगेश शर्मा एवं उनके 7 आचार्य के द्वारा पूरी वैदिक रीति रिवाज से संपन्न कराया जा रहा है। आज स्वस्तिवाचन, संकल्प, मृतिका हरण, स्तंभ पूजन, प्रधान कलश स्थापना, गौरी गणपति पूजन, सर्वतोभद्र सहित सभी वेदियों का पूजन, सत्यनारायण भगवान का पूजन, हल्दी, गोबर जनेऊ का आयोजन संपन्न किया गया।

मटकोर के समय सभी बटुकों की मां अपने दुलारे को आॅंचल ओढ़ाकर साथ में दादी, फुआ, चाची के संग लोकगीत गाती हुई माटी कोड़ रही थी तब पूरे क्षेत्र से बिहार की माटी की खुशबू आ रही थी।




मटकोर की रस्म निभाता एक ब्रह्मर्षि परिवार व उनका बरुआ और मटकोर की रस्म का दृश्य।

## 10 वर्ष के भीतर उपनयन संस्कार करना आवश्यक : आचार्य रंगेश

संध्या 7.00 बजे से रंगेश शर्मा द्वारा संस्कार पर प्रवचन दिया गया। उन्होंने बताया कि सनातन धर्म के 16 संस्कार में उपनयन संस्कार भी शामिल है। बच्चों का उपनयन 10 वर्ष के भीतर ही करना चाहिए। हमें अपनी संस्कृति को कभी नहीं भूलना चाहिए। इसी से व्यक्ति का विकास होता है। इसके उपरांत भगवान की आरती उतारी गयी।

**रात्रि में भतखई का आयोजन किया गया :** 26 अप्रैल को सभी बरूआ का उपनयन प्रातः 8.00 बजे से कराया जायेगा। शुक्रवार की संध्या 7 बजे से मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विद्युत वरण महतो, विशिष्ट अतिथि विधायक सरयू राय, प्रसिद्ध चिकित्सक नागेन्द्र सिंह, टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी उपस्थित रहेंगे।

**कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे विशिष्ट गण :** कार्यक्रम को सफल बनाने में विजय नारायण, संजीव ओझा, कृष्णनंदन सिंह, कामेश्वर तिवारी, ब्रजेश कुमार, कृष्णकांत, श्री निवास ठाकुर, गोपाल सिंह, रवीन्द्र पांडेय, अमरेन्द्र, मुकेश, प्रमोद ठाकुर, मनोज ठाकुर की अहम भूमिका रही है।

## स्पीड न्यूज

### सीआईआई यंग इंडियंस का प्रशिक्षण सत्र 27 को

**जमशेदपुर।** बाल शोषण की घटनाओं की रोकथाम को लेकर सीआईआई यंग इंडियंस (वाईआई) द्वारा जमशेदपुर में पहली बार 'एंबेसडर फॉर चेंज' नाम से प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण सत्र का आयोजन आगामी 27 अप्रैल को सुबह 9 बजे से सेंटर फॉर एक्सीलेंस सभागार में होगा। यंग इंडियंस प्रोजेक्ट मासूम की चेयर रश्मि काउंटिया ने बताया कि मुंबई स्थित 'अर्पण' संस्था की शुभांगी शिंदे इस वर्कशॉप का संचालन करेंगी।

### ग्रेजुएट कॉलेज में चला मतदाता जागरूकता

**जमशेदपुर।** शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत में इजाफा करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनन्य मित्तल के निदेर्शानुसार ग्रेजुएट कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डीडीसी सह वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग मनीष कुमार, परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपांकर चौधरी ने युवाओं से मतदाता सूची में नाम निबंधन के आखिरी तारीख 26 अप्रैल को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि जिनका भी नाम दर्ज नहीं हो पाया है वे फॉर्म 6 जरूर भरें।

### गम्हरिया प्लस टू हाई स्कूल ने चलाया अभियान

**गम्हरिया।** राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय गम्हरिया के बच्चों द्वारा प्रधानाध्यापक मिठाई लाल यादव के नेतृत्व में गुरुवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान बच्चों ने स्कूल के आसपास स्थित गांवों में जाकर शत प्रतिशत लोगों को वोट देने के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने बताया कि लोकतंत्र में मतदान हमारा एकमात्र वह अधिकार है, जो हमें पांच वर्ष में एक बार उपयोग करने का मौका मिलता है। अत: अपने अधिकार को व्यर्थ ना जाने दें।

### जोबा के पक्ष में जम कर काम करें : केपी सोरेन

**गम्हरिया।** कांग्रेस कमेटी की गम्हरिया स्थित केपी हाउस सभागार में सम्पन्न हुई बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर मंथन किया गया। मौके पर संगठित होकर युद्ध स्तर पर प्रचार प्रसार का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केपी सोरेन ने चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं से संगठित होने की अपील की। उन्होंने कहा कि आगामी 13 मई को सिंहभूम लोकसभा सीट पर चुनाव को लेकर सभी को अलर्ट मोड में रहें।

### गम्हरिया में मलेरिया दिवस पर कार्यशाला

**गम्हरिया।** विश्व मलेरिया दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गम्हरिया में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ0 लक्ष्मी कुमारी ने अस्पताल में आने वाले मरीजों को मलेरिया रोग के लक्षण, बचाव व रोकथाम को लेकर जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने मलेरिया दिवस के उद्देश्यों को बताते हुए कहा कि हालांकि विगत कई वर्षों से इस बीमारी के रोगियों में कमी आई है। इसके बावजूद हमें सतर्क रहना है।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

# विधानसभा क्षेत्रवार ईवीएम को अलग करने का काम आरंभ

■ प्रथम रेंडमाइजेशन के बाद विधानसभावार भौतिक रूप से ईवीएम अलग करने (पृथक्करण) का कार्य प्रारंभ, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि रहे मौजूद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से सम्पन्न कराने को लेकर ईवीएम के प्रथम रेंडमाइजेशन के बाद विधानसभा क्षेत्रवार ईवीएम को भौतिक रूप से अलग-अलग (पृथक्करण) करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने कीताडीह स्थित ईवीएम वेयर हाउस पहुंचकर उक्त कार्य का अवलोकन किया। मौके पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे । 24 से 28 अप्रैल तक सभी ईवीएम भौतिक रूप से अलग-अलग करते हुए छह विधासनभा क्षेत्र के संबंधित स्ट्रॉग रूम में रखे जायेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पूरी प्रक्रिया के वीडियोग्राफी कराने का भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के अनुरूप निर्वाचन सम्बंधी सभी कार्य समय से पूरा कर लिया जायेगा। दूसरा रैंडमाइजेशन 10 मई को निर्धारित है जिसमें राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में बूथवार ईवीएम आवंटित किए जायेंगे। गौरतलब है कि जिले में लोकसभा चुनाव के अधिसूचना जारी होने की तिथि 29 अप्रैल निर्धारित है। प्रत्याशियों द्वारा नामाकंन वापसी की तिथि 09 मई, मतदान तिथि 25 मई एवं 04 जून को मतगणना किया जायेगा। कॉपरेटिव कॉलेज, जमशेदपुर को सभी छह विधानसभा क्षेत्र के लिए ईवीएम रिसिविंग सेंटर के रूप में चिह्नित किया गया है।



वेयर हाउस में रजिस्टर का अवलोकन करते भाजपा के प्रतिनिधि अनिल मोदी।

## माता-पिता अपने बच्चों को जरूर सिखायें गुड और बैड टच में अंतर

■ सुरभि शाखा ने बच्चों को दी गुड और बैड टच की जानकारी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम के चौथे दिन गुरूवार को एग्रिको स्थित पंजाब रिफ्यूजी मिडिल स्कूल के बच्चों को गुड टच, बैड टच एवं सोशल अवेयरनेस पर जानकारी देने हेतु कार्यशाला आयोजित किया गया। इस दौरान शाखा उपाध्यक्ष कि बेटी पायल अग्रवाल द्वारा बच्चों को गुड टच एवं बैड टच का प्रदर्शन (डिमॉन्सट्रेशन) करके समझाया गया। बच्चों को शरीर के विभिन्न अंगो के बारे में अच्छे से जानकारी देते हुए गुड टच (अच्छा स्पर्श) और बेड टच (बुरा स्पर्श) में फर्क बताया गया। शाखा अध्यक्ष कविता अग्रवाल के अनुसार कार्यशाला में यह भी बताया गया कि बच्चे और माता-पिता के बीच में भरोसे की नींव मजबूत होनी चाहिए।

## बाराद्वारी में इंटक के प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर के बॉडीगार्ड को गोली मारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बाराद्वारी में बुधवार के आधी रात मनोज जायसवाल ने मुकेश तिवारी को गोली मार दी। गोली मुकेश तिवारी के पेट और जांघ पर लगी है। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मुकेश तिवारी इंटक के प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडे के बॉडीगार्ड हैं। घटना के बाद मुकेश तिवारी को इलाज के लिए टीएमएच में भर्ती कराया गया जहां ऑपरेशन के बाद उनकी स्थिति खतरे से बाहर है।

मुहल्ले में झगड़ा छुड़ाने गया था मुकेश तिवारी

टीएमएच में अब खतरे से बाहर हैं मुकेश तिवारी

जमशेदपुर के सिटी एसपी मुकेश लुणावत का कहना है कि बुधवार आधी रात दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था और गोली मारी गई थी। इस क्रम में मुकेश को दो गोली लगी है। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया।

बताया जाता है कि मुकेश तिवारी अपने बॉस राकेश्वर पांडेय को उनके बिष्टुपुर स्थित आवास पर छोड़ कर अपने बाराद्वारा स्थित आवास लौट आया था। उसे एक पार्टी में जाना था। पार्टी से लौट कर वह अपने घर आया तो देखा कि मुहल्ले में दो पक्षों में झगड़ा हो रहा है। वह बीच-बचाव करने लगा तभी जायसवाल ने उसे गोली मार दी।

समाचार लिखे जाने तक टाटा मेन हॉस्पिटल में मुकेश तिवारी का ऑपरेशन कर चिकित्सकों ने पेट और जांघ से गोली निकाल दी है और वह खतरे से बाहर है। मुकेश तिवारी का हालचाल लेने उसके बॉस राकेश्वर पांडेय भी अस्पताल गए और उसे हर चिकित्सकीय मदद सुनिश्चित करवा रहे हैं।

## क्रिकेट का महाकुंभ जैन प्रीमियर लीग ट्रॉफी पर आरकेएमएस सिदगोड़ा का कब्जा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अर्का जैन यूनिवर्सिटी की ओर से जमशेदपुर को-आपरेटिव कॉलेज ग्राउंड में आईपीएल की तर्ज पर विगत 22 अप्रैल से आयोजित जैन प्रीमियर लीग जेपीएल) बुधवार को सम्पन्न हुआ। फाइनल मैच रामकृष्ण मिशन स्कूल (आरकेएमएस) सिदगोड़ा और आरमएस खूंटाडीह के बीच खेला गया। फाइनल मुकाबले में आरकेएमएस सिदगोड़ा की टीम ने आठ रनों से आरमएस खूंटाडीह को पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। मौके पर अतिथि के रूप में बीसीसीआई के सदस्य राजीव दास, टाटा स्टील स्पोर्ट्स के मैनेजर तथा इंटरनेशनल हैंडबॉल कोच सह हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के संयुक्त सचिव डॉ हसन इमाम मल्लिक, जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज के प्राचार्य डॉ अमर सिंह, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर सौरभ तिवारी एवं हैंडबॉल खिलाड़ी रिमझिम उपस्थित थीं। अतिथियों ने यूनिवर्सिटी की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता की सराहना की।




चैंपियन टीम के साथ अतिथिगण।

## जमशेदपुर लोकसभा सीट पर रिकॉर्ड मतों से जीतेगी भाजपा : दिनेश कुमार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



दिनेश कुमार।

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं ईचागढ़ के चुनाव प्रभारी दिनेश कुमार ने जमशेदपुर संसदीय सीट को लेकर दावा किया है कि यहाँ भाजपा रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल करेगी। दिनेश कुमार ने कहा कि विद्युत वरण महतो रिकॉर्ड 5 लाख वोटों के अंतर से बड़ी जीत हासिल करेंगे और जीत की हैट्रिक लगाएंगे। कहा की झामुमो शुरू से ही इस सीट पर अनिर्णय की स्थिति में रही है, उनके पास विद्युत वरण महतो को चुनौती देने वाले उम्मीदवार तक नहीं थें। औपचारिकता के लिए समीर मोहंती के नाम का ऐलान किया गया है, जबकि सच्चाई ये है की हार की बदनामी से कोई भी झामुमो के सिंबल पर लोकसभा चुनाव लड़ने को तैयार नहीं था। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार ने कहा की जमशेदपुर की जनता ने विद्युत महतो के विकास कार्यों और मोदी की गारंटी पर मुहर लगाने का मन बना लिया है।

## एक नजर में

### सामर्थ्य ने उत्क्रमित मवि भाटिया बस्ती में चलाया मतदान जागरूकता अभियान




**जमशेदपुर।** सामर्थ्य वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा 25 मई 2024 को जमशेदपुर में होने वाला मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए डीडीसी मनीष कुमार के निर्देश पर शहर भर में जागरूकता अभियान चला रहा है। अभियान चलाने के कड़ी में कदमा स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय भाटिया बस्ती के बच्चों ने रंगोली, पोस्टर, नाटक , मानव श्रृंखला, स्लोगन और क्विज के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए अभियान चलाया। सामर्थ्य की अध्यक्ष पल्लवी दीप ने कहा जागरूकता अभियान लोकसभा चुनाव के डेट की घोषणा के साथ शुरू हुआ और 25 मई 2024 को मतदान के दिन तक चलेगा। इसमें भाग लेने वाले सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष पल्लवी दीप, प्रधानाध्यापक गोपेश्वर ठाकुर, शिक्षिका प्रियंका सोनी की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

### याद किये गये भूमिज चुहाड़ विद्रोह के महानायक शहीद गंगा नारायण सिंह



**चांडिल।** नीमडीह प्रखंड के बांदडीह और सामानपुर में आदिवासी भुमिज चुहाड़ विद्रोह के महानायक वीर शहीद गंगा नारायण सिंह के मूर्ति पर झामुमो के वरिष्ठ नेता समाजसेवी सुखराम हेंब्रम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। उन्होंने उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा गंगा नारायण सिंह भूमिज विद्रोह के महानायक कहे जाते हैं। उन्होंने 1832-33 में भुमिज किसानों और जमींदारों के साथ ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ विद्रोह किया था। इस मौके पर विश्वनाथ मंडल, बुद्धेश्वर गोप, हाडीराम सोरेन सहित कई लोग उपस्थित थे।

### जादूगोड़ा व आसपास के क्षेत्रों में मनी गंगा नारायण सिंह की 234वां जन्म दिवस



**जादूगोड़ा।** जादूगोड़ा व आसपास के क्षेत्रों में वीर शहीद गंगा नारायण सिंह की 234 वा जन्म दिवस।मुख्य कार्यक्रम बड़ा सिकदी स्थित पर्यावरण चेतना केंद्र में आयोजित की गई जहा एक दर्जन गांव की महिला-पुरुषों ने गंगा नारायण सिंह की प्रतिमापर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की व ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ उनके लड़ाई याद करते हुए उनके पद चिह्नों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर आदिवासी नेता सिदेश्वर सरदार ने वीर शहीद गंगा नारायण सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला तथा कहा की उनका जन्म 1790 में चांडिल अनुमंडल अंतर्गत नीमडीह प्रखंड बांधडीह गांव में हुआ था।

### सरकारी स्कूलों में 'परिवार शिक्षक समागम' में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**जमशेदपुर।** 25 मई को जिले के एक-एक मतदाता वोट डालने बूथों पर जाएं इस बात को सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल के निदेशानुसार जिला के सभी सरकारी स्कूलों में 'परिवार शिक्षक समागम' के विशेष मौके पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान स्कूलों में बनाये गए डेमोक्रेसी रूम में बच्चों के द्वारा थमोकील, कार्टन आदि से तैयार डमी ईवीएम, बीयू, सीयू, वीवीपैट से अभिभावकों को मतदान करने की प्रक्रिया में भागीदारी करायी गयी।

## जेईई मेन-2024 : आकाश इंस्टीच्यूट जमशेदपुर के 25 विद्यार्थियों ने हासिल किया 90 परसेंटाइल से ऊपर अंक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आकाश इंस्टीट्यूट, जमशेदपुर के छात्रों ने जेईई मेन 2024 के सत्र 2 में शानदार प्रदर्शन किया है। इस परीक्षा में हमारे छात्रों ने अपनी मेहनत, समर्पण और पूवार्नुमान के साथ उत्कृष्टता का परिचय दिया है। आज, 25 अप्रैल 2024 को घोषित की गई परीक्षा के नतीजों में, आकाश इंस्टिट्यूट के छात्र अमित पाठक ने 99.59 प्रतिशताधिक प्राप्त करके संस्थान को गर्वान्वित किया है। 25 छात्रों ने 90 परसेंटाइल से ऊपर की स्थिति हासिल की है।

### परिणामों में शीर्ष 25 छात्र-छात्राओं की सूची निम्नलिखित है



परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं के साथ आकाश के शिक्षकगण।

1. अमित पाठक - 99.5915996
2. कृष्ण कुमार - 99.221277
3. मानव दल्मिया - 98.4841577
4. स्तुति श्रीवास्तव - 97.7758164
5. स्नेहा दास - 97.464539
6. अभिजीत मिश्रा - 97.4020157
7. जक्का शरत - 97.2223005
8. केशव अग्रवाल - 97.2216502
9. आशुतोष सिंह - 96.9686034
10. मृण्मय महतो - 96.3270076
11. श्याम सुंदर हंसदाह - 95.9758255
12. आदित्य भारद्वाज - 95.9063289
13. निशांत कुमार - 95.4921863
14. अमित कुमार सिन्हा - 95.2610401
15. रूपाली - 94.3354857
16. आर्यमान रास्तोगी - 94.2388582
17. सय्यद अमान आलम - 94.0912807
18. पीयूष गुप्ता - 94.0132769
19. आदित्य कुमार - 93.984597
20. अन्वेषा मन्ना - 93.8172882
21. शाजिया सुल्तान - 92.6563343
22. श्रिष्टि सिंह - 92.1642138
23. आयुष नायक - 91.9542511
24. स्मृति तुबिद - 91.2349355
25. हर्ष आनंद - 91.057679

आकाश इंस्टिट्यूट के इस उत्कृष्ट परिणाम के पीछे संस्थान की मूल योजना का अहम योगदान है, जिससे छात्रों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने में सफलता मिली है।

## जेईई मेन में नारायणा के बच्चों का शानदार प्रदर्शन




**जमशेदपुर।** साकची स्थित देश की अग्रणी इंजिनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान नारायणा आईआईटी/नीट एकेडमी, जमशेदपुर के छात्र-छात्राओं ने पुनः एक बार जेईई मेन-2024 में अपार सफलता अर्जित की है। नारायणा जमशेदपुर सेन्टर के निदेशक श्याम भूषण ने कहा कि नारायणा जमशेदपुर सेंटर में रिजल्ट जांचे जाने तक 153 छात्र सफल हुए है। सफल छात्रों की सूची जारी की गई की है, जबकि अभी रिजल्ट की जांच होनी बाकी है। श्री श्याम भूषण ने कहा कि जेईई मेन-2024 के रिजल्ट में नारायणा का ऑल ओवर इंडिया से टॉप 10 में 6 छात्र एवं टॉप 12 में 7 छात्रों ने रैंकों पर अपना कब्जा किया है, जिनका नाम - गजारे निलकृष्णा (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-1), एच. विदित (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-5), मुथावरपु अनुप (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-6), एम. साई तेजा (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-7), चिन्टु सतीश कुमार (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-8), आर्यन प्रकाश (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-10), रोहन साई पब्बा (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-12) नारायणा जमशेदपुर से जेईई (मेन) 2024 में जेनरल कटेगेरी में ऑल इंडिया रैंक 50000 के अन्दर रैंक पाने वाले छात्रों की सूची जारी की गयी है। ये हैं जमशेदपुर सेंटर के नाज : अनुज कुमार रंजन (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-4438), सचिन कुमार गुप्ता (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-5812 और ओ.बी.सी.-1215), आदर्श राय (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-14414), प्रियांशु शर्मा (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-14768), अक्षत सिन्हा (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-19633), रितिकेश कुंवर (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-21507), किसलय करण सिंह (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-26872), आदित्या कुमार (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-28545 और ओ.बी.सी. -7696), अर्श गदी (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-28753), मिस्टी शर्मा (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-30387), दिलराज सिंह (ऑल इंडिया रैंक-जेनरल-31657)।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### रामवचन राम ने किया नामांकन



**मेदिनीनगर।** बहुजन मुक्ति पार्टी के रामवचन राम ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन के समक्ष नामांकन पर्चा भरा। मौके पर उनके समर्थक व कार्यकर्ता थे।

### एचपी गैस के लाभुक जल्द करायें केवाइसी

**पाटन पलामू।** पाटन एचपी गैस के संचालक गंगा प्रसाद ने एचपी गैस के लाभुकों को जल्द केवाइसी करने के लिए कहा है। श्री प्रसाद ने बताया कि लाभुक अपना केवाइसी नहीं कराते हैं तो कंपनी सब्सिडी बंद कर देगी तथा कंपनी के द्वारा लाभुकों का कनेक्शन ब्लॉक कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस बात को एचपी गैस के ग्राहक आवश्यक समझें।

### बीडीओ और थाना प्रभारी ने स्ट्रांग रूम व सीआरपीएफ कैंप का लिया जायजा




**पाटन पलामू।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पाटन बीडीओ अमित झा एवं नावा थाना प्रभारी कमल पांडेय ने पाटन के किशुनपुर चुरादोहर स्ट्रांग रूम एवं सीआरपीएफ कैंप का जायजा लिया। इस दौरान स्ट्रांग रूम में एवं कैम्प में बिजली, पानी, शौचालय सहित सभी आवश्यक सुविधा का जायजा लिया। वहीं उपस्थित बीएफटी पंचायत सचिव, रोजगार सेवक को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। किशुनपुर उच्च विद्यालय में शौचालय निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसे अविलंब पूरा करने को कहा। प्राचार्य को खराब पड़े जलमीनार को ठीक कराने के लिए कहा गया। पाटन बीडीओ ने कहा कि चुनाव कार्य में कोताही बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। किसी कर्मी पदाधिकारी को किसी प्रकार की अगर कोई दिक्कत होती है तो सुचना दें उसे दुर किया जायेगा।

### मतदाता जागरूकता के लिए सखी दीदी रिल्स से कर रही हैं जागरूक



**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रशासन कई हथकंडे अपना रहे हैं। जिसमें डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके माध्यम से शहर से लेकर गांव स्तर तक के मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सखी दीदी रिल्स बना रही हैं। जिसे सोशल मीडिया एकाउंट पर अपलोड कर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सखी दीदी छोटे छोटे वीडियो बनाकर मतदाताओं को जागरूक करने का संदेश दे रही हैं। इसमें झारखंड लाइवली हुड प्रमोशन सोसाईटी के डीपीएम शांति मार्डी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें सखी दीदी गांव-गांव व घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक कर रही है।

### एसडीपीओ ने नक्सल प्रभावित गांव में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**मेदिनीनगर/मनातू।** लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए कई कार्यक्रम संचालित कर रहे हैं। इसके तहत पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन के निर्देश पर नक्सल प्रभावित मनातू थाना क्षेत्र के देवडीह, पदमा समेत कई गांव के असुरक्षित बूथों पर जाकर पुलिस ने लोगों से संपर्क कर लोकसभा चुनाव से संबंधित जानकारी देते हुए मतदान के लिए आग्रह किया। साथ ही अधिकारियों ने मतदाताओं से वोटर पहचान पत्र एवं मतदाता सूची में नाम शामिल होने के अलावे कई बिंदुओं पर जानकारी प्राप्त करते हुए मतदाताओं को निडर होकर मतदान करने को कहा। मतदाता निर्भीक मतदान करें। इस दौरान एसडीपीओ समेत मनातू बीडीओ, सीआरपीएफ 112 बटालियन के सहायक कमांडेंट, मनातू थाना प्रभारी एवं काफी संख्या में सशस्त्र बल ने मनातू थाना क्षेत्र के कई गांवों में पैदल मार्च कर ग्रामीणों से चुनाव को लेकर बातचीत की। साथ ही जागरूकता अभियान चलाया।

### पलामू से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है : गौतम सागर राणा



**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ममता भुईयां का जीत निश्चित है। इसके लिए गठबंधन के सारे लोग कमर कस चुके हैं। उक्त बातें राजद के लोकसभा प्रभारी गौतम सागर राणा ने कहीं। श्री राणा होटल चंद्रा रेजिडेंसी में इंडिया गठबंधन के प्रमुख नेताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। श्री राणा ने कहा कि पलामू में भाजपा प्रत्याशी के कारनामों को जनता जान चुकी है अब उनका इस बार सूपड़ा साफ होने वाला है। श्री राणा ने इंडिया घटक दल के सभी नेता कार्यकर्ता से इसके लिए कमर कसकर लगने का आग्रह किया। बैठक में तीन प्रभारी बनाये गये जिसमें गठबंधन के प्रवक्ता सह प्रेस प्रभारी आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल को बनाया गया। वहीं सोशल मीडिया प्रभारी झारखंड मुक्ति मोर्चा के सन्नी शुक्ला व सभी दलों के मुख्य संयोजक राजद नेता रामनाथ चंद्रवंशी को बनाया गया।

---

विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने भक्ति जागरण कार्यक्रम का किया उद्घाटन

# भक्ति जागरण से लोगों में बढ़ती है एकता व भाईचारा : डॉ मेहता

■ मणिपुर में जातीय हिंसा को लेकर आइएनडीआइए महा गठबंधन का धरना-प्रदर्शन, निकाला जुलूस



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी प्रखंड के बोरोदीरी में श्री रुद्र महायज्ञ सह शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा में बुधवार की रात्रि भक्ति जागरण कार्यक्रम किया गया। जिसका उद्घाटन विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने फीता काट कर किया। इस दौरान यज्ञ पूजा समिति के लोगों ने विधायक का फूल माला व अंग वस्त्र से स्वागत किया। भक्ति जागरण में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। विधायक ने कहा कि धार्मिक आयोजन से क्षेत्र में सुख, समृद्धि व शांति आती है। कार्यक्रम से कलाकारों की प्रतिभा निखरती है। वहीं ऐसे कार्यक्रम से क्षेत्र के लोगों में एकता व भाईचारा बढ़ता है। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के लिए पूजा समिति को बधाई दी। कहा कि धार्मिक कार्यों में हरसंभव सहयोग प्रदान करते रहेंगे। मौके पर मुकेश सिंह चंदेल, रौशन सिंह, विजय सिंह, सुधीर तिवारी, कार्तिक सिंह, सुमन सिंह, उमेश सिंह, अनु वर्मा, राजन सिंह, अजय रवि, अनुज कुमार रवि, अशोक रवि, शुभम कुमार सिंह, पप्पू कुमार सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

# बहुजन मुक्ति पार्टी से रामवचन, राष्ट्रीय समानता दल से ब्रजेश व निर्दलीय गणेश ने किया नामांकन





**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ पलामू लोकसभा संसदीय क्षेत्र से कुल 11 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा निर्वाचन के नामांकन के सातवें दिन बहुजन मुक्ति पार्टी के रामवचन राम, स्वतंत्र रूप से गणेश रवि, राष्ट्रीय समानता दल के ब्रजेश कुमार तुरी द्वारा नामांकन किया गया है। इस तरह नामांकन प्रक्रिया की समाप्ति तक कुल 11 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किया गया है जिसमें से एक उम्मीदवार गणेश रवि ने निर्दलीय के रूप में नामांकन किया है। मौके पर पार्टी प्रत्याशी के समर्थक व कार्यकर्ता भी शामिल थे। मालूम हो कि पलामू संसदीय क्षेत्र में चौथे चरण के दौरान 13 मई को मतदान होना है। इसे लेकर 18 अप्रैल से 25 अप्रैल तक नामांकन फार्म बिक्री करने व भरने की तिथि प्रशासन द्वारा घोषित किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर गाईड लाईन जारी किया गया है। जिसमें नामांकन फार्म भरने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल को है। 26 अप्रैल को स्क्रूटनी व 29 अपैल को नाम वापसी का तिथि निर्धारित किया गया है।

---

सदर थाना पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# आधा किलो अफीम के साथ दो युवक गिरफ्तार, भेजे गये जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जानकारी देते प्रशासनिक अधिकारी व उपस्थित अन्य।

**मेदिनीनगर।** सदर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम रजवाडीह बाइपास रोड से आधा किलो अफीम के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने बताया कि 24 अप्रैल को गुप्त सूचना मिली थी कि रजवाडीह बाईपास रोड में दो लोग अफीम लेकर आ रहे हैं।

पुलिस ने एसपी को जानकारी दी। एसपी के निर्देश पर सदर सीओ अमरदीप सिंह बल्होत्रा के साथ छापेमारी अभियान चलाया गया। पुलिस ग्राम रजवाडीह बाईपास रोड से दो युवक अनिल राजपूत पिता जयराखन राजपूत यूपी के ग्राम चितरउ व संजय कुमार पिता भरोसा यादव पांकी प्रखंड के ग्राम बरवईया को पुलिस ने सदर सीओ के समक्ष गिरफ्तार किया है।

इसके पूर्व पुलिस ने दोनों युवकों की तलाशी ली जिसमें युवकों के पास से 490 ग्राम अफीम, बीवो कंपनी का दो मोबाईल, 27570 रुपये नकद व क्रेडिट व डेबिट कार्ड जब्त किया है। पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरा करने के बाद दोनों युवकों को जेल भेज दिया है। छापेमारी अभियान में सदर थाना प्रभारी के अलावे सअनि भरत भूषण सामड, सदर थाना के सशस्त्र बल, हवलदार व पुलिस जवान शामिल थे।

# नगर में कार्यपालक अधिकारी और कनीय अभियंता के इशारे पर हो रही राशि की लूट

■ नगर के विकास में खर्च होने वाली राशि से सरकारी आवासीय कालोनी में बनाया गया है पेबर्स ब्लॉक रोड और सोख्ता, आक्रोश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू।** छतरपुर नगर चुनाव के 5 साल बीत जाने के बाद भी छतरपुर नगर का हाल बदहाल है, कोई सुनने वाला नहीं, अधिकारी और कर्मी कान में तेल डाल कर सो रहे हैं और लोग नगर का चक्कर लगा लगा कर परेशान हैं। नगर पंचायत के कार्यपालक अधिकारी की मनमानी से नगर के लोग खासे परेशान हैं। लोगों ने कार्यपालक अधिकारी और कनीय अभियंता को तत्काल हटाने की मांग की है अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी है। लोगों का कहना है कि इलाके में नगर द्वारा लगाया गया कई सोलर जलमीनार खराब है बनवाने वाला कोई नहीं, जल संकट है लेकिन टैंकर से जल वितरण नहीं हो रहा है, वारन्टी में लगाये गये कई इलेक्ट्रिक प्याऊ मशीनें खराब है, शौचालय बेकार पड़े हैं, जपला मोड़ पर हालिया दिनों लगा आई लव छतरपुर का लाइट बोर्ड खराब हो गया। हाई मास्ट लाइटें खराब हो गयी हैं, दर्जनों स्ट्रीट लाइटें खराब हैं सुध नहीं लिया जा रहा, टेम्पो और बस स्टैंड शुरू नहीं हो सका जबकि टेंडर तक निकाल दिया गया है। ठेकेदार मनमानी कर रहे हैं।

**क्या कहते हैं पूर्व प्रत्याशी :** इस संबंध में नगर के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन ने कहा कि जबसे कार्यपालक अधिकारी और कनीय अभियंता का पदस्थापन छत्तपुर में हुआ है विकास योजनाओं में लूट जारी है। मजेदार बात तो यह है कि गुणवत्ताहीन सड़कें और नालियां बनाये जाने से नगर पंचायत की नालियां और गलियां बजबजा रही हैं। ऐसा लगता है कार्यपालक अधिकारी ने भी ठीकेदारों को लूट की छूट दे रखी है। चाहे सड़क और नाली निर्माण का मामला हो या सोलर जलमीनार का इलेक्टिक प्याऊ के खराब होने का मामला हो या नगर के सफाई का, सब जगह लूट कायम है यहां तक की पीएम आवास के लाभुकों से पैसे वसूले जा रहे हैं। उन्होने कहा कि कई दफा हमने कार्यपालक अधिकारी को ज्ञापन के माध्यम से ध्यान आकृष्ट कराया लेकिन स्पष्ट लगता है कि उन्होंने ही ठेकेदारों, दलालों, बिचौलिये और कर्मियों को नगर पंचायत में लूट की छूट दे रखी है। उन्होंने कहा कि ऐसे अकर्मण्य और भ्रष्ट कार्यपालक अधिकारी और कनिय अभियंता को अविलंब नगर पंचायत से हटाने की आवश्यकता है ताकि नगर को सुरक्षित रखा जा सके। अरविंद ने कहा कि उनके खिलाफ नगर विकास के सचिव और मुख्यमंत्री से जल्द ही लिखित शिकायत कर जांच कर कड़ी विभागीय कार्रवाई की मांग की जायेगी। अगर जल्द ही दोनों को नगर पंचायत से नहीं हटाया गया तो उनके खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन होगा और जनता ऐसे भ्रष्ट लोगों को मंसूबा सफल नहीं होने देगी।

# हिंडाल्को ने मलेरिया डे पर किया जागरूकता कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मलेरिया डे पर जागरूकता कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए डॉ टी गफ्फार व अन्य।

**पंडवा पलामू।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस की सीएसआर टीम द्वारा सिक्का में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने किया।

मौके पर माइंस के चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर टी गफ्फार ने मलेरिया से बचाव के लिए क्या क्या सावधानियां बरतनी चाहिए, मलेरिया का क्या लक्षण होता है, यदि आपको मलेरिया का लक्षण दिखें तो तत्काल क्या करना चाहिए इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मलेरिया का अभी तक कोई वैक्सीन अपने देश में नहीं आया है इसलिए सतर्कता ही इस बीमारी से बचने का सबसे बड़ा उपाय है। उन्होंने लोगों को नियमित रूप से मच्छरदानी लगाकर ही सोने के लिए अपील किया। सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने कहा कि कंपनी अपने खनन क्षेत्र में रहने वाले लोगों के बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हमेशा संवेदनशील होकर कर काम करतीं हैं। मलेरिया जानलेवा बीमारी है। इस बीमारी से लोगों को बचाने के उद्देश्य से ही था जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया है ताकि लोगों को मलेरिया बीमारी के बारे में जानकारी हो सके, इससे कैसे बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी जागरूकता के अभाव में छोटा बीमारी भी जानलेवा बन जाता है। इस मौके पर प्रधानाध्यापक विजय कुमार, भरत प्रजापति, श्यामबिहारी मेहता, अनीता भगत, सुहानी कुमारी, प्रिंस सिंह, सेविका कुंती देवी, रेणु देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

### पाटन पुलिस ने किया वारंटी को गिरफ्तार



**पाटन पलामू।** नावा जयपुर पुलिस ने कांड संख्या 1898/20 के अभियुक्त सोनु खां पिता बादशाह खां ग्राम रुदीडिह जिला पलामू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सोनु खां पिता बादशाह खां वर्षों से फरार चल रहा था। नावा थाना प्रभारी कमल पाण्डेय ने बताया कि गुप्त सुचना के आधार पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि वर्षों से चल रहे फरार अभियुक्त को पकड़ने का काम पुलिस के द्वारा जोर शोर से किया जा रहा है।

### बीडीओ ने प्रखंड टॉपर कोमल को किया सम्मानित



**छतरपुर पलामू।** प्रखंड स्तर पर मैट्रिक की परीक्षा में टॉप करने वाली छात्रा कोमल कुमारी को छतरपुर के बीडीओ आशीष साहू ने कार्यालय में सम्मानित किया। कोमल कवल बास बालिका उच्च विद्यालय की छात्रा हैं जो आगे आईएएस अधिकारी बनना चाहती हैं। बीडीओ ने कोमल को बताया कि उन्हें किसी भी तरह का काउंसलिंग चहिए तो उनसे संपर्क कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने कोमल को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी। वही कोमल ने सम्मान के लिए प्रखंड कार्यपालक का आभार व्यक्त किया। मौके पर कार्यालय में समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमुन, प्रखंड कार्यालय के बड़ा बाबू नवाब खान, पंचायत कॉर्डिनेटर विबेक श्रीवास्तव, आवास कॉर्डिनेटर संतन गुप्ता, बीपीआरओ संतोष पासवान, बबलू चंद्रवंशी उपस्थित थे।

# शिव शिष्य परिवार ने की संगोष्ठी परिचर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** शिव शिष्य परिवार इकाई के प्रमुख भाई धनंजय जी के मार्गदर्शन में चतरा जिले के लावा लॉन्ग कल्याणपुर ग्राम के प्रांगण में शिव शिष्य परिवार ने संगोष्ठी परिचर्चा की गयी। शिव को गुरु क्यों बनायें एवं शिव गुरु से क्यों जुड़े हैं और दूसरे को क्यों जोड़ना है... के विषय पर विशाल संगोष्ठी एवं परिचर्चा में बताया गया। मौके पर भाई साकेत जी, राकेश सिंह, शंभू जी, विवेक सिंह लड्डू जी, सीताराम जी, अजीत जी, निर्मल जी, टीमा भगत ने अपना स्व अनुभूति वक्तव्य रखा। दूसरी ओर भजन एवं अनुभूति कीर्तन से भाई मुन्ना जी एवं बहन कंचन ने पूरी संगोष्ठी को आत्मीय तल पर शिवमय बना दिया। प्रमुख भाई धनंजय जी ने कहा कि मानने के पथ से हटकर जानने का पथ पर अग्रसर हों क्योंकि आध्यात्मिक ज्ञान का प्रकाश मानव के जीवन में आये।

# वाहन की चपेट में आने से औरंगाबाद की वृद्धा की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** पिपरा थाना क्षेत्र के दुबटिया मोड़ स्थित एनएच 98 पर गुरुवार की सुबह अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 64 वर्षीय वृद्धा रामकली देवी की मौत हो गयी। मृतका बिहार राज्य के औरंगाबाद जिला के सिमरा थाना अंतर्गत तेतराई ग्राम निवासी शिव प्रसाद ठाकुर की पत्नी है। मृतका रामकली अपने पति के साथ बिहार से दुबटिया मोड़ पर किसी वाहन से उतरी थी। वहां से बभंडी गांव स्थित अपने मायका जाने के लिए फोरलेन सड़क पार कर रही थी। इसी बीच अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। मालूम हो कि दोनों पति-पत्नी बभंडी गांव में शादी समारोह में जाने के लिए पहुंचे थे। दुबटिया मोड़ पर उतरने के बाद शिव प्रसाद ठाकुर लघुशंका करने चले गये। इसी बीच महिला सड़क पार करने लगी और हादसे का शिकार हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भेज दिया।

### देशी कट्टा के साथ तीन युवक गिरफ्तार, जेल



**चैनपुर (पलामू)।** चैनपुर पुलिस ने बुधवार को थाना से महज एक किमी की दूरी पर हंसा में देशी कट्टा के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया। चैनपुर थाना के सेमरा पंचायत के टोला खरोह निवासी अख्तर अंसारी पिता गफूर मियां, मुमताज अंसारी पिता लैलुन मियां व विजय कुमार पिता प्रभु भुइयां के रूप में पहचान हुई है। चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि खरोह के तीन युवक देशी कट्टा एवं जिंदा कारतूस के साथ हंसा में घूम रहे थे, जिसका गुप्त सूचना चैनपुर थाना को मिली जिसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार युवक ने कुछ भी जानकारी नहीं दी। धारा 25/26/35 आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर तीनों युवकों को गुरुवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

---

ऑक्सफोर्ड स्कूल में विद्यार्थी परिषद् सह अलंकरण समारोह आयोजित

# प्राचार्य ने पदधारकों को दिलायी पद-गोपनीयता की शपथ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**खास बातें :** मौके पर विद्यालय के प्राचार्य ने पदधारकों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी तथा उन्हें अपने कार्य को सुचारू रूप से करने की शपथ दिलायी। प्राचार्य ने कहा कि बच्चों को जिम्मेदारी देने से उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। नेतृत्व विकास के साथ ही समयबद्धता, सकारात्मकता, रचनात्मकता, आत्मविश्वास, तथा विनम्रता जैसे गुणों का भी विकास विद्यार्थियों में होता है। यह जिम्मेदारी उनके निजी हित के लिए ही नहीं बल्कि पूरे विद्यालय, समाज तथा देश के लिए लाभकारी होता है। अंत में उन्होंने सभी पदधारक विद्यार्थियों से स्कूल के नाम एवं उसकी गरिमा को ऊंचा बनाएँ रखने का आग्रह किया। कार्यक्रम को संपन्न कराने में विद्यालय के शिक्षिकाएँ अनिता कुमारी, लिली मागर्रेट, नीलम सरोज तिर्की तथा शिक्षक नीलकान्त चौहान की भूमिका मुख्य रही। मौके पर मंच संचालन शिक्षिका शिवांगी आनंद एवं मीनू सिंह ने किया। शिक्षक भरत लाल वर्मा, शिक्षिका ज्योति सिंह, मधुमिता बोरल तथा अनिता यादव को शत-प्रतिशत उपस्थिति के कारण प्राचार्य ने प्रशस्ति पत्र व मैडल से सम्मानित किये। आरव कुमार कक्षा प्रथम, अदिति कुमारी एवं अश्विनी अग्रवाल कक्षा द्वितीय, स्वधा प्रियल, गुलनाज नाजरिन कक्षा तृतीय, दीपक अनमोल, अमन राज, शुभम यादव कक्षा चतुर्थ, गुनगुन सिंह, प्रत्युष दुबे, साक्षी सिंह कक्षा पंचम, रितिक कुमार एवं सूरज कुमार सप्तम कक्षा के विद्यार्थियों को भी शत-प्रतिशत उपस्थिति के कारण प्राचार्य द्वारा प्रशस्ति पत्र व मैडल से सम्मानित किया गया।

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में विद्यार्थी परिषद् के अलंकरण समारोह किया गया। इस समारोह में सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलन विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने किया। इस समारोह में विद्यालय के हेड बॉय कृष कुमार कक्षा-बाहरवीं, हेड गर्ल पूजा भारती कक्षा-बारहवीं तथा स्पोर्ट्स को-ऑर्डिनेटर बॉय आदित्य राज सिंह, स्पोर्ट्स को-ऑर्डिनेटर गर्ल श्रुति रानी तथा सभी सदन के कप्तानों को विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने बैज तथा सैसे प्रदान कर सम्मानित किया। सभी सदनों के चयनित कप्तान, उपकप्तान, स्पोर्ट्स कप्तान, लिटरेरी कप्तान तथा कल्चरल सेक्रेटरी को हाउस मोडरेटर एवं को-ऑर्डिनेटर ने भी बैज तथा सैसे प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में विद्यालय के चारों सदनों के लिए कप्तान, उपकप्तान, स्पोर्ट्स कप्तान तथा लिटरेरी कप्तान का चयन किया गया।

# बीएलओ को मिली मतदाता पर्ची

■ मतदाता जागरूकता चुनाव अभियान को लेकर बैठक आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**पाटन पलामू।** प्रखंड सभागार में मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर बैठक की गयी। जिसमें पाटन बीडीओ अमित झा, जेपीएस अहम अंसारी, विनय शर्मा, भोला विश्वकर्मा सहित प्रखंड के सभी बीएलओ, सुपरवाइजर, वोलेंटियर, सभी प्रखंड कर्मी, अंचल कर्मी उपस्थित थे। बैठक में बीएलओ को मतदाता को जागरूक करने के लिए पर्ची दिया गया। बैठक में वोलेंटियर को मतदान की तिथि को मतदाता को आवश्यक सहयोग करने के लिए दिशा-निर्देश दिये गये। बीएलओ को कहा गया कि मतदाता को पर्ची देकर रिसीविंग लेना है तथा जितना मृत व्यक्ति, अनुपस्थित व्यक्ति तथा स्थानांतरित व्यक्ति को मार्किंग कर रिपोर्ट देना है। बैठक में यह भी बताया गया कि जिसके पास वोटर कार्ड नहीं है या फोटो खराब हो गया है उसकी रिपोर्ट सुपरवाइजर से साइन कराकर देना है। पाटन प्रखंड के पुराने ब्लॉक परिसर में जागरूकता कार्यक्रम भी किया गया। जिसमें सभी सुपरवाइजर, बीएलओ, वोलेंटियर उपस्थित थे। मौके पर बीडीओ अमित कुमार झा ने बैठक में कहा कि चुनाव कार्य में किसी तरह का कोताही बर्दाश्त नहीं करेंगे। लोकसभा चुनाव को सफल संचालन के लिए कर्मी पूरी तरह कमर कस लें। बैठक के अलावे गीत के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्विप कार्यक्रम किया गया।

# लोकतंत्र के पर्व को सम्मान दें, पूर्व सांसद पप्पू सिंह ने लोगों से की मतदान की अपील

एजेंसी



**पूर्णिया।** पूर्णिया के पूर्व सांसद उदय सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने गुरुवार को प्रेस वार्ता में सभी से कल के चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। पप्पू सिंह ने कहा कि चुनाव आम जनता को अपनी आवाज बुलंद करने और भावी सरकार को चुनने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने लोगों से घर से बाहर निकलकर मतदान करने की मांग की। उन्होंने कहा मैं अपनी जिम्मेदारी समझता हूं। इसलिए आप लोगों के माध्यम से मैं अपने क्षेत्र के सभी सम्मानित जनता से यह आग्रह करना चाहूंगा कि कितनी भी गर्मी हो कितनी भी व्यस्तता हो लेकिन वो कल निकलकर अपने मत का प्रयोग जरूर करे। जो भी उम्मीदवार उन्हें पसंद हो वो उनको ही वोट दे उनकी इच्छा, लेकिन सुस्ती से घर में नहीं बैठना है वोट जरूर देना है। आपके माध्यम से यह संदेश देने का मेरे मन में इसलिए विचार आया कि पहले चरण के चुनाव में पूरे देश में और खास कर के बिहार में मत प्रतिशत बहुत ही कम है। लोकतंत्र में पांच वर्षों में जो ये अवसर मिलता है उसका हमें जरूर अवश्य प्रयोग करना ही चाहिए। पूर्व सांसद से जब सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो के बारे में चर्चा की गयी तो उन्होंने कहा की आज के दिन मैं और कोई चर्चा नहीं करना चाहता था क्योंकि किसी को अर्थ का अनर्थ ना लगे। लेकिन आपने पूछा है तो जवाब अवश्य दूंगा। देखिए जो पहली वीडियो की बात आप कर रहे हैं एक राजनीतिक दल ने मेरे वीडियो को जो मेरा वीडियो है उसके ऊपर अपना संदेश लगाकर चला दिया था। वो गलत है अगर वो मेरे वीडियो का प्रयोग करना चाहते थे तो वो तो वैसे ही सार्वजनिक था। मैं उसमें कोई आपत्ति ना दिखलाता लेकिन ऊपर और नीचे अगर मेरे नाम का संदेश जिसे मैं ना गलत कहूंगा-ना सही कहूंगा, वो अनुचित है। पूर्णिया में तेजस्वी यादव के साथ हुई घटना के लिए पप्पू सिंह ने क्षमा मांगी और बताया कि यह पूर्णिया की संस्कृति के विपरीत था। उन्होंने कहा कि उनके यहां अतिथि का सम्मान किया जाता है और विरोधी किसी भी तरह से अपनी बात रख सकता है लेकिन एक समर्थक द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी पूरी तरह से गैर-जिम्मेदाराना थी। उन्होंने ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस के घोषणा पत्र में "हिंदू" और "मुस्लमान" शब्दों के इस्तेमाल न होने की अफवाहों को पप्पू सिंह ने निराधार बताया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के खिलाफ लगे आरोप भी गलत हैं। उनके बारे में कहा जा रहा है उन्होंने कहा था देश की संपत्ति पर पहला अधिकार किसी एक वर्ग या किसी एक धर्म का है उन्होंने ऐसा कभी नहीं कहा और जो बात कही जा रही है वो निराधार है। उन्होंने दावा किया कि डॉ. सिंह के बयान को गलत रूप से प्रस्तुत किया जा रहा है।

## खबर एक नजर में

### मतदान शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर सारी तैयारी पूरी




**भागलपुर।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दूसरे चरण को लेकर 26 अप्रैल को भागलपुर जिला में भी मतदान होना हैं। जिसके लिए भागलपुर में तीन डिस्पैच सेंटर बनाए गए हैं। जिला स्कूल भागलपुर से बांका लोकसभा क्षेत्र के लिए चुनावी सामग्री जाएगी। वहीं पॉलिटेक्निक बरारी भागलपुर से चार विधानसभा क्षेत्र और नवगछिया इंटर स्कूल से दो विधानसभा क्षेत्र को कंडक्ट किया जाएगा। वहीं गुरुवार को मतदान कर्मियों को सुरक्षा कर्मियों के साथ गंतव्य मतदान केंद्र पर रवाना किया जा रहा है। .ईवीएम मशीन और सभी चुनावी सामग्री के साथ सबों को अपने-अपने सुनिश्चित मतदान केंद्र पर भेजा जा रहा है। सभी मतदान केंद्रों पर व्यापक सुविधाएं मुहैया करा ली गई है। बूथ के अलावा जोनल दंडाधिकारी या फिर अन्य दंडाधिकारी के साथ हर समय फोर्स मौजूद रहेंगे। वहीं 1270 बूथों पर वीडियो कास्टिंग होती रहेगी। साथ ही माइक्रो ऑब्जरवेशन से भी सुरक्षा और चुनावी प्रक्रिया को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए पैनी नजर रखी जाएगी। यह जानकारी जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी ने दी। साथ ही उन्होंने कहा कि इन सारी तैयारी के साथ हमें पूरा भरोसा है कि हमें आम जनता निर्भीक होकर वोट करेगी और मतदान प्रतिशत बढाकर देश में अपने शहर की पहचान बनाएगी। वहीं जिलाधिकारी ने शहर वासियों से अपील करते हुए कहा कि आपलोग बिल्कुल निर्भीक होकर निष्पक्ष मतदान करें। भय का वातावरण हमलोगों ने बिल्कुल समाप्त कर दिया है। वहीं उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम भी सभी विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग-अलग काम करेंगे। समस्त अधिकारी इस पर निष्ठा से कार्य करेंगे और मतदान शांतिपूर्ण संपन्न कराया जाएगा। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। किसी भी बूथ पर अगर किसी तरह की परेशानी होती है तो उसे सेक्टर के दंडाधिकारी उसे तुरंत दुरुस्त करने का काम करेंगे।

### वैशाली लोकसभा उम्मीदवार वीणा ने मांगी माफी, कहा-नाराजगी दूर करना है मेरा काम

**मुजफ्फरपुर।** देश में चुनावी माहौल गर्म है। चुनाव में जीत का परचम लहराने के



लिए उम्मीदवार खूब पसीना बहा रहे हैं। कार्यकताओं के साथ बैठक कर रहे हैं। इसी कड़ी मे बिहार के वैशाली संसदीय क्षेत्र के वर्तमान सांसद सह एनडीए समर्थित लोजपा (रामविलास) की उम्मीदवार वीणा देवी भी अपने संसदीय क्षेत्र में खूब पसीना बहा रही है। हालांकि वैशाली संसदीय क्षेत्र के कुछ जगहों पर सांसद वीणा देवी का लोगों के बीच नाराजगी हैं ।वैशाली विधानसभा के पटेढ़ी बेलसर के नगवां में आयोजित एडीए कार्यकर्ता बैठक में अपने वोटर की नाराजगी को भांपते हुए सांसद वीणा देवी माफी मांगते नजर आयी। खुले मंच से कहा कि हमें मालूम है कि मेरे कुछ अपने हमसे नाराज है। अपने ही लोग अपनों से नाराज होते हैं अब हम कोशिश करेंगे की और मेरी यह जिम्मेदारी भी है कि आप सभी की नाराजगी को दूर करो उम्मीद है एक बार फिर सभी के घर-घर में राज करने वाली वैशाली की पतोहू को सम्मान मिलेगा। वैशाली लोकसभा के वैशाली विधानसभा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उक्त बातें कहीं इस बैठक में एनडीए समर्थित विभिन्न पार्टी के नेता शामिल हुए जिसमें वैशाली से जदयू विधायक सिद्धार्थ पटेल मुजफ्फरपुर के पंचायती राज से जदयू एमएलसी दिनेश सिंह, वैशाली के जदयू, भाजपा, लोजपा, हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के विभिन्न अध्यक्ष के साथ-साथ पंचायती राज के जन प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और एनडीए समर्थित उम्मीदवार वीणा देवी को भारी बहुमत से जीतने का संकल्प लिया।

### नवादा में 80 लाख रुपये का गांजा बरामद, दो वाहन जब्त, तीन गिरफ्तार

**नवादा।** नवादा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नवादा नगर थाने के कृषि फार्म के निकट पत्थर लदे एक ट्रक के तहखाना से 176 किलो गांजे का पैकेट छापेमारी में बरामद किया है, जिसका मूल्य 80 लाख रुपए बताये जा रहे हैं। गुरुवार को हुई इस कार्रवाई में पुलिस ने इस धंधे में शामिल तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। एक ट्रक के साथ एक कार तथा दो मोबाइल फोन के साथ 20,000 रुपये भी बरामद किए गए हैं। नवादा के एसपी कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि गया से नवादा की ओर आ रहे गिट्टी लदे ट्रक में भारी मात्रा में गांजे रखा हुआ हैं, जिस आधार पर नगर थाने के कृषि फार्म के निकट पुलिसकर्मियों ने ट्रक रोक कर जांच शुरू कर दिया। ट्रक चालक सुबोध पासवान को गिरफ्तार किया गया। सुबोध ने बताया कि ट्रक के बने तहखाने में 176 पैकेट गांजे रखे हुए हैं। पुलिस के दबाव देने पर उसने बताया कि नवादा जिले के अकबरपुर थाने के बेला गांव के शशि भूषण शर्मा के पुत्र राकेश कुमार तथा रोशन सिंह तथा गोविंदपुर थाने के बाघोर गांव के मिथिलेश सिंह के पुत्र रवि रंजन कुमार लंबे समय से गांजे तस्करी का काम कर रहा है। पुलिस ने चालक के बयान पर इन तीनों तस्करों को भी गिरफ्तार कर लिया।

## पेज एक का शेष

### केंद्र ने देश में अराजकता का माहौल बना दिया

**अंतिम दिन लोहरदगा से 7 नामांकन :** लोहरदगा सीट के लिए गुरुवार को नामांकन के अंतिम दिन सात उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया। इनमें इंडिया गठबबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत सहित बसपा के गिरिजानंद उरांव, बहुजन मुक्ति पार्टी के ललित उरांव, आजाद समाज पार्टी के अर्जुन टोप्पो, निर्दलीय अर्पणदेव भगत, निर्दलीय रंजीत भगत व निर्दलीय एतवा उरांव शामल हैं। सुखदेव भगत के नामांकन से पहले गठबंधन की ओर से एसएस बालक हाई स्कूल के पास स्थित जिला कार्यालय से जुलूस निकाला। इसमें सीएम चंपाई सोरेन, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, मंत्री आलमगीर आलम, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर समेत कई लोग शामिल थे। यह जुलूस गुमला शहर के मुख्य मार्गो से होकर गुजरा। नाम वापसी की आखिरी तिथि 29 अप्रैल है।

### आदिवासियों को देंगे सरना कोड: रामेश्वर

वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि राज्य सरकार ने सरना कोड लागू करने का बिल पारित कर केंद्र सरकार को भेज दी है। लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार आदिवासियों को सरना कोड नहीं देना चाहती है। उन्होंने कहा कि केंद्र की सत्ता में कांग्रेस पार्टी आयी तो आदिवासी समाज को सरना कोड मिल जायेगा। सभा को बन्ना गुप्ता, आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता, सुबोधकांत सहाह, बंधू तिर्की ने भी संबोधित किया। वहीं कार्यक्रम में गीताश्री उरांव, अजयनाथ शाहदेव, रमेश कुमार, अकील रहमान, राजनील तिग्गा, रामनिवास प्रसाद, कलीम अख्तर, मो. रिजवान, विधायक नेहा शिल्पी तिर्की, फिरोज आलम, मो. मोख्तार, खालिद शाह, जय सिंह, तरूण कुमार, पप्पु होता सहित भारी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

### जमशेदपुर की चार विस सीटों पर है झामुमो

जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र में बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका, जुगसलाई, जमशेदपुर पुर्वी और जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा सीटें शामिल हैं। इन छह सीटों में से 4 पर झामुमो, एक पर कांग्रेस और एक पर निर्दलीय विधायक हैं।

## स्पीड न्यूज

### विश्व मलेरिया दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली

**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को विश्व मलेरिया दिवस पर लोगों को जागरूक करने को लेकर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रंजन दास के नेतृत्व में सभी कर्मियो के साथ पद यात्रा निकाला गया। जिसमे सभी लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से मुख्य बाजार होते कपूर्री चौक और पुनः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक वापस आए।इस मौके पर लोगों से मलेरिया से बचने का उपाय की जानकारी देते हुए रंजन दास ने बताया की मलेरिया बुखार अधिकतर गंदे जलजमाव के जमा पानी से मच्छरों के काटने से यह बीमारी फैलती है। जिसके काटने से मलेरिया जैसी बीमारी होती है। मच्छर से बचाव के लिए घर तथा आसपास पानी जमा नहीं होने दे। कहा की हालांकि बीते तीन वर्षो में मलेरिया के विरुद्ध स्वास्थ विभाग ने काफी काम किया है लोगों के बीच मेडिकेटेड मच्छरदानी वितरण के साथ साथ लोगों के जागरूक करने से काफी मलेरिया बीमारी में कमी आई है और वैसे क्षेत्रों का लगातार निगरानी टीम के द्वारा किया जाता है। आने वाले समय में मलेरिया से बिल्कुल मुक्त किया जायेगा। मौके पर मलेरिया टीम के विद्यानंद प्रजापति, जी प्रसाद, धर्मजीत पासवान, अनुज कुमार, सभी सीएचओ, बीटीटी सहिया शामिल थे।

### पीएम मोदी की फारबिसगंज में कल होगी रैली, तैयारियां पूरी

**फारबिसगंज/अररिया।** लोकसभा चुनाव-2024 के भाजपा ने अररिया के लिए अपनी पूरी कमर कस ली है। फारबिसगंज में पीएम मोदी की कल बड़ी रैली है जिसको लेकर तैयारी पूर्ण कर ली गई। सभा स्थल पे बिहार सरकार के मंत्री नीरज कुमार बबलू और दिलीप जायसवाल ने तैयारियों का जायजा लिया और उन्होंने बताया कि तैयारी पूरी हो गई और पिछले वर्ष का रिकॉर्ड भी टूटेगा। पड़ोसी देश नेपाल से भी लोग यहां आयेंगे किसी को भी किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी। सारी तैयारी और सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता है।

### एन सी सी कैडेटों द्वारा निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली



**भागलपुर।** लोक सभा आम चुनाव अंतर्गत भागलपुर में होने वाले 26 अप्रैल को दूसरे चरण के मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए गुरुवार को जिला प्रशासन के अनुरोध पर एनसीसी द्वारा जिला कलेक्ट्रेट के परिसर से एक विशाल मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इसे जिलाधिकारी डॉक्टर नवलकिशोर चौधरी ने झंडा दिखाकर रवाना किया। उक्त रैली में जिला प्रशासन द्वारा बैंड बाजा की भी व्यवस्था की गई थी। जिससे पूरा वातावरण हर्षोल्लास से भरा प्रतीत हुआ। यह जागरूकता रैली घंटाघर से होते हुए खलीफाबाग चौक और कोतवाली चौक से गुजरते हुए शहर के प्रमुख स्थानों से निकाली गई। इस दौरान प्रशासन ने कैडेटों के लिए जलपान की समुचित व्यवस्था भी कर रखी थी।

### सात साल की बच्ची के साथ बलात्कार

**डेहरी-ऑन-सोन।** रोहतास जिले के नौहट्टा थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की शाम एक सात साल के नाबालिक लडकी के साथ बलात्कार होने का मामला प्रकाश मे आया है। मामले की एफआईआर पीडिता की मां ने बुधवार की देर शाम थाना मे करायी। एफआईआर होने के बाद पुलिस ने आरोपी अनुज कुमार को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष कमालुद्दीन के अनुसार लडकी मंगलवार को अपने घर मे खेल रही थी। खेलते-खेलते अनुज कुमार के घर मे चली गयी। उसके घर मे कोई नही था। अकेली लडकी देख अनुज ने मुंह काला कर लिया। लड़की रोते-रोते घर आयी। लडकी की मां ने उसके सारे कपड़े धोए। बुधवार को थाना पहुंची। थानाध्यक्ष कलामद्दीन ने बताया कि न्यायालय के आदेश आने पर लडकी का मेडीकल कराया जाएगा। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## दो सौ बीघा खेत में लगी गेहूं की फसल जलकर राख

एजेंसी



**नवादा।** जिले में काशीचक प्रखंड के डिहरी गांव के गुरुवार को अचानक आग लग गई। जिसमें करीब 200 बीघा खेतों में लगे गेहूं की फसल जल गई। तैयार फसल जलने से पूरे गांव में मातम पसरा है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। ग्रामीण सुनील सिंह ने बताया कि सुबह करीब 9 बजे गांव के दक्षिण खंधा की तरफ से पहले धुआं उठता दिखाई दिया। तेज पछुआ हवा के कारण देखते-देखते पूरे बधार आग की जद में आ गया। जानकारी पाकर ग्रामीण बधार की तरफ दौड़े और बोरिंग चालू कर आग बुझाने में जुट गए। सूचना पाकर अग्निशामक वाहन भी मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने में लग गया। दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जाकर अग्निदेव शांत हुए। तब तक डिहरी ग्रामीण सह सरपंच सुबोध सिंह, मनीष कुमार, राकेश सिंह, हरिकांत सिंह, कन्हैया कुमार, रविन्द्र सिंह, राकेश कुमार, रंजय सिंह, नवीन सिंह, नरेंद्र सिंह, नवलेष कुमार, संजीत सिंह, मुकेश कुमार, हरनंदन सिंह, सूनील कुमार, अनिल सिंह, दयालू कुमार, कृष्नंदन सिंह, पोषण सिंह, नितेश कुमार, विकास कुमार, राजीव कुमार, चुनचुन सिंह, विक्की कुमार, राजेश कुमार, गुलशन कुमार आदि किसानों के करीब 200 बीघा खेतों में लगा फसल स्वाहा हो गया।

## पप्पू यादव की कार से 50 हजार नकद बरामद, दो गाड़ी हुई जब्त

एजेंसी

पूर्णिया। पूर्णिया लोकसभा संसदीय क्षेत्र के कोढ़ा के दिघरी गांव में पुलिस द्वारा पप्पू यादव के समर्थकों के साथ जो गाड़ियां चल रही थी चेकिंग की जाने लगी तो एक गाड़ी से 50 नगद बरामद हुआ। दो गाड़ियों को जब्त किया गया है। पुलिस का कहना है कि हम लोग गाड़ी चेकिंग कर रहे थे तो पप्पू यादव एवं उनके समर्थकों ने विरोध करना प्रारंभ कर दिया और कुछ उनके समर्थक ब्रीफकेस लेकर भागे। यह चुनाव आचार संहिता का मामला है। दिघरी गांव जिला कटिहार में पड़ता है। एसडीओ तथा डीएसपी ने बताया कि पप्पू यादव तथा उनके समर्थकों ने अभद्रता की है। हम लोगों के साथ अभद्र भाषा बोली गई है। वहां निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव बीच सड़क पर धरने पर बैठ गए हैं। उनकी पुलिस से बहस हुई है। उनका आरोप है की पुलिस मेरी हत्या करवाना चाह रही है। उन्होंने कोढ़ा के डीएसपी अभिजीत सिंह पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह मेरी हत्या करवाना चाहते हैं। मैं अपने समर्थकों के साथ इलाके में लोकसभा क्षेत्र में आम जनता से मिलने आया था परंतु यह गाड़ी रोक कर मुझे उतरवा रहे थे। पप्पू यादव तथा उनके समर्थक लगातार पप्पू यादव जिंदाबाद नीतीश तेजस्वी मुदार्बाद के नारे लगा रहे थे।

## पवन सिंह पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की प्राथमिकी

**डेहरी।** भोजपुरी अभिनेता व काराकाट लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा किए पवन सिंह व उनके सहयोगी अंबूज सिंह पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन करने की प्राथमिकी संझौली के सीओ ने कराई है। जिसमें स्वीकृत वाहन की संख्या से अधिक का उपयोग करने की बात कही गई है। रोहतास जिले के संझौली प्रखंड के सीओ किशोर पासवान ने थाना में कराई गई प्राथमिकी में कहा है कि पवन सिंह के रोड शो की अनुमति लेने वाले राजपुर निवासी अंबुज कुमार सिंह ने पांच वाहन की अनुमति मांगी थी। लेकिन रोड शो में अधिक वाहनों का उपयोग कर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया गया। सीओ की शिकायत पर अभिनेता पवन सिंह व उनके सहयोगी अंबुज कुमार सिंह के विरुद्ध भादवि की धारा 188, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 127 के तहत प्राथमिकी हुई है। बिक्रमगंज, काराकाट, राजपुर में राजपुर में भी आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की प्राथमिकी अंबुज सिंह व हूटर लगे स्कार्पियो वाहन के स्वामी तथा चालक पर भी लाउडस्पीकर अधिनियम के तहत की गई है।

## सेल टाईम ऑफिस के समीप महिला का मिला शव


जांच करती पुलिस।

खबर मन्त्र संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** आरएमडी सेल टाईम ऑफिस के समीप गुरुवार की सुबह एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शौच के लिए गये स्थानीय लोगों ने टाईम ऑफिस के समीप पेड़ के नीचे महिला को मृत अवस्था में देखा। जिसके बाद यह खबर आग की तरह फैल गई। बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी लेते देखे गये। उधर घटना की सूचना मिलने पर एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह एवं थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक ने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन की तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने बताया कि सेल टाईम ऑफिस के पास स्थित पेड़ के नीचे एक महिला का शव बरामद हुआ है। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस सभी पहलू की जांच कर रही है। जांच के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा होगा।

## एक पिस्टल और 16 कारतूस के साथ रविभूषण गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**अररिया।** अररिया एसपी अमित रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा के नेतृत्व में डीआईयू और भरगामा थाना पुलिस के संयुक्त कार्रवाई में बुधवार को रविभूषण कुमार को एक पिस्टल और 16 कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार रविभूषण कुमार भरगामा थाना क्षेत्र के मोझा वार्ड संख्या दो के रहने वाले देवेंद्र यादव के पुत्र हैं। अररिया एसपी अमित रंजन को यह गुप्त सूचना मिली थी कि भरगामा थाना क्षेत्र के अंतर्गत अवैध हथियार के साथ एक आदमी आपराधिक वारदात को अंजाम देने के मूड में है, जिसके बाद एसपी ने फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा और भरगामा थाना पुलिस के साथ डीआईयू की टीम बनाकर छापेमारी करवाई तो रविभूषण कुमार पकड़ा गया। तलाशी के बाद उसके पास से एक पिस्टल, 16 कारतूस और एक मोबाइल बरामद किया गया। मामले को लेकर भरगामा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजे जाने की तैयारी की जा रही है।

## केतार पुलिस ने किया 32 मवेशियों को जब्त, ग्रामीणों के बीच वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

केतार। प्रखंड के परती कुशवानी के अमवाडीह गांव में गत रात्रि गौ तस्करों द्वारा भारी संख्या में मवेशी को तस्करी कर दुसरे जगह ले जाने की तैयारी में थी। परंतु अमवाडीह गांव के ग्रामीणों ने देखा कि अभी रात करीब एक दो बजे बड़ी संख्या में पशुओं को ले जाया जा रहा है, तो इसकी जानकारी तत्काल केतार थाना प्रभारी को दिया, जैसे ही केतार थाना प्रभारी रौशन कुमार वर्णवाल को इसकी जानकारी प्राप्त हुआ उन्होंने तुरंत अपने दल-बल के साथ स्थल पर पहुंच गए और सभी पशुओं को अपने कब्जे में ले लिया। इधर पुलिस को देखते ही तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर सभी लोग भाग निकले। उक्त स्थल पर लगभग 30-32 की संख्या में पशु पाए गए। सभी पशुओं को थाना प्रभारी ने अपने देख-रेख में वहां के ग्रामीणों के बीच वितरण कर दिए।

थाना प्रभारी श्री वर्णवाल ने कहा की यदि किसी भी ग्रामीणों को इस तरह का सूचना मिलता है तो वे तुरंत थाना को सूचित करें, आपका नाम उजागर नहीं किया जाएगा।

## घर पर गिरा विशाल सिरिस का पेड़

▸▸ बेघर हुए तीन परिवारों ने सीओ को दिया आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता


जानकारी देते लोग।

**मझिआंव।** मझिआंव अंचल क्षेत्र के तलसबरिया गांव में आंधी तूफान के दौरान बड़े खपड़ैल घर पर गिरे सिरिस के विशाल पेंड़ के कारण पिता पुत्र समेत तीन परिवार बेघर हो गए। बेघर हुए तफसीर खान, तौकीर खान एवं नुरुल होदा खान ने अंचलाधिकारी शम्भू राम को आवेदन देकर जांचोपरांत मुआबजा दिलाने की मांग की है। साथ ही थाना में आवेदन देकर उक्त सिरिस पेंड़ के मालिक नेयाजुदीन खान पर घर गिराने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। इस संबंध में नुरुल होदा खान ने बताया कि पिछले बार तूफान आने पर हम लोगों ने नेयाजुदीन खान को बोला था कि यह पेड़ कटवा लीजिये, तो उनके द्वारा कहा गया था कि अगर पेड़ घर पर गिरेगा तो हम नया घर बनवा देंगे। लेकिन जब हम लोग बेघर हो गए हैं तो अब कह रहे हैं कि यह सरकार का पेंड़ है। हम कुछ नहीं जानते हैं। इधर पुलिस द्वारा मामले की छानबीन की जा रही है। इधर अंचलाधिकारी शम्भू राम ने इस संबंध में कहा कि वे इसकी जांच करवा रहे हैं, इसके बाद सरकार के प्रावधान के अनुरूप मुआबजा दिया जायेगा।

## सीआरपीएफ डीआईजी सपरिवार पहुंचे केतार चतुर्भुज मंदिर


तस्वीर भेंट करते समिति के सदस्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** सीआरपीएफ डीआईजी पंकज कुमार प्रखंड के सुप्रसिद्ध मंदिर केतार चतुर्भुजी मंदिर में सपरिवार दर्शन करने पहुंचे। दर्शन करने के बाद उन्होंने मंदिर परिसर का भ्रमण किया। मौके पर सीआरपीएफ डीआईजी ने कहा कि यहां आने के बाद सुख की अनुभूति हुई। यह मंदिर बहुत सुंदर है। यहां पर वातावरण शुद्ध है और बहुत साफ सफाई है। साथ ही उन्होंने मंदिर विकास समिति के सभी लोग सराहना की। मौके पर गढ़वा सीआरपीएफ कमांडेंट, मंदिर विकास समिति के संरक्षक रामविचार साहु, अध्यक्ष प्रमोद कुमार, कोषाध्यक्ष विनोद भगत, सचिव हेमंत पाठक, सुरेश प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## अखिलेश और सुब्रत ने नामांकन कर किया जीत का दावा

कन्नौज। इत्र नगरी के रूप में विश्व विख्यात कन्नौज संसदीय सीट से गुरुवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और भाजपा के मौजूदा सांसद और प्रत्याशी सुब्रत पाठक ने पर्चा दाखिल कर अपनी जीत का दावा किया। चौथे चरण के लिए 13 मई को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन का आज आखिरी दिन श्री अखिलेश यादव ने दोपहर 12 बजे कन्नौज संसदीय सीट के लिए अपना नामांकन चार सेट में दाखिल किया ।

## यूक्रेन ने मिसाइल से रूस पर किया हमला

**वाशिंगटन।** यूक्रेन ने अमेरिका से मिली लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों का पहली बार इस्तेमाल करते हुए रूस के कब्जे वाले क्षेत्रों को निशाना बनाया है। अधिकारियों ने बताया कि पिछले सप्ताह क्रीमिया में एक रूसी सैन्य हवाई क्षेत्र और एक अन्य कब्जे वाले क्षेत्र में रूसी सेना पर बमबारी की गई। अमेरिका ने गत अक्टूबर में दोगुनी मारक क्षमता वाली मिसाइल यूक्रेन को उपलब्ध कराई थी। इन मिसाइल से 300 किलोमीटर दूरी तक के लक्ष्य पर निशाना साधा जा सकता है।

## संविधान बचाने के लिए करें मतदान : राहुल गांधी

**नयी दिल्ली।** दूसरे चरण के मतदान से एक दिन पहले गुरुवार को कांग्रेस नेता एवं वायनाड से पार्टी उम्मीदवार राहुल गांधी ने लोगों से संविधान बचाने के लिए मतदान करने की अपील की है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर वीडियो संदेश में कहा कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के इस चुनाव में मित्र काल से निकल कर हिन्दुस्तानियों की सरकार बनाने में लोकतंत्र का अपना कर्तव्य निभाइए। कांग्रेस जनता को 5 गारंटियां दे रही है जो आपकी तकदीर बदल देगी।

## चारधाम यात्रा के लिए 15 लाख से अधिक पंजीकरण

**देहरादून।** चारधाम यात्रा के लिए अब तक जहां कुल 15 लाख 12 हजार 993 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया है वहीं जीएमवीएन गेस्ट हाउस की बुकिंग आठ करोड़ के पार पहुंच गई है। पर्यटन, धर्मस्व मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की तादाद में काफी वृद्धि होगी। जिस प्रकार से बड़ी संख्या में यात्री अपना पंजीकरण करवा रहे हैं और यात्रा शुरू होने से पूर्व ही यात्रा मार्गों पर स्थित जीएमवीएन के गेस्ट हाउसों की बुकिंग में लगातार इजाफा हो रहा है। इस बार भी चारधाम यात्रा पिछले वर्ष के 56.31 लाख श्रद्धालुओं के रिकॉर्ड को तोड़ेगी। किस्तान में सैन्य अभियान में तीन आतंकवादी मारे गये

## पाकिस्तान में तीन आतंकवादी मारे गये

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों के एक अभियान में तीन आतंकवादियों को मार गिराया है। सेना ने गुरुवार को एक बयान में यह जानकारी दी। सेना की मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा कि यह यह घटना प्रांत के खैबर जिले में बुधवार की रात से गुरुवार की सुबह तक हुई। मारे गए आतंकवादियों के पास से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया।

## बैंकों की तेजी ने शेयर बाजार को दी उड़ान

**मुंबई।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर एक्सिस बैंक और एसबीआई समेत 22 दिग्गज कंपनियों की करीब छह प्रतिशत तक की तेजी से गुरुवार शेयर बाजार ने उड़ान भरी। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 486.50 अंक छलांग लगाकर 74,339.44 अंक पर पहुंच गया। निफ्टी 167.95 अंक उड़ान भरकर 22,570 पर पहुंचा।



## बिहार के चर्चित यूट्यूबर मनीष कश्यप भाजपा में शामिल

**नयी दिल्ली। बिहार के चर्चित यूट्यूबर मनीष कश्यप गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गए। गुरुवार को भाजपा मुख्यालय में राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी, पार्टी सांसद मनोज तिवारी, पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया सह प्रमुख संजय मयूख और अपनी मां की मौजूदगी में कश्यप ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कश्यप ने बिहार में पुल ढहने का यूट्यूब फुटेज बनाया था, जो काफी वायरल हुआ था। उसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कार्रवाई की थी।**

# बदल रही हैं आधुनिक युद्धों की परिभाषा

एजेंसी

- **विघटनकारी व दोहरे उपयोग वाली प्रौद्योगिकियां अभूतपूर्व स्तर पर बढ़ रही : थल सेनाध्यक्ष**
- **रक्षा उद्योग जगत के पेशेवरों ने सैन्य आधुनिकीकरण पर किया मंथन**

**नयी दिल्ली।** थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने कहा है कि नई प्रौद्योगिकियां प्रतिस्पर्धा के नए रणनीतिक क्षेत्र के रूप में उभर कर सामने आई हैं, इसलिए आधुनिक युद्धों की परिभाषा बदल रही है। हाल के संघर्षों का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि विघटनकारी एवं दोहरे उपयोग वाली प्रौद्योगिकियां अभूतपूर्व स्तर पर बढ़ रही हैं। थल सेनाध्यक्ष ने प्रौद्योगिकी सक्षम भविष्य के लिए तैयार सैन्य बल में परिवर्तन की दिशा में अपना प्रयास जारी रखने के उद्देश्य से भारतीय सेना की प्रतिबद्धता को दोहराया। थल सेनाध्यक्ष जनरल पांडे सेंटर फॉर लैंड वारफेयर स्टडीज (सीएलएडब्ल्यूएस) की ओर से मानेकशॉ सेंटर में तकनीकी समावेशन का वर्ष, सैनिकों का सशक्तिकरण विषय पर संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में रक्षा क्षेत्र के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उन्नत हार्डवेयर जैसी आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर विचार-विमर्श करने के उद्देश्य से प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों तथा रक्षा उद्योग जगत के पेशेवरों को एक मंच प्रदान किया गया। इस अवसर पर लगाई गई प्रदर्शनी में भारत के रक्षा क्षेत्र की प्रगति एवं क्षमताओं का प्रदर्शन किया गया।

सेना प्रमुख ने स्वदेशी प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के साथ ही स्वदेशी हथियारों से युद्ध लड़ने की जरूरत को रेखांकित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रौद्योगिकी अब प्रतिस्पर्धा के नए रणनीतिक क्षेत्र के रूप में उभर कर सामने आई है, जो भू-राजनीतिक शक्ति को संचालित करती है। जनरल पांडे ने कहा कि सूचना से लेकर आपूर्ति श्रृंखलाओं तक विभिन्न क्षेत्रों के शस्त्रीकरण के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाया जा रहा है। उन्होंने हाल के संघर्षों का उदाहरण देते हुए कहा कि विघटनकारी एवं दोहरे उपयोग वाली प्रौद्योगिकियां अभूतपूर्व स्तर पर बढ़ रही हैं, जिससे आधुनिक युद्धों की परिभाषा बदल रही है। थल सेनाध्यक्ष ने इस तथ्य का भी उल्लेख किया कि इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर, माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक्स, ड्रोन, प्रिसिजन अटैक सिस्टम, लोइटर म्यूनिशन और स्टार-लिंक टर्मिनलों को शामिल करने वाली डिजिटल प्रौद्योगिकियों को चुनौती दे रहा है। उन्होंने सभी हितधारकों, तीनों सेनाओं, रक्षा उद्योग जगत के भागीदारों, स्टार्ट-अप्स, अनुसंधान एवं विकास संस्थानों, शिक्षाविदों और नीति निर्माताओं से अपने प्रयासों में तालमेल बिठाने तथा एक जीवंत राष्ट्रीय रक्षा इको-सिस्टम विकसित करने का आग्रह किया।



# दूसरे चरण के लिए महासमर आज

## लोकसभा चुनाव : 13 राज्यों की 88 सीटों पर होगा मतदान

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान की तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर मतदान होगा। चुनाव आयोग ने मतदाताओं से मतदान केंद्रों पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने और जिम्मेदारी और गर्व के साथ मतदान करने का आह्वान किया है। बताया गया है कि मौसम सामान्य रहने की संभावना है और मतदाता आराम से अपना वोट डाल सकते हैं। मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी केंद्रों पर सुविधाओं समेत गर्म मौसम की स्थिति से निपटने के लिए चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। दूसरे चरण में 13 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के 88 क्षेत्रों में होगा मतदान। इसमें 6 अनुसूचित जनजाति और 9 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं।

इस चरण में असम की पांच करीमगंज, सिलचर, मंगलदै, नवगोंग और कलियाबोर। बिहार के किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर। जम्मू-कश्मीर की एक जम्मू। कर्नाटक की 14 उडुपी चिकमंगलूर, हसन, दक्षिण कन्नड़, चित्रदुर्ग, तुमकुर, मांड्या, मैसूर, चामराजनगर, बेंगलुरु ग्रामीण, बेंगलुरु उत्तर, बेंगलुरु सेंट्रल, बेंगलुरु दक्षिण, चिकबल्लापुर और कोलार सीट पर मतदान होगा। केरल की 20 कासरगोड, कन्नूर, वटकारा, वायनाड, कोझिकोड, मलप्पुरम, पोन्नानी, पलक्कड़, अलाथुर, त्रिशूर, चलाकुडी, एनार्कुलम, इडुक्की, कोट्टायम, अलाप्पुझा, मावेलिक्कारा, पथानामथिट्टा, कोल्लम, अटिंगल और तिरुवनंतपुरम। मध्य प्रदेश की 7 टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद। महाराष्ट्र की 8 बुलढाणा, अकोला, अमरावती (एससी), वर्धा, यवतमाल-वाशिम, हिंगोली, नांदेड़ और परभणी। राजस्थान की 13 टोंक-सवाई माधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़-बारां सीट पर भी मतदान होगा। त्रिपुरा की एक त्रिपुरा पूर्व । उत्तर प्रदेश की अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, अलीगढ़, मथुरा, बुलन्दशहर।

पश्चिम बंगाल की दार्जिलिंग, रायगंज और बालुरघाट सीट पर भी इसी चरण में मतदान होगा। कुछ सीटों को छोड़कर लगभग सभी जगह मतदान सुबह 7 बजे से शुरू होकर शाम छह बजे तक चलेगा। इस चरण में 15.88 करोड़ से अधिक मतदाताओं के लिए 1.67 लाख मतदान केंद्रों पर 16 लाख से अधिक मतदान अधिकारी तैनात किए गए हैं। मतदाताओं में 8.08 करोड़ पुरुष, 7.8 करोड़ महिला और 5929 तृतीय लिंग मतदाता हैं। 34.8 लाख पहली बार मतदाता वोट डालने के लिए पंजीकृत हैं। इसके अतिरिक्त, 20-29 वर्ष आयु वर्ग के 3.28 करोड़ युवा मतदाता हैं। 85 वर्ष से अधिक आयु के 14.78 लाख से अधिक पंजीकृत मतदाता हैं। 100 वर्ष से अधिक के 42,226 मतदाता हैं और 14.7 लाख दिव्यांग मतदाता हैं।

वायनाड से राहुल गांधी और उनके खिलाफ सीपीआई की एनी राजा मैदान में है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन भी उनके खिलाफ लड़ रहे हैं। केरल में तिरुवनंतपुरम सीट पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर और केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर के बीच मुकाबला है।

इस चरण में मथुरा और मेरठ में भी मतदान होगा, जिसमें फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी और रामायण में राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल भाजपा के उम्मीदवार हैं। छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव सीट से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। केरल की अलपुझा सीट से कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, पश्चिम बंगाल की बालुरघाट सीट से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांता मजूमदार, उदयपुर सीट से ताराचंद मीना (कांग्रेस), भीलवाड़ा से कांग्रेस नेता सीपी जोशी, जालौर से पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे वैभव गहलोत, कोटा से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, जोधपुर राजस्थान से केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, कर्नाटक की तुमकुर से वी सोमन्ना, मांड्या से जेडीएस नेता एचडी कुमार स्वामी, बेंगलुरु दक्षिण से भाजपा के युवा नेता तेजस्वी सूर्या और अमरावती से हाल में भाजपा में शामिल हुई नवनीत राणा चुनाव मैदान में हैं।

**मतदान तैयारियां:** मतदान और सुरक्षा कर्मियों को लाने-ले जाने के लिए 3 हेलीकॉप्टर, 4 विशेष ट्रेनें और लगभग 80 हजार वाहन तैनात किए गए हैं। 50 प्रतिशत से अधिक मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की जाएगी।

### इन राज्यों में पड़ेंगे वोट

- **बिहार में किशनगंज, कटिहार पूर्णिया, भागलपुर और बांका**
- **छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर**

**पूर्णिया में त्रिकोणीय मुकाबला :** बिहार की पूर्णिया सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला नजर आ रहा है। यहां भाजपा और राष्ट्रीय जनता दल के अलावा निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर पप्पू यादव मैदान में हैं।

### छत्तीसगढ़ में राजनांदगांव में पूर्व सीएम बघेल की साख दाव पर




### कोटा : स्पीकर ओम बिरला की किस्मत इवीएम में होगा कैद

जालौर से पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत, कोटा से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, जोधपुर से केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत लड़ रहे चुनाव।

## आयोग ने भाजपा और कांग्रेस को दिया नोटिस 29 तक मांगा जवाब

- **मोदी और राहुल गांधी के खिलाफ आचार संहिता का मामला**

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आचार संहिता उल्लंघन की शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए क्रमशः भाजपा और कांग्रेस को नोटिस जारी किया है। आयोग का कहना है कि स्टार कैंपनर के तौर पर नेताओं की अपनी जिम्मेदारी तो है ही लेकिन पार्टी की भी जिम्मेदारी बनती है। आयोग ने दोनों पार्टियों के अध्यक्ष भाजपा के जेपी नड्डा और कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खड़गे को नोटिस जारी कर 29 अप्रैल तक स्टार कैंपनर के बयानों पर स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही शिकायतों की प्रतिलिपि भी भेजी है। आयोग ने दोनों पार्टियों के अध्यक्षों से स्टार कैंपनेर को आदर्श आचार संहिता संबंधित ध्यान कराने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री ने 21 अप्रैल को बांसवाड़ा में कहा था कि लोगों की कमाई का पैसा घुसपैठियों को दिया जाएगा। राहुल ने केरल के कोट्टायम में कहा था कि भाजपा एक देश, एक भाषा और एक धर्म की बात कर रही है।

# जैसलमेर में मानव रहित विमान हुआ दुर्घटनाग्रस्त

- **वायुसेना ने दिया कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश**

**जैसलमेर।** भारतीय वायुसेना का मानव रहित एक टोही विमान गुरुवार सुबह राजस्थान के जैसलमेर जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वायुसेना ने हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए हैं। सुरक्षा से जुड़े आधिकारिक सूत्रों के अनुसार वायुसेना का यह टोही विमान जैसलमेर के वायु सैनिक हवाई अड्डे से सुबह अपनी नियमित अभ्यास पर उड़ान भरी थी और उड़ान के दौरान करीब 10.20 बजे सम्भवतः विमान में तकनीकी खराबी आ जाने से वह अनियंत्रित होकर जैसलमेर जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर पिथला क्षेत्र में भोजोनियों की ढाणी के पास धमाके के साथ सुनसान स्थान पर गिर गया। इसके बाद विमान में आग लग गयी और वह



जलकर नष्ट हो गया। विमान के टुकड़े क्षेत्र में फैल गए। हादसे की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन एवं वायुसेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड एवं दूसरे चरण में शुक्रवार को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान कराने के लिए क्षेत्र में पहुंचे मतदानकर्मियों ने ग्रामीणों के साथ विमान के मलबे में आग को बुझाने में मदद की।

## हार के भय से भ्रमित कर रहे मोदी : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने गुरुवार को आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण मतदान के रुख को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आम जनता को भ्रमित कर रहे हैं। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लोकसभा के चुनावों में पहले चरण के मतदान के रुख से मोदी डर गये हैं और लोगों का ध्यान मुख्य मुद्दों से हटा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का चुनाव घोषणा पत्र न्याय पत्र हैं और प्रधानमंत्री इसे सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने कि विरासत टैक्स का उल्लेख करते हुए कहा कि श्री मोदी उन मुद्दों को सामने ला रहे हैं जिनका कांग्रेस के घोषणा पत्र में कोई जिक्र नहीं है। उन्होंने कहा कि पहले चरण के चुनाव के रुख से साफ है कि भाजपा की सीटों में भारी गिरावट आने वाली है।

# अब व्हाट्सएप पर मिलेगी सुपीम कोर्ट की वाद-सूची

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध मामलों समेत कई अन्य जरूरी जानकारियां अब व्हाट्सएप पर भी उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को इस बारे घोषणा करते हुए कहा कि इस छोटी सी पहल का बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि 75वें वर्ष में सर्वोच्च न्यायालय ने न्याय तक पहुंच को आसान करने के लिए एक और पहल शुरू की है। इससे देश के दूरदराज के इलाकों के लोग भी नागरिक मुद्दों से जुड़े मामलों की जानकारियां आसान तरीके उपलब्ध हो सकती हैं।उन्होने कहा कि हम अपनी सभी सेवाओं को मेघराज क्लाउड 2.0 में स्थानांतरित कर रहे हैं (यह एनआईसी द्वारा बनाया गया क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर है।) अब सभी अदालतें ऑनलाइन हो सकती हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी जरूरी जानकारियां व्हाट्सएप के जरिए उपलब्ध कराने की शीर्ष अदालत की इस कोशिश को एक और क्रांतिकारी पहल बताया। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने पिछले वर्ष आशाजनक सुधारों की एक सतत धारा देखी है। शीर्ष अदालत की अपनी आईटी सेवाओं के साथ व्हाट्सएप को जोड़ने से संबंधित अधिवक्ताओं को मामले दायर करने, वाद सूची और अन्य जानकारियों के बारे में स्वचालित संदेश प्राप्त हो सकेंगे। इस सेवा के शुरू होने से बार के सभी सदस्यों और रजिस्ट्री अधिकारियों को रजिस्ट्री द्वारा प्रकाशित होने पर वाद-सूची उसी क्षण ले सकेंगे।

### अब सभी अदालतें हो सकती हैं ऑनलाइन : मुख्य न्यायाधीश






# कलवरी क्लास की तीन पनडुब्बियां खरीदेगा भारत

एजेंसी

- **सीडीएस ने पेरिस में नौसेना मुख्यालय का किया दौरा**
- **जनरल चौहान ने फ्रांस के साथ बातचीत को बढ़ाया**

**नयी दिल्ली।** फ्रांस की यात्रा पर गए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने पेरिस में फ्रांसीसी नौसेना समूह मुख्यालय का दौरा किया। शीर्ष अधिकारियों ने उनका स्वागत किया और स्कॉर्पीन मॉडल प्रस्तुत किया। सीडीएस ने अपनी इस यात्रा के दौरान कलवरी क्लास की 3 और पनडुब्बियां लेने के लिए फ्रांस के साथ बातचीत को अगले दौर में बढ़ाया है। फिलहाल प्रोजेक्ट-75 की पांच पनडुब्बियां भारतीय नौसेना की सेवा में हैं और छठी जल्दी ही कमीशन में आ जाएगी। तीन और पनडुब्बियों का सौदा 3-3.5 अरब डॉलर के बीच होने की उम्मीद है। सीडीएस ने सैन्य उपकरणों और उच्च प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में रक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए फ्रांस के आयुध महानिदेशालय के जनरल प्रतिनिधि इमैनुएल चिवा से मुलाकात की। उन्होंने फ्रांसीसी रक्षा उद्योग के शीर्ष नेतृत्व के साथ भी बातचीत की। उन्होंने सफ्रान समूह मुख्यालय, डसॉल्ट एविएशन और नौसेना समूह मुख्यालय सहित कुछ अन्य प्रतिष्ठित रक्षा उद्योग इकाइयों का दौरा किया। सीडीएस जनरल चौहान ने अपने फ्रांसीसी समकक्ष जनरल थिएरी बर्कहार्ट के साथ बातचीत की। दोनों ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग, आपसी सुरक्षा चिंताओं और दोनों देशों के बीच सैन्य आदान-प्रदान बढ़ाने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। सीडीएस को फ्रेंच रिपब्लिकन गार्ड ने गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया। जनरल चौहान ने नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर हायर डिफेंस स्टडीज के निदेशक और आयुध महानिदेशक से मुलाकात की। उन्होंने फ्रांस के वरिष्ठ सैन्य एवं नागरिक नेतृत्व के साथ विचार-विमर्श किया। सीडीएस की यह यात्रा दोनों देशों के बीच मजबूत रक्षा संबंधों को और गहरा करने के लिए महत्वपूर्ण है, जिसमें पिछले कुछ वर्षों में काफी तेजी आई है। जनरल चौहान ने फ्रांसीसी अंतरिक्ष कमान तथा लैंड फोर्सज कमांड का दौरा किया। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ ने प्रथम विश्व युद्ध में सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुर भारतीय सैनिकों के सम्मान में पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए न्यू वे-चैपल मेमोरियल और विलर्स-गुइसेलेन में भारतीय स्मारक का दौरा किया।

## फ्रांस ने दिया स्कॉर्पीन का मॉडल



## अपूर्वा बिट के गाना मैनू छड़के का ऑडियो रिलीज



**मुंबई।** मॉडल-अभिनेत्री अपूर्वा बिट और गायक यश वडाली का ऑडियो मैनू छड़के रिलीज हो गया है। मैनू छड़के बेहद रोमांटिक लव इमोशनल गाना है जिसे पंजाबी फोक स्टाइल में वडाली ब्रदर्स के घराने के मशहूर गायक यश वडाली ने गाया है। बिट ने बताया कि उन्होंने इस गाने पर अपना परफॉर्मेंस दिया है जिसे की इसमें वीडियो फॉर्मेट में जल्द ही देखने को मिलेगा । मैनू छड़के के बोल अविनाश सिंह चिब और अक्षय पुनसे ने लिखे है,जिसे संगीत से अक्षय पुनसे और सौरव चटर्जी ने सजाया है। इस गाने के वीडियो फीट में अपूर्वा बिट और हितेन शर्मा नजर आने वाले हैं। इस म्यूजिक वीडियो का निर्देशन अविनाश सिंह चिब ने किया है।


VERMA PRESS वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !